

01:05:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 118 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, शुक्लपक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

पुनर्वित्तं पुनर्मित्रं पुनर्भार्यां पुनर्मही।

एतत्सर्वं पुनर्लभ्यं न शरीरं पुनः पुनः॥

भावार्थ : धन भी पुनः प्राप्त हो सकता है, मित्र भी मिल सकते हैं, पत्नी भी फिर से मिल सकती है। ये सब वस्तुएं मनुष्य को बार-बार प्राप्त हो सकती है, परंतु यह शरीर बार-बार प्राप्त नहीं हो सकता।

### छुट्टी की सूचना

मजदूर दिवस की पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं। मजदूर दिवस के अवसर पर 1 मई को राष्ट्रीय खबर हमारी नजर कार्यालय बंद रहेगा। अतः आपको अगला अंक 03 मई को प्राप्त होगा। - **संपादक**

### रांची पारा अपडेट



| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 21.00 °c |

**सूर्यास्त (आज)** ›› 18 .16 बजे

**सूर्योदय (कल)** ›› 05 .15 बजे

## प्रियंका की मोदी को गालियां न देने की नसीहत

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गालियां न देने की नसीहत देते हुए कहा है कि सार्वजनिक जीवन में सबकी सुनते हुए आगे बढ़ना पड़ता है इसलिए श्री मोदी को किसी के लिए गाली–गलोच और अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि श्री मोदी को गाली देने की बजाय कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सीख लेनी चाहिए जो कहते हैं कि वह देश के लिए गाली खाने को ही नहीं बल्कि गोली खाने को भी तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैंने पहला ऐसा प्रधानमंत्री देखा है जिनको आपके दुख से कोई मतलब नहीं है, आपके सामने आकर अपना रोना रोते हैं। उनके दफ़्तर ने एक लिस्ट बनायी है। नहीं, आपकी समस्याओं की नहीं बल्कि तथाकथित गालियों की एक लिस्ट बनायी है।

## बदमाशों से मुठभेड़ कर चार अपहृत छुड़वाये

**जींद :** हरियाणा में जींद पुलिस ने रविवार को राजस्थान की सीमा पर रेवाड़ी में बदमाशों के साथ मुठभेड़ के बाद चार अपहृत लोगों को छुड़वाया। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि अपहृत लोगों के परिजनों से फिरौती मांगी गई थी। जयसिंहपुर बैरियर पर मुठभेड़ में दोनों तरफ से गोलीबारी के दौरान एक पेट्रोल पंप का कैशियर गोली लगने से घायल हो गया है। मुठभेड़ के बाद बदमाश कार छोड़कर राजस्थान की तरफ भागने में कामयाब हो गये। अपहृत लोगों मे दो जींद के तो दो रतिया के रहने वाले हैं। छुड़ाये गए लोगों में जींद निवासी सतीश शामिल है, जिस पर पर छह–सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि सतीश की पत्नी ज्योति ने पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि उसका पति 26 अप्रैल से गायब है और कल उसके फोन पर एक कॉल आई थी जिसमें पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी।

## सैन्य अभियान में सात विद्रोही मारे गए

**मनीला :** फिलीपींस की सेना मध्य फिलीपींस में रविवार को छापेमारी के दौरान सात संदिग्ध वामपंथी विद्रोहियों को मार गिराया। सेना के कप्तान जेफरसन मारियानो ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा वहां विद्रोहियों की मौजूदगी की सूचना देने पर सैनिकों ने उत्तरी समर प्रांत में न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के ठिकाने पर हमला किया। सेना ने हमले में तोपखाने का इस्तेमाल किया। दोनों के बीच 30 मिनट लड़ाई हुई। श्री मारियानो ने कहा कि संघर्ष के बाद सैनिकों ने सात शव और कई बंदूकें और गोला–बारूद बरामद किया। एनपीए विद्रोही 1969 से सरकार से लड़ रहे हैं। सैन्य आंकड़ों से पता चला है कि एनपीए में 2,000 सदस्य होने का अनुमान है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** › कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर पीएम ने किया पलटवार

# सांप तो भगवान शिव का श्रृंगार है : मोदी

- कांग्रेस कमिशन खाने वाली पार्टी है
- कर्नाटक का विकास भाजपा ही करेगी
- अभी सिर्फ झूठे वादें कर रही कांग्रेसी



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलार:** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सांप वाली टिपण्णी पर जवाब देते हुए रविवार को कोलार में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह सांप कहलाना स्वीकार करते हैं क्योंकि यह भगवान शिव का शृंगार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब कर्नाटक चुनाव में उनका सबसे बड़ा मुद्दा क्या है? चुनाव में सांप अब कांग्रेस के लिए लिए सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है। ये लोग मेरी तुलना सांप से कर रहे हैं और जनता से वोट मांग रहे हैं। श्री मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए जमकर साधा निशाना। उन्होंने कहा, भगवान शंकर के गले का शृंगार नाग है और मेरे लिए देश की जनता भगवान का रूप है। इसलिए, मैं सांप बनना स्वीकार करता हूं जो कि एक श्रृंगार है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। उन्होंने यहाँ जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा, लेकिन मैं जानता हूं कि संतों और कर्मकांडों की भूमि कर्नाटक की जनता कांग्रेस के इस अपमान का अपने मतों से मुंहतोड़ जवाब देगी और उसके सारे मंसूबों को धराशायी कर देगी। श्री मोदी ने कहा, कांग्रेस के खिलाफ भगवान तुल्य जनता की यह नाराजगी और गुस्सा 10 मई को पोलिंग बूथ पर जोरों से निकलने वाला है। श्री मोदी ने 40 प्रतिशत कमीशन कर्नाटक सरकार वाले कांग्रेस के बयान के खिलाफ पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस 85 प्रतिशत कमीशन वाली पार्टी है, इस तथ्य को उसके वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वीकार किया था। कांग्रेस को हमेशा 85 प्रतिशत कमीशन की पार्टी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस हमेशा से 85 फीसदी कमीशन की पार्टी के रूप में जानी जाती रही है। कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री (राजीव गांधी) ने कहा था कि एक रुपये में से 15 पैसे ही लाभार्थी के पास पहुंचते हैं। यह उनके पीएम की स्वीकृति है और इसलिए कांग्रेस सरकार कभी भी कर्नाटक का विकास नहीं कर सकती है। गौरतलब है कि कर्नाटक कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया था। लेकिन, सत्ता पक्ष यह कहकर इसे खारिज करता रहा है कि विपक्षी दल ने भ्रष्टाचार के आरोपों को साबित करने के लिए एक भी कानूनी कदम नहीं उठाया है। श्री मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जमानत पर बाहर है तो लोग भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, आज भी, शाही परिवार और उनके करीबी सहयोगी करोड़ों रुपये के विभिन्न घोटालों में जमानत पर बाहर हैं। यदि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जमानत पर है तो आप भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद नहीं कर सकते। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए श्री मोदी ने कहा ›› पेज 2 भी देखें

मां की शिकायत पर अदालत ने पुत्र पर पाबांदी लगायी

# पांच सौ बच्चों के पिता को कहा अब बस करो



**राष्ट्रीय खबर**

**एम्सटरडमः** नीदरलैंड की एक अदालत ने नीदरलैंड के एक व्यक्ति को दुनिया भर में 500 से अधिक बच्चों के पिता बनने से रोकने का आदेश दिया है। हाल ही में, एक व्यक्ति के बच्चों में से एक की माँ ने उसके स्पर्म डोनेशन को रोकने की पहल की। महिला ने देश की एक अदालत से अनुरोध किया कि पुरुष को शुक्राणु दान करने की अनुमति नहीं दी जाए। शुक्रवार को कोर्ट ने यौन शोषण को रोकने के लिए उनके स्पर्म डोनेशन पर रोक लगा दी। कोर्ट के फैसले के मुताबिक 41 साल का जोनाथन नाम का शख्स अब किसी भी अस्पताल में स्पर्म डोनेट नहीं कर सकता है। हर बार जब वह इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसे 100,000 डॉलर का जुमार्ना देना होगा। कोर्ट ने जोनाथन को दुनिया भर के अस्पतालों में शुक्राणुओं को नष्ट करने के लिए उन अस्पतालों को पत्र लिखने का भी आदेश दिया, जहां शुक्राणुओं को संग्रहित किया जाता है। हालांकि, जो लोग पहले से ही उसके स्पर्म से माता-पिता बन चुके हैं, वे ही चाहें तो बचाए गए स्पर्म को ले सकते हैं। इससे पहले, खबर आयी थी कि 41 वर्षीय जोनाथन ने पांच सौ से अधिक बच्चों को जन्म दिया है। देश में डोनोकिंड फाउंडेशन नामक एक संगठन है। यह संगठन मुख्य रूप से स्पर्म डोनेशन से पैदा हुए बच्चों के स्रोत का पता लगाने में मदद करता है। डेन हैग में नीदरलैंड स्थित एक संगठन डोनरकाइंड ने एक बयान में कहा, वह एक क्रमिक स्पर्म डोनर था, जो देश और विदेश में शुक्राणु दान करता था। नीदरलैंड्स के हेल्थ गाइडलाइंस के मुताबिक एक स्पर्म डोनर अधिकतम 25 बच्चों का पिता बन सकता है। यह संख्या बच्चे के संभावित दुर्व्यवहार और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से बचने के लिए निर्धारित की जाती है। हालांकि, अगर स्पर्म डोनेशन से इससे ज्यादा बच्चे पैदा होते हैं तो उस व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है। ›› पेज 2 भी देखें

कोटक महिंद्रा बैंक के प्रमुख ने कही बड़ी बात

# अमेरिकी डॉलर दुनिया का वित्तीय आतंकवादी

**राष्ट्रीय खबर**



**मुंबईः** कोटक महिंद्रा बैंक के एमडी और सीईओ उदय कोटक के बयान से पूरी दुनिया में सनसनी फैल गयी है। उन्होंने खचाखच भरे सभागार में मंच से कहा कि अमेरिकी डॉलर दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय आतंकवादी है। उनकी इस कड़ी टिप्पणी तुरंत ही अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जगत में चर्चा का विषय बन गयी है। ईटी अवॉर्ड्स में एक पैनल चर्चा के दौरान सीधे तौर पर अमेरिकी डॉलर पर हमला बोला। उन्होंने अमेरिकी डॉलर को दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय आतंकवादी कहा। उनके इस बात से आर्थिक हलकों में तूफान सा मच गया है। उन्होंने अपनी टिप्पणियों के पीछे कारण भी बताए। उन्होंने कहा,हमारा सारा पैसा नोस्ट्रो अकाउंट में है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कोई कह सकता है कि कल सुबह से आप यह पैसा नहीं निकाल पाएंगे। आपको ब्लॉक कर दिया जाएगा। यही रिजर्व करेंसी की ताकत है। वर्तमान संदर्भ में, दुनिया एक वैकल्पिक आरक्षित मुद्रा की सख्त तलाश कर रही है। और उदय कोटक ऐसी स्थिति को एक अवसर के रूप में देखना चाहते हैं। उनके अनुसार, यह वह समय है जब भारत के पास रुपये को एक अंतरराष्ट्रीय आरक्षित मुद्रा बनाने का अवसर है। इसे अगले 100 वर्षों में साकार किया जा सकता है।

उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि यूरोप अपनी मुद्रा आरक्षित कर सकता है, क्योंकि उनके पास बहुत से अलग-थलग देश हैं। ›› पेज 2 भी देखें

कारखाना में रहस्यमय तरीके का गैस रिसाव

# एक ही परिवार के पांच सहित 11 मरे



**लुधियाना :** पंजाब में लुधियाना के गियासपुरा इलाके में रविवार को एक फैक्ट्री में गैस रिसाव की घटना के कारण 11 लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर अवस्था में उपचाराधीन है। मरने वालों में एक ही परिवार के पांच सदस्य, दो बच्चे और छह महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में से छह लोगों की पहचान सौरव (35), वर्षा (महिला 35), आर्यन (10), अभय (13), कपलेश (40) और चुलु ( 16 महिला) के तौर पर हुई है जबकि घायलों की पहचान नितिन (40) और गौरव (50 ) के तौर पर हुई है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। गैस लीक होने की वजह का पता नहीं चला है। बचाव अभियान के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम मौके पर पहुंच गयी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना का पता सुबह लगभग पौने आठ बजे तब लगा जब इलाके में गश्त कर रही पीसीआर टीम को कुछ लोग सड़क पर बेहोश पड़े मिले। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लोगों का बचाव करते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाना शुरू किया। गैस की गंध इतनी तीखी है कि वहां खड़ा हो पाना मुश्किल है। इस दौरान एक पुलिस कर्मचारी भी गैस के प्रभाव से बेसुध हो गया था, जिसका इलाज चल रहा है।

हरियाणा में जामताड़ा स्कैम का नया घोटाला पकड़ाया

# एक सौ लोग गिरफ्तार दो लाख मोबाइल ब्लॉक

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्लीः** झारखंड का जामताड़ा पूरे देश में मोबाइल स्कैम के लिए अलग पहचान बना चुका है। इसी तर्ज पर अब हरियाणा पुलिस ने भी जामताड़ा मॉडल से धोखाधड़ी का पता लगाया है। यह सारे ठग ग्राहकों को बैंकर होने का नाटक करके या लोकप्रिय एप्स के लिए कस्टमर केयर सपोर्ट सर्विसेज की पेशकश करके केवाईसी अपडेट के बारे में बात करके ऑपरेशन चलाते थे। साइबर अपराधों के लिए कुख्यात जामताड़ा गैंग के खिलाफ हरियाणा पुलिस ने कड़ा अभियान शुरू किया है। ठगी में इस्तेमाल अपराधी गिरोह के 2 लाख मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिए गए हैं. सैकड़ों संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

हरियाणा पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, ठगी का यह गिरोह झारखंड के जामताड़ा में नहीं, बल्कि हरियाणा के मेवोत इलाके में मिला है। यह बताया गया है कि ये साइबर अपराधी लोकप्रिय ऐप के लिए कस्टमर केयर सपोर्ट सर्विस नहीं देने या ग्राहक को बैंक कर्मचारी के रूप में अपनी पहचान बताने के लिए खातों में लेनदेन रोकने की धमकी देकर ठगी का यह धंधा चलाते थे। संयोग की बात यह है कि पिछले कुछ महीनों से दिल्ली पुलिस भी जामताड़ा गैंग के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है. साइबर धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए कई संदिग्धों को दिल्ली और झारखंड से गिरफ्तार किया गया था। उसी के आधार पर हरियाणा पुलिस ने एक नया ›› पेज 2 भी देखें

**अंतरिक्ष** › पिछले पैंतालिस वर्षों से निरंतर अंतरिक्ष की यात्रा कर रहा वॉयजर

# अब तो हमारे सौर जगत से आगे निकल चुका

- इस सौर जगत की काफी जानकारी दी
- ऊर्जा बचाने के तौर पर आगे बढ़ रहा है
- बाहरी दुनिया में जीवन की खोज में लगा है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** वॉयजर यान 45 वर्षों से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहा है। इस यात्रा की बदौलत इन यानों ने खगोल वैज्ञानिकों को इस सौर जगत के कई ग्रहों के बारे में अच्छी तस्वीरें भेजी हैं। यान से मिले आंकड़ों की बदौलत बाद के अंतरिक्ष अभियानों को भी बेहतर बनाने में मदद मिली है। वैसे अब यह यान सूर्य के ईर्दगिर्द चक्कर लगा रहे हमारे सौर जगत की सीमा से भी बाहर निकल चुका है। इस अभियान का फायदा वर्ष 2030 तक उठाने के मकसद से नासा इसके कई उपकरणों को समय समय पर बंद करने की योजना पर काम कर रहा है। इससे ऊर्जा की बचत होगी। सभी ऐसे उपकरणों के बंद हो जाने से यह अभियान हमारे सौर जगत से बाहर और दूर तक का सफर तय करेगा। अगर इस सौर जगत के बाहर भी कोई बुद्धिमान अथवा दूसरा जीवन मौजूद है, तो उसके बारे में भी जानकारी मिलने की उम्मीद से इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। वैसे मजेदार बात यह है कि इस मिशन को इतने लंबे समय तक जारी रखने के लिए तैयार नहीं किया था। लेकिन अपने लॉन्च के 45 साल बाद, वॉयजर 1 और 2 के जल्द ही अपने वैज्ञानिक मिशन के अंत तक पहुंचने की संभावना है। नासा ने हाल ही में वॉयजर 2 की उम्र तीन साल बढ़ा दी है और वॉयजर 1 के साथ भी ऐसा ही करने की योजना है। वॉयजर प्रोब खगोल विज्ञान के अग्रणी हैं, जो इसे किसी भी अन्य मानव निर्मित वस्तु की तुलना में अंतरिक्ष में सबसे आगे जा चुका है। नासा ने मूल रूप से 1977 में बृहस्पति और शनि को चार साल के मिशन पर जुड़वां जांच भेजी थी। वे सभी अपेक्षाओं को पार कर गए और अभी भी 45 साल बाद भी आगे ही बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए यह नासा का सबसे लंबे समय तक चलने वाला मिशन है। लेकिन अब, उन्हें एक टर्मिनल समस्या का सामना करना पड़ रहा हैः उनकी शक्ति ›› पेज 2 भी देखें

तीन महीने में सात लोगों को मार चुका था यह जंगली हाथी

# अरिकोंबन को पकड़कर पेरियार जंगल में छोड़ा गया

- चावल(अरी) से ही नाम पड़ा था उसका
- वहां की 31 इमारतों को तोड़ दिया था
- पांच डार्ट लगने के बाद भी उग्र था

**राष्ट्रीय खबर**



**तिरुअनंतपुरमः** इडुक्की के इलाके में पिछले एक दशक से अधिक समय से लोगों को आतंकित करने वाले हाथी अरिकोंबन को अंततः पकड़ लिया गया। पकड़ लेने के बाद विशेषज्ञों की देखरेख में उसे पेरियार अभयारण्य में ले जाकर छोड़ दिया गया है। उसे चिन्नकनाल के इलाके से पकड़ा गया था। बाद में वहां से करीब 100 किलोमीटर दूर पेरियार वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ा गया। इडुक्की के चिन्नकनाल और शांतनपारा ›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## विश्व ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष केसी पांडेय रांची पहुंचे

रांची: विश्व ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के सी पांडे जी का आगमन हुआ। रांची एयरपोर्ट पर स्वागत भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने किया। अंग वस्त्र और पुष्प गुछ देकर स्वागत करने वालों में श्री प्रेम जीवाल, अरविंद पाठक रहे। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा हम सबों के लिए आज सीखने का दिन है के सी पांडे अपने प्रदेश उत्तराखंड के लिए बहुत कुछ इन्होंने किया है विश्व ब्राह्मण संघ को देश ही नहीं विदेशों में भी स्थापित किया है। समाज को एकता के सूत्र में बांधने वाले श्री पांडे के साथ धर्मेंद्र तिवारी भी विश्व ब्राह्मण संघ के भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष में रामगढ़ गुरुनानक स्कूल के हाल में पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर, श्रद्धा सुमन अर्पित कर मंचासीन हो लोगों का प्यार दुलार पाया। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष का स्वागत करने वालों में प्रदीप शर्मा, राजीव पांडे इस अवसर पर श्री तिवारी ने अपने संबोधन में कहा प्रेम समरसता, त्याग से सेवा होती है और समाज का विकास होता है जब तक समाज का विकास नहीं होगा। तब तक प्रदेश का देश का विकास नहीं होगा। ब्राह्मण हमेशा से अग्रणी रहा है।

राज-काज

### राजस्व घाटे के बाद उत्पाद नीति बदलने में जुटी झारखंड सरकार

# एक मई से नियमों में हो सकता है बदलाव

▶▶ उत्पाद भवन में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इसके संकेत दिए गए हैं

▶▶ झा. रा. बिवरेज कॉपोरेशन लिमिटेड के जिम्मे शराब का स्टॉक रहेगा

राष्ट्रीय खबर



रांची: झारखंड में नई उत्पाद नीति राज्य सरकार के लिए गले की हड्डी बन गई है। उम्मीद के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष में उचित राजस्व नहीं मिलने के बाद अब नए सिरे से नई उत्पाद नीति की समीक्षा की जा रही है और इसमें बदलाव के संकेत दिए गए हैं। यदि ऐसा हुआ तो 1 मई से राज्य में शराब बिक्री के तौर तरीके में कुछ आंशिक बदलाव देखने को मिलने लगेंगे। शनिवार को उत्पाद भवन में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इसके संकेत दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, शराब बिक्री का जिम्मा जिला के सुपरिटेंडेंट या सहायक आयुक्त पर रहेगा और लाइसेंसी जेएसबीसीएल होंगे।

झारखंड राज्य बिवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जिम्मे शराब का स्टॉक रहेगा।

उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर और दारोगा की देखरेख में शराब की निगरानी और बिक्री होगी।कई मुद्दों पर जताई गई चिंताः उत्पाद आयुक्त करण सत्यार्थी के नेतृत्व में दिन भर चली इस बैठक में राज्य के सभी 24 जिलों के सुपरिटेंडेंट, असिस्टेंट कमिश्नर, इंस्पेक्टर, एक्साइज के दारोगा मौजूद थे। बैठक में प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा किए गए टेंडर का पैसा जमा नहीं होने पर चिंता जताई गई। इसके अलावा गिरिडीह में पानी मिला हुआ शराब स्टॉक में पाये जाने पर आवश्यक निर्देश दिए गए। पानी मिला शराब मिलने से स्टॉक में गड़बड़ी के संकेत मिले हैं, जिस पर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। प्लेसमेंट एजेंसी से हैंड ओवर टेक ओवर जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावे दुकानों पर शराब बिक्री में लगे स्टाफ का पेमेंट जेएसबीसीएल के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया है। पहले प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से पेमेंट होता था, जिसमें कई तरह की शिकायतें आती थी।

विभाग ने ओवर रेटिंग करने वाले स्टाफ पर कानूनी कार्रवाई करने की भी बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जिसके तहत आईपीसी धारा के तहत पुलिस केस करने को कहा गया है।छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जिम्मे थी शराब बिक्रीः राज्य में नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद शराब बिक्री का जिम्मा बतौर कंसलटेंट काम कर रही छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड को दिया गया था। मगर 2022-23 में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह करने में फेल होने के बाद और कई तरह की शिकायतें मिलने के बाद छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सरकार ने हटाने का निर्णय लेते हुए एक्साइज पॉलिसी के रिव्यू का निर्णय लिया है, जिसके तहत कवायद शुरू कर दी गई है।

## रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन




रांची: रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। संवाददाता सम्मेलन को रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने संबोधित किया। इस अवसर पर महानगर मीडिया प्रभारी राज रूद्रा, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, राज कुमार नागवंशी, डॉ साजदा खातून, नंद किशोर प्रसाद उर्फ नंदू साहू, तारिक मुजुबी एवं प्रवक्ता विकास कुमार यादव उपस्थित थे।रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी द्वारा अनुमोदित के उपरांत आज आप लोगों के समक्ष महानगर कांग्रेस की नई कमिटी की घोषणा कर रहा हूं, जिसमें उपाध्यक्ष-14, कोषाध्यक्ष-1, महासचिव-46 सचिव-71, मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता-2, कार्यकारिणी सदस्य-41 एवं विशेष आमंत्रित सदस्य-42 तथा जिला के सभी अग्रणी संगठन के चेयरमैन को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल है। मीडिया प्रभारी राज कुमार सिंह रूद्रा ने कहा कि पारसनाथ में हुए राज्य स्तरीय चिंतन शिविर से लेकर झारखंड के हर जिला, हर प्रखंड में संवाद कार्यक्रम, केन्द्र सरकार के खिलाफ संघर्ष कार्यक्रम में पार्टी के नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे , अपनी भागीदारी सुनिश्चित किये , पार्टी का संदेश लगातार उठाते रहे वैसे लोगों को कमिटी में जगह दी गई। इसके अलावा धार्मिक, सामाजिक और एनजीओ के माध्यम से सेवा करते आयें हैं और जिन्होंने खुद चलकर कांग्रेस विचार-धारा में अपनी आस्था और विश्वास को जताया वैसे लोगों को पार्टी महानगर में स्थान दिया गया।

## मन की बात सिर्फ भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक और उनके कार्यकताओं के लिए, जनता ने नकार दिया है: कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर




रांची: प्रधानमंत्री के मन की बात का 100 एपिसोड पर प्रतिक्रिया देते प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात सिर्फ भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक और उनके कार्यकर्ता ही सुनते हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री के मन की बात को नकार दिया है।उन्होंने कहा कि मन की बात का बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है लेकिन चीन ,अडानी ,बढ़ती आर्थिक असमानता , आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमत ,जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले ,महिला पहलवानों का अपमान ,किसान संगठनों से किए गए वादों को पूरा ना करना, भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर यह मौन की बात है।

उन्होंने कहा कि करोड़ों बेरोजगार युवाओं देश के किसानों जवानों ,और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की मन की बात प्रधानमंत्री कब सुनेंगे उन्होंने कहा कि देश की बेटियां जब विदेशों में देश का मान रखकर देश आती है तो पूरा देश स्वागत करता है लेकिन आज कई दिनों से देश की मान बढ़ाने वाले खिलाड़ी धरने पर बैठे हैं इनके सांसद के खिलाफ लेकिन प्रधानमंत्री मौन क्यों है क्या यह नहीं दशार्ता कि प्रधानमंत्री मन की बात सिर्फ ढकोसला है प्रधानमंत्री कभी जन की बात भी कर ले क्योंकि देश की जनता ने ही उन्हें प्रधानमंत्री चुना है।

### रांची विधानसभा के क्षेत्र में मन की बात सुनी कार्यकताओं ने

रांची: रांची विधानसभा के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के एक सौ वें संस्करण में भाग लिया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम वर्मा और मुकेश मुक्ता के संयुक्त नेतृत्व में इन कार्यकर्ताओं ने बूथ संख्या 126 और 127 में इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में इलाके के अन्य सम्मानित नागरिक भी शामिल हुए। सभी ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उल्लेखित विषयों पर पूरा ध्यान दिया। बता दें कि श्री मोदी के मन की बात को अब वैश्विक लोकप्रियता हासिल हुई है और इसके नियमित तौर पर करोड़ों श्रोता हो चुके हैं। आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सत्येंद्र वर्मा, रवि प्रकाश, सच्चितानंद सोनी, संतोष चौरसिया, पप्पू वर्मा, पंकज पांडे, सौरभ वर्मा, विजय महतो, रामू सोनी, कौशल शर्मा, आशीष माथुर, अनिल माथुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस महानगर की नयी कमेटी की घोषणा

## 14 उपाध्यक्ष, 46 महासचिव व 71 सचिव बनाये गये

राष्ट्रीय खबर

रांची: रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने महानगर कांग्रेस की नई कमिटी की घोषणा कर दी है। जिसमें उपाध्यक्ष-14, कोषाध्यक्ष-1, महासचिव-46 सचिव-71, मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता-2, कार्यकारिणी सदस्य-41 एवं विशेष आमंत्रित सदस्य-42 तथा जिला के सभी अग्रणी संगठन के चेयरमैन को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल है। इस अवसर पर महानगर मीडिया प्रभारी राज रूद्रा, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, राज कुमार नागवंशी, डॉ साजदा खातून, नंद किशोर प्रसाद उर्फ नंदू साहू, तारिक मुजुबी एवं प्रवक्ता विकास कुमार यादव उपस्थित थे। मौके पर मीडिया प्रभारी राज कुमार सिंह रूद्रा ने कहा कि पारसनाथ में हुए राज्य स्तरीय चिंतन शिविर से लेकर झारखंड के हर जिला, हर प्रखंड में संवाद कार्यक्रम, केन्द्र सरकार के खिलाफ संघर्ष कार्यक्रम में पार्टी के नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### सांप तो भगवान शिव .. .. ..

कि सबसे पुरानी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड अपनी गारंटियों को पूरा नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा,आजकल कांग्रेस ने फिर झूठे गारंटियों की गठरी खोल ली है। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड यह है कि वह अपनी गारंटियों को कभी पूरा नहीं करती है। श्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक को कांग्रेस और जनता दल (एस) के 'भ्रष्ट शिकंजे' से बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा,आपने इसका परिणाम देखा है जब केंद्र में स्थिर सरकार बनी।आज भारत का सम्मान ऊंचा है, अर्थव्यवस्था की गति तेज है और दुनिया भारत को एक उज्ज्वल स्थान दे रही है। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प कर्नाटक को भारत का नंबर एक राज्य बनाना है और इसलिए राज्य में डबल इंजन की सरकार जरूरी है। इसलिए लोग भाजपा को स्पष्ट बहुमत से ही चुनें क्योकि राज्य का विकास'डबल इंजन सरकार' से ही संभव हो पाएगा।

### पांच सौ बच्चों के पिता .. .. ..

अधिकारियों का कहना है कि जोनाथन को डच सोसाइटी ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी (एनवीओजी) ने 2017 में शुक्राणु दान नहीं करने की चेतावनी दी थी। उस समय तक उन्होंने 11 अस्पतालों में कुल 102 बच्चों को जन्म दिया। जोनाथन का दावा है कि एक संगीतकार के तौर पर वह अपने जेनेटिक योगदान को जिंदा रखने के लिए देश-विदेश में स्पर्म डोनेट करते हैं। जोनाथन ने अपने बच्चों की सही संख्या का उल्लेख नहीं किया। वह स्वयं जोनाथन के 500 बच्चों की कुछ माताओं के नियमित संपर्क में है।

### अमेरिकी डॉलर दुनिया .. ..

ब्रिटिश पाउंड और जापानी येन दोनों में डॉलर को बदलने की क्षमता है। हालांकि ये फ्री कॉइन हैं। अलग-अलग देश चीन पर इस तरह भरोसा नहीं करते हैं। वर्तमान में, दुनिया में सबसे आम मुद्रा अमेरिकी डॉलर है। वर्तमान में, अमेरिकी डॉलर का उपयोग अंतर्राष्ट्रीय निपटान मुद्रा के रूप में किया जाता है। आरक्षित मुद्रा के रूप में इसकी स्वीकृति निर्विवाद है। अधिकांश देशों के पास विदेशी मुद्रा का भंडार है। इस मुद्रा का उपयोग आयात मूल्य और विदेशी ऋण और ऋण आदि पर ब्याज का भुगतान करने के लिए किया जाता है। विदेशी मुद्रा एक देश में माल और सेवाओं के निर्यात और एक देश के श्रमिकों के विदेश में आने के माध्यम से आती है। आरक्षित मुद्रा का सबसे बड़ा पहलू यह है कि यह देशों के बीच विनिमेय है। और अमेरिकी डॉलर की मांग है। उदाहरण के लिए, यदि भारत मध्य पूर्व से तेल खरीदता है, तो वह अमेरिकी डॉलर से भुगतान कर सकता है। यही अमेरिकी डॉलर की सबसे बड़ी ताकत है। यही कारण है कि विशेषज्ञों ने डॉलर की एकाधिकार शक्ति पर पुनर्विचार करना शुरू कर दिया है। इस लिहाज से उदय कोटक की टिप्पणी काफी महत्वपूर्ण है।

### एक सौ लोग गिरफ्तार.. .. ..

अभियान शुरू किया है। बताया गया है कि नया जमातरा गिरोह के खिलाफ 6 पुलिस अधीक्षकों, 14 डीएसपी के नेतृत्व में कुल 102 टीमें जांच कर रही हैं। दोनों ही स्थानों पर जांच जारी होने की वजह से पुलिस ने इन अभियुक्तों की पहचान का खुलासा नहीं किया है। समझा जाता है कि शायद पुलिस इसी गिरोह के दूसरे सदस्यों की तलाश में जुटी है। दूसरी तरफ यह आकलन भी किया जा रहा है कि इस ठगी के धंधे से गिरोह ने अब तक कितने लोगों से और कितने रुपये की ठगी की है।

### अब तो हमारे सौर .. ..

समाप्त हो रही है। नासा के वैज्ञानिक बोर्ड पर चल रहे अंतिम वैज्ञानिक उपकरणों के लिए शक्ति खोजने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। नासा ने हाल ही में वॉयजर 2 के जीवन को तीन साल के लिए बढ़ाने के लिए एक तरीका आजमाया है। नासा के वैज्ञानिक वॉयजर 1 के साथ भी ऐसा ही करने की योजना बना रहा है ताकि दोनों जांच यथासंभव लंबे समय तक इंटरस्टेलर ( हमारे सौर जगत के बाहर) अंतरिक्ष से महत्वपूर्ण जानकारी वापस भेज सकें। वॉयजर की 18 तस्वीरों ने खगोल विज्ञान की सोच को ही बदल दिया है। ऐसा तब हुआ जबकि वॉयजर को बृहस्पति और शनि पर जाने के लिए डिजाइन किया गया था। वॉयजर मिशन में दो प्रोब शामिल थे - वॉयजर 1 और वॉयजर 2 - जिसे नासा ने 1977 में एक दूसरे के कुछ महीनों के भीतर लॉन्च किया था। नासा ने मूल रूप से पिछले पांच वर्षों के लिए जांच का निर्माण किया था, लेकिन उस जीवनकाल को कई बार पार कर लिया है। नासा के अनुसार, उन्होंने कुल मिलाकर ग्रह की लगभग 50,000 तस्वीरें लीं, जो वैज्ञानिकों द्वारा पृथ्वी से ली गई तस्वीरों की गुणवत्ता से बहुत अधिक थीं। 2012 में, वॉयजर 1 हमारे सौर मंडल और शेष ब्रह्मांड के बीच की सीमा, हेलिओपॉज को पार करके इंटरस्टेलर अंतरिक्ष में जाने वाला पहला मानव निर्मित उपकरण बन गया।

### अरिकोंबन को पकड़कर .. ..

क्षेत्रों को आतंकित करने वाले जंगली हाथी अरीकोम्बन के पास अब एक नया घर है। यहां के चिन्नकनाल क्षेत्र से पकड़े गए शातिर हाथी अरीकोम्बन को पेरियार जंगल में छोड़ा गया। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इडुक्की में पेरियार टाइगर रिजर्व में मेथाकानम को इसे छोड़ने के लिए चुना गया था। मेथकानम थेक्कडी से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, और तमिलनाडु सीमा के पास एक घना जंगल है। पेरियार आरक्षित वन चिन्नकनाल से लगभग साढ़े तीन घंटे की दूरी पर है। वन विभाग के अनुसार, चावल (अरी) के लिए राशन की दुकानों और घरों पर छापा मारने की अपनी आदत के लिए इस हाथी का नाम अरिकोंबन रखा गया था। पिछले तीन महीनों में इस हाथी ने 7 लोगों की हत्या कर दी है और इलाके में 31 इमारतों को नष्ट कर दिया है।

## मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश में कई बड़े जन आंदोलन हुए : रघुवर दास



राष्ट्रीय खबर

रांची: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने जमशेदपुर के बारीडीह मंडल में बिरसा मुंडा टाउन हॉल में स्थानीय लोगों के साथ सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश में कई बड़े जन आंदोलन हुए हैं। इनमें स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे कितने ही उदाहरण हमारे सामने हैं। लोगों की सोच और नजरिए में काफी बदलाव आया है। दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करने वाले गुमनाम नायकों को देश के सामने लाने का कार्य भी इस कार्यक्रम के माध्यम से हुआ है।आईआईएम की एक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 100 करोड़ से ज्यादा लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी है। हर माह 22 करोड़ लोग इसे सुनते हैं। आज इसके 100वें एपिसोड को सुनने के लिए लोगों में जो उत्सुकता देखी, वह इसकी सफलता और लोकप्रियता की गवाही दे रही है।

## 'मन की बात' के 100वें एपिसोड को झारखंड के लोगों ने उत्साहपूर्वक सुना: भाजपा

राष्ट्रीय खबर



रांची: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वें संस्करण का समापन रविवार को हो गया। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को झारखंड में उत्साह के साथ लोगों ने सुना। भाजपा की ओर से राज्य के सभी बूथों पर मन की बात सुनने की व्यवस्था की गई थी। रांची में खिजरी विधानसभा क्षेत्र के महिलौंग जतराटांड़ बूथ संख्या 187 पर बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोगों के साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। उनके साथ प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, छोटानागपुर सरना समिति के अध्यक्ष बिरसा पाहन, सुजाता मिंज, सोहन मुंडा, अशोक मुंडा, रतनू कुजूर, शिबू मुंडा सहित बड़ी संख्या में जनजातीय लोगों ने पीएम मोदी की मन की बात का 100वें संस्करण को सुना।समाज में परिवर्तन ला रहा मन की बातः दीपक प्रकाश

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम दुनिया का अनूठा कार्यक्रम है। इसके जरिये समाज में बदलाव हो रहा है। बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ, वोकल फॉर लोकल सहित कई ऐसे आह्वान पीएम ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से किया है। एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना पूरा हो रहा है।

**जन आंदोलन का रूप ले चुका है प्रधानमंत्री के मन की बातः प्रदीप वर्मा**

प्रदेश भाजपा के महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन आंदोलन का रूप ले लिया है। यही कारण है कि आज यहां बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग भी मन की बात सुनने आये हैं। पीएम के मन की बात कार्यक्रम एक प्रेरणादायक उद्बोधन है।

### आजसू पार्टी का सामाजिक न्याय मार्च आज

## राज्यभर से राजधानी में जुटें हजारों कार्यकर्ता



राष्ट्रीय खबर

रांची: सामाजिक न्याय मार्च के जरिए राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रही आजसू पार्टी आज रांची में पैदल मार्च करेगी। बापू वाटिका मोरहाबादी से हरमू मैदान तक पैदल मार्च करने किया जाएगा। राज्य स्तरीय इस सामाजिक न्याय मार्च का नेतृत्व आजसू प्रमुख सुदेश महतो करेंगे। हरमू मैदान पहुंचने पर यह सामाजिक न्याय मार्च एक सभा में तब्दील हो जायेगी।सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस सामाजिक न्याय मार्च में भाग लेने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आजसू कार्यकर्ता राजधानी पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आजसू प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि आजसू पार्टी ने अप्रैल महीने को सामाजिक न्याय महीना के रूप में मना रही है जिसके तहत जिला स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिला स्तर पर कार्यक्रम होने के बाद सामाजिक न्याय मार्च का समापन राजधानी रांची में होगा। जिसके लिए व्यापक तैयारी की गई है। सामाजिक न्याय मार्च के जरिए आजसू पार्टी राज्य में अपनी ताकत का अहसास कराने की कोशिश में जुटी है। जिसको लेकर हजारों कार्यकर्ता रविवार को राजधानी की सड़कों पर उतरे हुए दिखें।

## शहरी निकाय पर आजसू ने हेमंत सरकार को कोसा

राष्ट्रीय खबर



रांची: आजसू पार्टी ने स्थानीय स्वशासन के कामकाज में चुने हुए प्रतिनिधियों को नौकरशाही से बदलने के लिए हेमंत सोरेन सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इसने अब शहरी स्थानीय निकायों के प्रबंधन के लिए प्रशासकों की नियुक्ति की है।

आजसू-पी के प्रदेश प्रवक्ता देवशरण भगत ने दावा किया कि अबुआ राज की बात करने वाली राज्य सरकार वास्तव में झारखंड में बबुआ राज स्थापित कर रही है। भगत ने कहा कि राज्य सरकार ने 34 शहरी स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के सभी अधिकार नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त और कार्यकारी अधिकारियों सहित प्रशासकों को हस्तांतरित कर दिए हैं, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा, ह्यराज्य सरकार को या तो नगर निकाय चुनाव समय पर कराने चाहिए थे या फिर प्रतिनिधियों को सेवा विस्तार देना चाहिए था। भगत ने कहा कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का वादा करने वाली राज्य सरकार ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट (एससी) के निर्देश की भी अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि आजसू-पी की याचिका पर, सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि सभी स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की मात्रा निर्धारित करने के लिए ट्रिपल टेस्ट मानदंड का पालन किया जाए। भगत ने कहा, राज्य सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। झारखंड की आबादी का एक बड़ा वर्ग इसके दुष्परिणाम भुगतेगा। आजसू के प्रदेश प्रवक्ता ने यह भी कहा कि पार्टी रविवार को रांची के मोराबादी में बापू वाटिका से हरमू मैदान तक सामाजिक न्याय मार्च निकालने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य भर से उनकी पार्टी के हजारों कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।

शहर >> अपडेट

### हरमू हाउसिंग कॉलोनी के कंडम फ्लैट सील किये गये

**रांची:** हाउसिंग बोर्ड ने अपने इलाके के उन फ्लैटों की सील कर दिया है, जो काफी समय पहले ही कंडम घोषित किये गये थे। इन फ्लैटों के कभी भी गिर जाने का खतरा था। इसी वजह से उन्हें रहने के अयोग्य माना गया था। कॉलोनी के बाबू वीर कुंवर सिंह चौक के पास बने जनता फ्लैटों में अब भी अवैध कब्जा था और कुछ लोगों ने इन्हें किराये पर भी दे रखा था। आवास बोर्ड के अधिकारियों ने वहां जाकर इन फ्लैटों में रहने वालों का सामान निकालने के बाद उन्हें सील किया। कुछ लोग आवास बोर्ड के अधिकारियों के आने की सूचना पर अपने फ्लैटों पर ताला लगाकर चले गये थे। उन फ्लैटों की भी ताला तोड़ने के बाद सील किया गया। कुल मिलाकर वहां गत शुक्रवार को दस ऐसे फ्लैट सील किये गये। एक फ्लैट में रह रहे परिवार ने कुछ समय देने की मांग की, लेकिन मौके पर मौजूद अरगोड़ा सीओ अरविंद ओझा ने सख्त लहजे में कहा कि हर हाल में अभी फ्लैट खाली करना होगा। इसके बाद परिवार ने घर से सामान निकाल दिया।

कार्यक्रम > होटल बीएनआर चाणक्य, रांची में एक राज्य-स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# समावेशी विकास को गति देने के लिए राज्यस्तरीय कार्यशाला

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य में समावेशी विकास की गति को तेज करने में सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों की साझेदारी एवं सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 29 अप्रैल 2023 को झारखंड सिविल सोसाइटी फोरम के तत्वाधान में होटल बीएनआर चाणक्य, रांची में एक राज्य-स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी, गैर सरकारी एवं अकादमिक संस्थानों के प्रतिनिधि एवं महिला मंडल के प्रतिनिधि मिलकर इस कार्यशाला में विकास संवाद किए।

विकास संवाद में सतत विकास सूचकांक (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल ) विशेषकर गरीबी उन्मूलन एवं खाद्य पर्याप्तता सुनिश्चित करने, बेहतर स्वास्थ्य और पोषण तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को नियंत्रित करने से संबंधित विस्तृत चर्चा किया गया।

निर्णायक सुझाव संबंधित सरकारी विभागों के साथ साझा किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत फिया फाउंडेशन के जोहन्सन टोपनो के स्वागत संबोधन के साथ किया गया। सुजया डांगवर ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया।

प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता ,खाद्य सुरक्षा और पोषण के विशेषज्ञ एवं झारखंड सीएसओ फोरम के संयोजक बलराम ने कहा कि यह कार्यशाला राज्य के चहुमुखी विकास हेतु रणनीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी । ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव श्री जीतेन्द्र देव ने कहा कि राज्य में सिविल सोसाइटी के सहयोग से मनरेगा अंतर्गत कई ऐसे आजीविका के बेहतर मॉडल बने हैं जिसे व्यापक पैमाने पर पुरे राज्य में गुणवत्ता के साथ बढ़ाने की आवश्यकता है।

उन्होंने झारखण्ड सिविल सोसाइटी फोरम के इस प्रयास की प्रशंसा की। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के विशेष सचिव श्री प्रदीप हजारी ने कहा कि राज्य में किसानों के लिए उपयोगी कार्यक्रमों और योजनाओं के बनाने में सिविल सोसाइटी संगठन की अपने अनुभवों के आधार पर एवं अध्ययन कर सरकार के वर्तमान में चल रही योजनाओं में सुधारात्मक कदम के लिए प्रस्ताव दे सकते हैं। विभाग सिविल सोसाइटी संगठन के साथ मिलकर काम करने की योजना बना रही है।

झारखण्ड सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. रमेश शरण के कहा राज्य में सतत विकास लक्ष्य की पूर्ति करने में सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन निश्चित तौर पर राज्य के विकास में गैर सरकार संगठनों के परिबद्धता कर परिचायक है।

## न्यूज फटाफट

### हरमू रोड स्थित श्याम मंदिर में वैशाख शुक्ल एकादशी 1 मई को



रांची: हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का सप्तम स्थापना दिवस समारोह वैशाख शुक्ल एकादशी सोमवार 1 मई 2023 को विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है । स्थापना समारोह का प्रारंभ प्रात: 5:30 बजे मंगल आरती से होगा, इसके बाद शृंगार किया जाएगा व 8:30 बजे श्रृंगार आरती करके भोग अर्पित किया जाएगा। दोपहर बाद मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर नवीन विशेष सजावट की जाएगी। मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी अन्नपूर्णा सराओगी परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। इसके बाद मंडल के सदस्य गण श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा अनुज मोदी मनोहर केडिया गौरव अग्रवाल मोनू सलज अग्रवाल सोनू साकेत अलग-अलग सभी देवी देवता और गुरुजनों के भजनों का गायन करेंगे । इसके बाद कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक बालकिशन शर्मा और पूजा पारीक अपने सहयोगियों के साथ श्री श्याम दरबार में भजनों का गायन करेंगे । स्थापना दिवस समारोह की तैयारी का दायित्व महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू उप मंत्री अनिल नारनोली संजय सराफ पंकज गाड़ोदिया दिनेश अग्रवाल कृष्ण शर्मा रोशन खेमका अरविंद सोमानी विशाल पोद्दार अभिषेक सराओगी रोनक पोद्दार रतन शर्मा आदि को दिया गया है । इस अवसर पर विशेष केसरिया पेड़ा ओमप्रकाश छावनीका रबड़ी प्रसाद अन्नपूर्णा सराओगी मगही पान प्रसाद सुभाष रौनक पोद्दार पंचमेवा प्रसाद यूबी वर्णवाल गिरी गोला सेवा एक भक्तों द्वारा निवेदित किया जाएगा।

# जिला प्रशासन कामकाजी महिलाओं के सखी निवास के लिये एनजीओ की तलाश में

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** नगड़ा टोली स्थित वार्ड 19 में वर्किंग महिलाओं के सखी निवास को संचालित करने के लिए रांची जिला प्रशासन एनजीओ की तलाश कर रही है। इसको लेकर स्वयंसेवी संस्था और गैर सरकारी संस्था को आमंत्रित किया गया है। इच्छुक संस्था रांची स्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के ऑफिस में 10 मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इसी दिन शाम 4 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में आवेदन खोले जायेंगे। आवेदन खोले जाते समय स्वयंसेवी संस्था और गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।भारत सरकार



के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और 15वें वित्त आयोग ने 2021-2022 से 2025-26 की अवधि में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए एक समग्र और समेकित योजना मिशन शक्ति का क्रियान्वयन निर्धारित किया है। मिशन शक्ति के अंतर्गत पूर्व से चल रही योजनाओं का विलय किया गया है। यह मुख्य योजना है। जबकि इस योजना की दो प्रमुख उप योजना संबस और सामर्थ्य योजना नाम से क्रियान्वित की जानी है। सामर्थ्य (महिला सशक्तिकरण घटक) उप योजना के तहत पुरानी चल रही कामकाजी महिला छात्रावास योजना का नाम बदल कर सखी निवास किया गया है। इसका उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को डे केयर की सुविधाओं के साथ आवास की उपलब्धता को बढ़ावा देना है।महिला, बाल विकास विभाग के प्रावधानों के अनुसार, राज्य के सभी जिलों में सखी निवास का संचालन योग्य एनजीओ और गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से किया जायेगा। सभी जिलों के डीसी की अध्यक्षता में गठित समिति एनजीओ का चयन करेंगी।

# दीक्षांत समारोह के लिए आर यू ने 38.5 लाख स्वीकृत किया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांची विश्वविद्यालय (आरयू) सिंडिकेट ने शुक्रवार को दो मई को अपना दीक्षांत समारोह आयोजित करने के लिए 38.5 लाख का बजट पारित किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन समारोह में शामिल होंगे और स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को सम्मानित करेंगे, जिसके परिणाम 1 जनवरी, 2022 और 31 जनवरी, 2023 के बीच घोषित किए गए थे। कुल मिलाकर 29,789 छात्रों ने




निर्धारित अवधि के दौरान कला, विज्ञान, वाणिज्य धाराओं में विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किए हैं। उन्हें उनके संबंधित कॉलेजों के स्नातक समारोह में प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सिंडिकेट ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मास्टर्स इन एजुकेशन, एक्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम और 16 कमर्शियल कोर्स समेत नए कोर्स शुरू करने के लिए 18 अप्रैल को एकेडमिक काउंसिल द्वारा पास किए गए प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

सिंडिकेट ने खोरथा भाषा में छह सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी अपनी मंजूरी दे दी।






राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र बिहार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

# निजी विद्यालयों में शिक्षा के नाम पर लूट, ड्रेस व कॉपी-किताब में कमीशन खोरी का खेल जारी

## मूकदर्शक बने सक्षम पदाधिकारी, अभिभावकों की कट रही जेबें

**जांच के लिए कोई टीम नहीं है फिर भी हम अपने स्तर से हरसंभव प्रयास करेंगे : डीईओ**

राष्ट्रीय ख़बर



**सिकरहना/मोतिहारी, पू चं :** ज़िला के निजी विद्यालय प्रबंधन पूरी तरह मनमानी पर उतर आए हैं। मनमाने ढंग से शुल्क निर्धारित करने वाले निजी संचालकों ने नया सत्र प्रारंभ होते ही ड्रेस, जुता, मोजा के साथ ही किताबें इत्यादि की खरीद के लिए अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं। पाठ्यक्रम के नाम पर अंदरखानों में कमीशनखोरी का खेल जारी है। सीधे शब्दों में कहें तो बेहतर शिक्षा के नाम पर अभिभावकों को लूटा जा रहा है। ऐसा कृत्य करने वाले संचालकों पर जिला प्रशासन का किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है। निजी स्कूलों में अच्छी शिक्षा और व्यवस्था का लालीपॉप देकर अभिभावकों को ठगा जा रहा है। वे कर्ज से बच्चों का दाखिला करवाने को विवश हैं। इस मनमानी के खिलाफ शिक्षा विभाग भी कुछ बोलने के बजाय मुंह बंद कर रखा है।

**दर्द अभिभावकों का**

अभिभावक पिंटू यादव ने कहा कि ड्रेस के नाम पर कमीशनखोरी की जा रही है। स्कूल वाले खुद दुकान खोल दिए हैं। वहीं धर्मेंद्र सिंह कहा कि ड्रेस, किताब और कॉपी के दाम में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। हर साल किताबों में बदलाव किये जाने से इसकी अलग महंगाई की मार झेलनी पड़ती है। मनीष कुमार ने कहा कि स्कूल में मनमानी हो रही है। एडमिशन फीस के साथ ही कॉपी किताब के नाम पर अभिभावकों से अधिक पैसे वसूल किए जा रहे हैं।

**कहते हैं अधिकारी**

इस सब से अन्नभिज्ञ जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिला में कोई भी टीम गठित नहीं हुआ है, ताकि प्राइवेट स्कूलों का जांच हो सके। फिर भी हम अपने स्तर से जांच करवाने का भरपूर कोशिश करेंगे। यहां विडंबना है कि अधिकारियों के बच्चे भी निजी स्कूल में पढ़ते हैं। इसको देखते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में सोचना मुंगेरी लाल का हसीन सपना होगा।

## शहर >> अपडेट

### अवैध कब्जा रोकने पर महिला से मारपीट

**रीगा :** रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र के बहिलवारा गांव निवासी राजनंदन महतो की पत्नी संध्या देवी ने आवेदन देकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में लिखा है कि रीगा थाना क्षेत्र के कपरौल सिरोमन गांव की बेटी हूं। मेरी माता अपने हिस्से की जमीन मेरे नाम से केवाला कर दिया। उपरोक्त जमीन पर घर बनाकर रह रही थी। इसी बीच मेरे पुत्र की मृत्यु हो गई। तो कपरौल के घर में ताला बंद कर ससुराल में रहने लगी। इधर जब अपने गांव कपरौल पहुंची तो ग्रामीण मिंटू कुमार सिंह द्वारा घर का सारा सामान तोड़फोड़ कर गायब कर दिया गया है इसकी जानकारी मिली। जब पहुंची तो देखा कि मिंटू कुमार सिंह मेरे घर को तोड़ रहा है। विरोध किया तो मेरे एवं मेरे पति दोनों को लोहे की रॉड से मारने दौड़ा।

## सरिसवा में गढ़ीमाई स्थान पर बैसाखी मेला प्रारम्भ



राष्ट्रीय ख़बर

**मझौलिया:** प्रखंड क्षेत्र के सरिसवा में गढ़ीमाई स्थान पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। वहां के पुजारी प्रेमचंद मिश्र ने बताया कि प्रतिवर्ष बैसाख महीना में यहां मेला लगता है और दूर-दराज से श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिये वहां आते है। उन्होंने बताया कि सभी लोग गढ़ीमाई की भक्ति में लीन होकर अपनी मन्नत के लिये पूजा अर्चना करते है। विशेष यह कि वहां पशु बलि भी चढ़ाया जाता है। जिनकी मनोकामना पूर्ण होती है वे लोग, बकरा और कबूतर की बलि चढ़ाते हैं, कबूतर का पर कतर उड़ाया भी जाता है। नवयुवक प्रसाद वितरण और भंडारा (लंगर) का भी आयोजन करते हैं।

किया जाता है। मेला में उपस्थित मझौलिया थाना के एएसआई बिहारी प्रसाद निराला, बीरेंद्र कुमार, संतोष कुमार, सुनील पटेल, मुकेश शुक्ला, बिरजू कुमार, विनोद कुमार की प्रशंसनीय भागीदारी रही।

## मुसलमान को टारगेट कर एनआइए की छापामारी का उद्देश्य भाजपा का मिशन 2024 है : माले

दयानंद सिंह यादव



**बेतिया :** बेतिया छावनी में एनआइए की छापामारी भाजपा के एजेंडे अंतर्गत मुसलमानों के विरुद्ध नफरत पैदा करने के लिए तथा 2024 चुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए हुआ है। वर्तमान स्थिति में भाजपा ने एनआइए सहित तमाम जांच एजेन्सियों का उपयोग मुसलमानों सहित देश के तमाम नागरिकों में भय पैदा करने के लिए किया जा रहा है। उपर्युक्त विचार भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने व्यक्त किया।

बताते चले कि विगत दिनों 25 अप्रैल 23 को 4 बजे सुबह बेतिया छावनी के शाजिद एकबाल उम्र 30 वर्ष, पिता शेख शौकत अली मजदूर परिवार से है। इस मुहल्ले के अधिकांश नौजवान रोजी रोटी के तलाश में बाहर काम करते हैं। इसी कड़ी में शाजिद एकबाल भी एक वर्ष पहले बाहर काम करने गया। कथित पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआइ) के साथ आर्थिक लेनदेन के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने छापामारी किया। भाकपा माले विधायक बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने छावनी में शौकत अली के घर और अगल बगल के आम लोगों के यहां पहुँच कर सूक्ष्मता पूर्वक सभी बिन्दु पर जांच पड़ताल किया। आम लोगों से इन लोगों के बारे में जांच पड़ताल कर जानकारी हासिल किया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि छापामारी के बाद घर के अंदर और बाहर से कोई आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नहीं हुआ है। एनआइए ने जो जप्ती सूची तैयार किया है उसे साफ साफ प्रतीत होता है कि विपक्षी पार्टियों के मुखर नेताओं व कार्यकर्ताओं पर सभी राष्ट्रीय जांच एजेंसियों का गलत उपयोग कर रही है। यह सब 2024 के लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा कर रहीं हैं। उपर्युक्त जानकारी भाकपा माले नेता व प्रवक्ता सुनील यादव ने मीडिया को दी।

## राजकीय समारोह के साथ भामाशाह की जयंतीमनाने पर हर्ष

**चकिया, पू च :** दानवीर भामाशाह की जयंती मुख्यमंत्री मंत्री नीतीश कुमार के घोषणा पर शुक्रवार को पूरे प्रदेश में राजकीय समारोह के साथ मनाई गई। इसको लेकर समाजवादी विचारधारा के नेताओं ने मुख्यमंत्री तथा जदयू उद्योग प्रकोष्ठ के ललन कुमार सर्राफ को धन्यवाद देते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान समाजवादी विचारधारा के संयोजक संजय मोदी ने कहा कि भामाशाह का जन्म राजस्थान के मेवाड़ अंतर्गत चित्तौड़गढ़ जिला में 28 जून 1547 को ओसवाल जैन बनिया परिवार में हुआ था। भामाशाह बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम था। दानवीरता के लिए भामाशाह इतिहास में अमर है। महाराणा प्रताप अपने परिवार के साथ जंगलों में जब भटक रहे थे तब भामा शाह ने अपनी सारी संपत्ति महाराणा प्रताप को समर्पित कर दी थी। इसीलिए भामाशाह को दानवीर का नाम दिया गया। हर्ष व्यक्त करने वालों में समाजवादी विचारधारा के प्रमुख अरुण जी चौधरी, विश्वनाथ पासवान, अभय गुप्ता, जटाशंकर प्रसाद मखारिया, पवन जी टीबरेवाल, लखन प्रसाद पटेल, प्रभु नारायण सिंह, सुनील यादव, सुनील केडिया, श्रवण कुमार मोदी, भरत कुमार तुलस्यान, सुशील पोद्दार, दीपक बंका, रवि सर्राफ, प्रभात जयसवाल, सुरेश यादव, प्रदीप जयसवाल, रामानंद शाह, दिनेश शाह, रंजन यादव, प्रमोद शाह, सुबोध गुप्ता, नंदकिशोर साह, रामेश्वर साह, मनोज सिंघानिया, रामा नंद पटेल, टुन्ना पाठक, कृष्णनंदन कुशवाहा, लव किशोर निषाद सहित अन्य शामिल है।

## नहीं बढ़ा गन्ना का मूल्य तो आंदोलन तय : विश्वनाथ

**रीगा :** अखिल भारतीय गन्ना किसान महासंघ के आवाहन पर विगत सप्ताह देशभर के प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों से गन्ना किसानों ने संसद के सामने जंतर-मंतर पर धरना दिया। केंद्रीय कृषि मंत्री को ग्यारह सूत्री मांग पत्र भी सौंपा। नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताया। किसान विरोधी नीति के खिलाफ तमिलनाडु, बिहार ,उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश से हजारों किसानों ने एकजुट होकर अपना आवाज बुलंद किया। साथ ही गन्ना पैदा करने में बढ़ते लागत मूल्य को कम करने की मांग के साथ गन्ना का मूल्य 500 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की। साथ ही किसानों के बकाया मूल्य का भुगतान कर चीनी मिल को चालू कराने की मांग की गई। कार्यक्रम में सीतामढ़ी से लगभग दो सौ किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। किसान सभा के नेता कामरेड विश्वनाथ बुंदेला ने कहा कि गन्ना किसानों की मांगों पर सरकार द्वारा विचार-विमर्श नहीं किया गया। तो आने वाले दिनों में गन्ना किसान उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी।

## बिजली की पोल से टकराई डंफर, सेवाएं बाधित



**पकड़ीदयाल पू च :** थाना क्षेत्र के ढाका रोड बड़कागांव ढाला के समीप रविवार को अहले सुबह ट्रांसपोर्ट के समान लदी ट्रक बीआर 06 जी 4853 टूटे हुए पुल में गिर जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे आवागमन लगभग 5 घंटे तक बाधित रही। देखते ही देखते गाड़ियों की कतार लंबी होती चली गई। इसी क्रम में एक लापरवाह डंफर चालक द्वारा लौग रास्ते से होकर अपना गाड़ी निकालने के चक्कर में ग्यारह हजार वाली बिजली पोल में जाकर टकराई, जिसके कारण पोल सहित नजदीक में लगे ट्रांसफार्मर चकनाचूर होकर रोड पर गिर गई। इसकी सूचना पाकर पहुंचे स्थानीय लोग एवं पुलिस-प्रशासन ने मशक्कत कर आवागमन चालू किया। स्थानीय शुभम शर्मा ने बताया कि विगत कुछ समय पहले हम लोगों के द्वारा क्षतिग्रस्त पुल के लिए आवाज उठाया गया था। उसके बावजूद भी सक्षम पदाधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। फिलवक्त इस घटना के कारण ट्रांसफार्मर एवं पोल ध्वस्त होने के कारण धनौजी फिडर की सारी बिजली सेवाएं बाधित हो गई है। इसी बीच बिजली विभाग द्वारा जल्दी लाईन सुचारू करने के लिए काम की जा रही है।

## पीएम मोदी के मन की बात में जुटी सैकड़ों की भीड़



राष्ट्रीय ख़बर

**बेतिया :** जिला में सैकड़ों स्थान पर एवं हजारों बूथ पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। जिसे लाखों की संख्या में कार्यकर्ता, आम जनता ने देखा एवं सुना। पश्चिम चम्पारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ संजय जायसवाल के आवासीय कार्यालय में बेतिया की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ मंजु चौधरी, सांसद मीडिया प्रभारी मुकेश सहाय उर्फ. गाँधी बाबा, विजय चौधरी, अखिलेश सिंह, गौरव चौधरी, उपेन्द्र पटेल, अनमोल तिवारी व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद डॉ संजय जायसवाल हजारों कार्यकताओं के साथ सुगौली में मन की बात का प्रसारण देखा एवं सुना। कालीबाग समुदायिक भवन में दीपेन्द्र सर्राफ, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक सर्राफ, धर्मेंद्र कुमार सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष रुपक श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता डबरिया बाजार स्थित बूथ संख्या 261 पर मन की बात देखा एवं सुना, कमलनाथ नगर में प्रतीक एडविन शर्मा के आवास पर मण्डल अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, नीरज तिवारी, राधेश्याम पटेल, रणधीर वर्मा, श्वेता सिंह, मेराज अली व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सरस्वती विद्या मंदिर बरवत सेना में मण्डल अध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी, अनील वर्मा, संदीप श्रीवास्तव, रमेश सिंह व सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्कूल के सभी बच्चे एवं अभिभावक सहित सैकड़ों जनता ने मन की बात देखा एवं सुना। उपर्युक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सह लोकसभा मीडिया संयोजक भाजपा मुकेश सहाय उर्फ. गाँधी बाबा ने विज्ञप्ति दी।

## परिवहन विभाग की टीम ने निर्माणाधीन आरओबी का किया जांच, मिली अनियमितता

राष्ट्रीय ख़बर



**बगहा:** सड़क एवं परिवहन विभाग के केंद्रीय टीम अभियंता प्रमुख बीएस खेड़ा के नेतृत्व में बगहा पहुंच कर निर्माणाधीन आरओबी की जांच की । अभियंता प्रमुख ने बताया कि निर्माण एजेंसी के द्वारा अपने साइट पर लैब का निर्माण नहीं किया गया है । जिस कारण कार्य की गुणवत्ता की जांच नहीं हो पा रही है । कंपनी को एक सप्ताह के अंदर कार्यस्थल पर लैब का निर्माण करने का निर्देश दिया गया है । साथ ही साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया है । उन्होंने बताया कि गुणवत्ता में किसी प्रकार की समझौता नहीं किया जाएगा । वहीं स्थानीय लोगों ने जांच टीम से आरओबी निर्माण एजेंसी पर कार्य में लोकल मिट्टी ,बालू प्रयोग करने की शिकायत की । जिसकी जांच कराने का आश्वासन केंद्रीय टीम के द्वारा दिया गया। इसके बाद टीम द्वारा बगहा रेलवे ढाला पर निर्माणाधीन आरओबी की जांच की गई एवं कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । गौरतलब हो कि 2 दिन पूर्व निर्माण एजेंसी के द्वारा अनियमितता बरती जाने की शिकायत पर वाल्मीकिनगर विधायक के द्वारा मंगलपुर निमार्णाधीन आरओबी की जांच की गई थी । जिसमें काफी अमितता पाई गई थी । ज्ञात हो कि बगहा में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी । जिसको लेकर बगहा रेलवे ढाला पर व मंगलपुर रेलवे ढाला पर दो आरोपी का निर्माण किया जा रहा है । बगहा आरओबी का निर्माण 65 करोड़ की लागत से की जा रही है । वहीं मंगलपुर रेलवे ढाला पर आरओबी का निर्माण 75 करोड़ की लागत से की जा रही है । जिसमें निर्माण एजेंसी के द्वारा काफी अनियमितता बरती जा रही है । वहीं जांच टीम पर भी प्रश्नचिन्ह क्या हो गया है । क्योंकि जांच करने पहुंची केंद्रीय टीम के द्वारा मीडिया द्वारा जब पूछा गया तो अभियंता प्रमुख के द्वारा पहले तो जवाब देने से परहेज किया गया । बाद में उन्होंने कहा कि विधायक कौन होता है जांच करने वाला । उसको इसकी क्या पता है ।अब यह सवाल खड़ा हो रहा है कि जब जनप्रतिनिधि पर ही अधिकारी सवाल उठाने लगे तो यह सोचनीय प्रश्न है। अब इन्हें कौन समझाए कि लोकतंत्र में जनता के चुने प्रतिनिधि समाज के अगुआ माने जाते हैं तथा अफसरशाही पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी वोटरों के द्वारा इन्हें दी जाती है।

## बस-बाइक की सीधी टक्कर में मां-बेटे की हुई दर्दनाक मौत

**इलाज कराने हरनाटाड जाने के क्रम में हुआ हादसा**

राष्ट्रीय ख़बर



**बगहा :** पुलिस जिला अंतर्गत लौकरिया थाना क्षेत्र के बगहा हरनाटांड़ मुख्य मार्ग में यमुनापुर मोड़ से करीब सौ मीटर उत्तर रविवार की सुबह एक यात्री बस और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक और सवार दोनों की मौके पर मौत हो गई। इस घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया । स्थानीय लोगों के द्वारा लौकरिया थाना को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही लौकरिया थानाध्यक्ष अभय कुमार मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। इसके साथ ही मृत युवक के पॉकिट से मिले मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दिया। सूचना मिलते ही मृत युवक के चाचा रुस्तम सहित कुछ अन्य अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां उनके द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पहले ही दोनों मां बेटे हरनाटांड़ से इलाज करा कर गए हुए थे। फिर आज डाक्टर ने उन्हें जाँच के लिए बुलाया था। इलाज कराने जा रहे थे की तेज रफ्तार कार का शिकार हो गए । इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मृत युवक अविवाहित था उसके पिता और दो भाई बाहर मजदूरी करने गए हुऐ हैं।

मामले में लौकरिया थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि सुबह दुर्घटना की सूचना मिली मौके पर पुलिस कर्मियों के साथ में पहुंचा तब तक एक महिला तथा उसके पुत्र की मौत हो चुकी थी। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया तथा लव-कुश नामक यात्री बस को थाना परिसर में लाया गया। बस के ड्राइवर सहित अन्य सभी स्टाफ फरार हो चुके थे। मृतक महिला व युवक की पहचान योगापट्टी थाना के बलुआ प्रगणवा गांव निवासी आशिफ मियां का 18 वर्षीय पुत्र सरफुल्लाह और 45 वर्षीय पत्नी हसीना खातुन के रुप में हुई हैं। मृतक के पास मौजूद मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी गई, जो अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचे हुए है।

## राजद ने किया भव्य अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन

**दलित, शोषित, वंचित एवं अल्पसंख्यक समाज में शिक्षा का आभाव बन रही परेशानियों का सबब : मंत्री**

राष्ट्रीय ख़बर



**मोतिहारी पू चं:** राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा चीनी मील रोड बरियारपुर स्थित दी ग्रांड नंदिनी होटल मे अनुमंडल स्तरीय भव्य अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल के तमाम राष्ट्रीय जनता दल के पदाधिकारी सहित विधि मंत्री डा. शमीम अहमद, कल्याणपुर विधायक सह नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, मोतिहारी नगर निगम मेयर प्रीति कुमारी, प्रदेश अध्यक्ष सह प्रभारी ऋतु जायसवाल, विधायक ई. शशि भूषण सिंह, पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण यादव, राजेंद्र राम, राजेश कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव, पूर्व विधायक केदार प्रसाद आदि ने परिचर्चा मे अपनी-अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम का संचालन प्रधान महासचिव सुरेश सहनी ने किया। मंत्री डॉ शमीम ने कहा की आज देश के जो हालात हैं उसके लिये कहीं ना कहीं दलित शोषित वंचित एवं अल्पसंख्यक समाज मे शिक्षा का आभाव विशेष रूप से जिम्मेवार है। आज इस समाज को शिक्षित एवं संगठित रहने की जरूरत है जिस से की वे अपने जीविकोपार्जन के साथ अपने हक और अधिकार को समझते हुए संविधानिक रूप से लड़ाई लड़ें एवं देश की तरक्की एवं खुश हाली मे अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सह विधायक मनोज कुमार यादव ने संगठन को धारदार एवं मजबूत बनाने हेतु कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को सम्मान देते हुए उनको साथ लेकर चलने की बात कही। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, बच्चा यादव, शाहिद अख्तर, लालबाबू खान, डा. शबनम आसिफ, शिवलाल सहनी, अमरेन्द्र यादव, पप्पू सहनी, संजय निराला, मुनीलाल यादव, राजदेव यादव, भोला शाह तुरहा, अरुण यादव, एनामुल हक, पवन यादव, संतोष कुशवाहा, लालबाबू यादव, मनोज यादव, कृष्णा दास, शौकिलाल सहनी, अरविंद यादव, सज्जाद आलम, अजय यादव, अनिल दास, जफर रशीदी, नसीम अख्तर, मनोज अकेला, डॉ शबनम आसिफ, चाँद विद्रोही, मोहम्मद शरफुद्दिन, रैयाजुल अंसारी, अमरेन्द्र वर्मा, धीरज यादव, मोहम्मद लालबाबू सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छेड़खानी मामले का आरोपी युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुगौली,पू.च:** स्थानीय पुलिस ने लड़की से छेड़खानी करने के मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है।स्थानीय थाना में पीड़ित के परिजन ने दिए आवेदन में बताया है कि कुछ मनचले लड़की को परेशान कर छेड़खानी कर रहे थे।जिससे वह काफी तंग हो गई।जिसकी खबर पुलिस को मिली।पुलिस मनचले को पकड़ने के लिए पहुंच गई।पुलिस को देख मनचले भागने लगे।जिसमे एक युवक गिरकर जख्मी हो गया।जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर इलाज के लिए पीएचसी में भेज दिया।थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि दिए आवेदन के आधार पर साहिल,सुधांशु सहित चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है।घायल युवक का इलाज पीएचसी में चल रहा है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सेविका के असामयिक निधन पर शोक

**कोटवा पू चं:** थाना क्षेत्र के पोखरा पंचायत वार्ड 6 स्थित केंद्र संख्या 116 की आंगनबाड़ी सेविका रीना देवी का शनिवार को असामयिक निधन हो गया। वह बीते कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। अचानक तबियत खराब होने पर उनका मोतिहारी में इलाज चल रहा था, जहा उनकी असामयिक निधन हो गया। उनकी निधन की खबर सुनते ही प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सीडीपीओ संगीता कुमारी ने बताया कि रीना कुमारी अपने कार्य के प्रति सजग रहती थीं।

## शहर >> अपडेट

### चुलाई शराब के साथ दो चढ़े पुलिस के हत्थे

सुगौली,पू च : स्थानीय पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर बाइक सवार दो शराब कारोबारियों को 10 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि कारोबारियों द्वारा शराब ले जाने की सूचना मिली। जिसके आधार पर थाना के रामजी राम को पुलिस बल के साथ भेजा गया।पुलिस टीम गस्ती करते हुए चिकनौटा पहुँची।जहां से सपहा निवासी मुन्ना कुमार और रविन्द्र कुमार को देशी शराब के साथ चिकनौटा से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया दोनो व्यक्ति बाइक पर दस लीटर देशी चुलाई शराब लेकर खपाने जा रहे थे। तभी उन्हें घर दबोचा गया।और बिहार उत्पाद और मद्य निषेध अधिनियम के तहत दोनों पर केस दर्ज किया गया। जिसके बाद दोनो को न्यायिक हिरासत में भेजा गया, साथ ही शराब और बाइक को जब्त कर लिया गया।

# मन की बात के जरिये प्रधानमंत्री ने देश के जमीनी हीरो को सामने लाया : राज्यपाल

## चयनित प्रतिभागियों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

पटना : सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रसार भारती के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वें एपिसोड का विशेष स्क्रीनिंग समारोह का आयोजन राज भवन के राजेंद्र मंडप में किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर मुख्य अतिथि थे। इस दौरान बिहार भर से आगे गणमान्य लोगों ने प्रधानमंत्री के ह्रमन की बातह्र कार्यक्रम के 100वें एपिसोड का साक्ष्य बने।



मन की बात के 100 वें एपिसोड के विशेष स्क्रीनिंग के मौके पर राज्यपाल ने केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगाई गई फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में मन की बात, केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं, जी-20, अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष, केंद्रीय बजट, मिशन लाइफ और बिहार के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित फोटो की प्रदर्शनी लगाई गयी। राज्यपाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन के बाद काफी सराहा और इसे जन उपयोगी बताया। मन की बातह्र के 100 वें एपिसोड के विशेष स्क्रीनिंग के बाद अपने संबोधन में राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के जमीनी हीरो को खोज कर देश के सामने लाने का महत्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात में उन गुमनाम और अदृश्य लोगों के बारे में बात करते हैं जो अब तक कहीं ना कहीं भीड़ में गुम थे। माननीय प्रधानमंत्री की यही खूबी है कि जो लोग भी अच्छे काम कर रहे हो और वह कहीं दूर दराज इलाकों में रहते हैं उन लोगों को अपने रेडियो प्रोग्राम मन की बात में जिक्र करते और उनका सम्मान करते हैं।

राज्यपाल ने कहा की प्रधानमंत्री की यही खूबी रही है कि अब बड़े बड़े सम्मान जैसे पद्मश्री और पद्म विभूषण जैसे सम्मानित समारोह में भारतवर्ष के सुदूर इलाकों में रहने वाले गुमनाम लोगों को जगह दिया जा रहा है जैसे के किसान चाची, कपिल देव प्रसाद इत्यादि। इस तरह माननीय प्रधानमंत्री ने हीरो की एक नई परिभाषा लिखी है। उन्होंने कहा के प्रधानमंत्री अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम से आम जनता से ऐसे ही जुड़ रहे है जैसे बीते वक्त में बीएसएनएल का स्लोगन हुआ करता था कनेक्टिंग इंडिया ठीक उसी तरीके से प्रधानमंत्री अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात से कनेक्टिंग पीपल ऑफ इंडिया को परिभाषित कर रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर दी चोरी की घटना को अंजाम

सुगौली,पू.च: थाना क्षेत्र के कैथवलिया में शनिवार के देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी किया। वार्ड सदस्य जयकमल सहनी के घर में घुसकर चोरों ने तीस हजार रुपए नगदी सहित करीब एक लाख के जेवर की चोरी कर ली।बताया जाता है कि घर के लोग गांव में एक शादी समारोह में गए थे। इसी बीच चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जब घर वाले लोग शादी समारोह से वापस घर लौटे तो जानकारी हुई। जिसके बाद घरवाले व ग्रहण ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर एस आई अनुज कुमार सिंह सबल घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लिया। घटना को लेकर गृहस्वामी जयकमल सहनी ने थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध एक आवेदन देते हुए बताया कि उनके परिवार के सभी सदस्य के साथ अपने सुनील पासवान के लड़की के शादी में गए थे। जहां से लौटने के बाद देखा कि घर में ट्रंक और पेटी तोड़कर चोरों ने लगभग 500 ग्राम चांदी का गहना और तीस हजार रुपए नगदी की चोरी कर ली है। इस बाबत थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जन वितरण प्रणाली विक्रेता की गड़बड़ी पर जिलाधिकारी शख्त

मुंगेर : जन वितरण प्रणाली विक्रेता द्वारा वैसे लाभुकों का नाम वितरण पंजी में अंकित किया जा रहा है, जो मृत हो चुके हैं अथवा शादी के उपरांत महिला लाभुक अपने पैतृक आवास से बाहर चले गए हैं। वैसे, लाभुकों का अनाज उस परिवार के दूसरे सदस्यों जो अनाज का उठाव करने जाते हैं तो वास्तविक रूप से अनाज जन वितरण प्रणाली विक्रेता द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिसे जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरता से लिया गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता को समाचार पत्र के माध्यम से आगाह किया जाता है की यदि इसकी जांच कराई जाएगी अगर शिकायत सही पाया गया तो अनुज्ञप्ति रद्द तय है। वहीं उन्होंने सभी पात्र लाभुकों से अनुरोध कि अगर इस प्रकार की कोई अनियमितता विक्रेता द्वारा की जाती है तो संबंधित आपूर्ति निरीक्षक सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ,अनुमंडल पदाधिकारी ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी को शिकायत दर्ज करें।

# नई नियमावली के विरोध में जिला मुख्यालय पर शिक्षकों का रोषपूर्ण प्रदर्शन आज

गांधी मैदान से कलेक्ट्रेट तक निकलेगा प्रतिरोध मार्च

राष्ट्रीय खबर

गया : बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जमाल रोड पटना के राज्यसंघ के महासचिव सह पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने पूरे राज्य के 38 जिलों के मुख्यालय में समाहरणालय के समक्ष आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन प्रतिरोध दिवस मनाने का फैसला किया है।अध्यापक नियमावली 2023 जैसे काले कानून के विरोध में शिक्षकों के उबले जन भावनाओं को देखते हुए निकाले जाने का आदेश पारित किया है। उक्त बातें स्थानीय एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय उपाध्यक्ष डॉ हीरालाल यादव ने कही। उन्होंने कहा कि बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों के द्वारा



प्रमंडल स्तरीय विस्तारित बैठक कर सभी जिलों के शिक्षकों विभिन्न संगठनों , शिक्षा प्रेमी, समाजिक कार्यकर्ता, रंगकर्मी को भी इस प्रतिरोध मार्च में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया है, अधिक से अधिक संख्या में गांधी मैदान से होकर मुख्य मार्ग से होते हुए समाहरणालय के मुख्य द्वार के समक्ष यह आक्रोश पूर्ण शांति मार्च बिहार सरकार के विरोध में निकाला जाएगा।

प्रेस वार्ता में प्रमंडलीय उपाध्यक्ष डॉ हिरा लाल यादव,प्रमंडलीय कार्यकारिणी सदस्य रणजीत कुमार पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार,पूर्व राज्य कार्यकारिणी सदस्य मनोज निराला , जयनंदन कुमार, मुन्ना यादव, मणिकांत सिरमौर, जगनारायण यादव अविनाश डिबरिया ने बताया कि बड़ी संख्या संख्या में जिले के कोने कोने से सभी शिक्षक शिक्षिका, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शिक्षक संगठन से जुड़े लोगों को गांधी मैदान में नवनिर्वाचित विधान पार्षद जीवन कुमार हौसला अफजाई करेंगे।चूंकि विधान पार्षद ने अपने चुनाव के दौरान शिक्षकों से वादा किया था कि हम संघर्ष के साथी के रूप में रहेंगे शिक्षकों की ताकत को सड़क से सदन तकसरकार को एहसास कराने का काम करेंगे सरकार की यह तुगलगी फरमान की जब चाहे शिक्षकों को अपमानित कर समाज को भ्रमित कर रही है प्रतिरोध मार्च समाप्त होने के उपरांत त्री सदस्यी टीम माननीय जिला पदाधिकारी महोदय गया को बिहार सरकार को एक ज्ञापन सौपेंगी।

यह कार्यक्रम पूरे बिहार के 38 जिलों में सभी शिक्षक एवं सभी संगठनों के लोग सरकार के विरोध में प्रतिरोध मार्च निकाला जाएगा ।

# पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम से कार्यकताओं में उर्जा का हुआ संचार: डॉ प्रेम

गया में 100 जगहों पर लोगों ने सुनी पीएम के मन की बात

राष्ट्रीय खबर

गया : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100 वां एपिसोड रविवार को पूरा हो गया। इस मौके पर गया वासियों ने 100 जगहों पर मन की बात सुनी। इसके लिए भाजपा ने जगह-जगह स्क्रीन टीवी की व्यवस्था करवाई थी। मन की बात के 100 वां संस्करण को लेकर नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार अपने सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं के साथ बूथ संख्या 32 पर मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम सुनकर कार्यकताओं में सकारात्मक उर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह एपिसोड सही मायने में करोड़ों भारतीयों के लिए ऐतिहासिक और पूरे विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया है,जो भारत के लिए गौरवशाली क्षण है इसके लिए उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। स्थानीय विष्णुपद मार्ग स्थित पंजाबी भवन



में भाजपा महानगर दक्षिणी मंडल की ओर से पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल स्वामी, मणिलाल बारिक, अनंतधीश अमन, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद, कमल लाल बारिक, विक्रम पुर्दा, काजू यादव,मुन्ना पांडेय, रामनाथ विट्ठल,धनंजय, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, नवीन वर्मा, बबन बारिक आदि लोग उपस्थित थे। रमना रोड स्थित दिगंबर जैन भवन में जैन समाज की ओर से एलईडी स्क्रीन लगाकर मन की बात कार्यक्रम सुनी गई। वही समाज की महिलाओं ने अपने-अपने घरों में मन की बात कार्यक्रम से जुड़कर पीएम मोदी के विचारों को बारीकी से समझा। मौके पर समाज के सह मंत्री अर्पित पाटनी ने बताया कि पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में युवाओं को आत्मनिर्भर एवं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ देश के विकास में अपनी भूमिका दर्शायां है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अजीत छाबड़ा एवं मुन्ना सरकार जैन सहित कई लोग उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर वार्ड संख्या 17 में बूथ नंबर 98 अंतर्गत महावीर शक्ति केंद्र के टेकारी रोड एवं फतेहगंज मोहल्ले के मंदिर प्रांगण में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर भाजपा नेता ऋषि लोहानी,मनीष कुमार मोनू, सुमित कुमार,मिथिलेश कुमार, गोपाल प्रसाद सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे। वार्ड नंबर 4 के पूर्व पार्षद संगीता चंद्रा ने अपने आवास पर परिवार जनों के साथ मन की बात सुनी। भाजपा नेता अमर यादव की ओर से वार्ड नंबर 17 अंतर्गत तैलिक धर्मशाला,समृद्धि शिखर,पाल रेट हाउस,शांति गेस्ट हाउस, आपे एजेंसी सहित कई अन्य स्थानों पर एलसीडी स्क्रीन टीवी लगाकर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। गया जिला तैलिक साहू सभा के जिला अध्यक्ष संजू साव के आवास पर लोगों ने मन की बात कार्यक्रम सुनी। मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह चरम पर था। बूथ केंद्रों को रंग-बिरंगे गुब्बारे और पार्टी के झंडे से पाट दिया गया था।

# कुश्ती महिला खिलाडियों के समर्थन में बेतिया में इनौस का एकजुटता मार्च व सभा

इनौस ने हरिवाटिका चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

राष्ट्रीय खबर

बेतिया : कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली में धरना दे रहे महिला पहलवानों के समर्थन में बेतिया में हरिवाटिका चौक तक एकजुटता मार्च निकाल कर सभा किया गया। इनौस जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा कि पांच दिनों से देश के सबसे मंझे हुए पहलवानों को सड़क पर आंदोलन करते देखा जा रहा है। न्याय की मांग में दिल्ली की ना माफ करने वाली गर्मी की लहर को बहाते हुए। ये बहादुर पहलवान भारी उत्पीड़न और मानसिक यातना का सामना कर रहे हैं, सामाजिक बहिष्कार, यहां तक कि उनके पूरे कैरियर नष्ट होने का



जोखिम भी है क्योंकि वे अब अन्याय सहन करने से इनकार कर रहे हैं। 2016 ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली महिला पहलवान; एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता विनेश फोगाट, ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और कई अन्य पहलवान जिन्होंने अपना खून पसीना और आँसू अपने खेल की सेवा में डाल दिया हैं। उन्होंने यौन उत्पीड़न के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया है। उपर्युक्त सभा की अध्यक्षता इनौस जिला अध्यक्ष ने किया। सभा को संबोधित करते हुए इनौस जिला नेता संजय मुखिया ने कहा कि देश की महिला पहलवान देश के लिए मेडल जीती, वाह भाजपा सांसद के विरुद्ध प्रदर्शन कर रही हैं और पीएम मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध अब एफआईआर दर्ज किया गया है। अभी तक उनकी गिरफ्तारी नही हुई है। इतने नामचीन खिलाड़ियों के मामले में पुलिस का ऐसा रवैया है तो आमजन की की क्या बिसात जो न्याय की बात करें। भाजपा बलात्कारियों का समर्थन करने वाली पार्टी है। दिल्ली पुलिस एवं नरेंद्र मोदी बृजभूषण शरण सिंह को बचा रही है। किसान महासभा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव, सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि देश की महिला पहलवानों के साथ देश के नौजवान एवं छात्र समुदाय है। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं छव बार के भाजपा के सांसद बृज भूषण शरण सिंह की मांग किया। उपर्युक्त गिरफ्तारी की मांग की जानकारी भाकपा माले नेता व प्रवक्ता सुनील यादव ने मीडिया वालों को दी।

## लुधियाना में गया जिले के 5 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

गया: मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पंजाब के लुधियाना के ग्यासपुरा जहरीली गैस लीक से हुयी मौत की घटना को अत्यंत दुखद बताया है। हादसे में बिहार के गया जिले के रहनेवाले एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने पंजाब के लुधियाना के ग्यासपुरा में हुयी जहरीली गैस लीक से हुये हादसे में बिहार के मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि पंजाब सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक लाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने गया के डीएम डॉ त्यागराजन एसएम से कोंच प्रखंड में स्थित मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी लेने को कहा है।

# रास सांसद के साथ हरनाटाड मे सैकड़ों लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात का सौवाँ एपीसोड

## विधायक ने सैकड़ों लोगों के साथ चौतरवा में सुनी मन की बात

राष्ट्रीय खबर

बगहा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100 एपिसोड रविवार को पूरा हो गया। हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को खूब पसंद किया जाता है। इस बार के ऐतिहासिक एपिसोड को यादगार बनाने के लिए क्षेत्र में जगह-जगह इसकी लाइव स्क्रीनिंग की गई और करोड़ों लोगों ने इसे लाइव सुना। राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने थारू जनजाति बहुल हरनाटांड़ के युगुल साह जनजाति बालिका उच्च प्लस टू विद्यालय के प्रांगण में सैकड़ों महिला-पुरुष तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड सुना। उधर बगहा विधायक राम सिंह पतीलार हाई स्कूल के बूथ नंबर 219 पर स्थानीय पीएससी के डॉक्टर हाई स्कूल के



सम्मानित टीचर एवं स्थानीय कार्यकताओं एवं लोगों के साथ मन की बात सुनी। प्रधानमंत्री के इस एपिसोड को ऐतिहासिक बनाने के लिए काफी प्रयास किए गए थे। भाजपा पूर्व से ही इसके प्रचार प्रसार में लगी थी। हरनाटांड़ के बूथ संख्या 52 के शक्ति केंद्र पर तमाम चिकित्सकों व कार्यकताओं के साथ मन की बात को सुना। इस दौरान राज्यसभा सदस्य श्री दुबे ने कहा प्रधानमंत्री के मन की बात को लोग सुनते हैं और काफी सराहते भी हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि प्रधानमंत्री ने कभी भी मन की बात में पार्टी की चर्चा नहीं की। बल्कि देश हित के बारे में चर्चा की है। उन लोगों के बारे में चर्चा की है जो समाज के लिए बेहतर कर रहे हैं। चाहे वह सफाईकर्मी हो, पर्यटक के लिए काम करने वाले हो, स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले हो अथवा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों को सम्मान दिलाने वाले हो। ऐसे लोगों के बारे में चर्चा करके राष्ट्र हित की बात करते हैं। आज भी मन की बात के 100वें कार्यक्रम में भी उन्होंने ऐसा ही किया। जिसे लोगों ने काफी सराहा है। इस मौके पर डा. कृष्ण मोहन राय, डॉ प्रदीप गिरी, डॉ चिंतामणि काजी, डॉ. बृजकिशोर काजी, डॉ कामेश्वर महतो, सरपंच मदन जयसवाल, धन्नू सिंह , गुड्डू तिवारी, प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण काजी अमरजीत सिंह, जितेंद्र राय, श्याम कुमार, राजू गुप्ता, विंध्यवासिनी ठाकुर, राजेश जायसवाल, सतीश गुप्ता, उषा देवी, गीता देवी, सरोज देवी, सरस्वती देवी, चंदन कुमार, अनिल कुशवाहा, पारस महतो, बिट्टू जायसवाल, आदित्य जायसवाल, विजय साह व गुड्डू चौबे आदि सैकड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी।

## हृदय रोग शिविर में 450 मरीजों का हुआ मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण

राष्ट्रीय खबर

गया : शहर के एपी कॉलोनी स्थित शुभकामना हार्ट हॉस्पिटल में हृदय रोगियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अमन सिन्हा एवं अपोलो हॉस्पिटल कोलकाता के प्रसिद्ध हृदय रोग सर्जन डॉ अमरकांत घोष ने लगभग 405 रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज कर स्वस्थ जीवन जीने के लिए परामर्श दिया।



इस दौरान हृदय रोगियों का कई प्रकार की जांच निशुल्क किया गया। साथ ही साथ हृदय रोगियों को निशुल्क स्क्रीनिंग भी की गई। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अमन सिन्हा ने कहा कि खासकर उन हृदय रोगियों का एंजियोग्राफी, इंजिओप्लास्टिक वाले मरीज पेसमेकर लगवा चुके या लगवाने वाले हैं वैसे मरीजों को सही तरीके से जांच करने की सलाह दी गई। मौके पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ ऋचा भारद्वाज ने स्त्रियों से संबंधित रोगों का इलाज कर स्वस्थ रहने की टिप्स दिया। उन्होंने बताया कि शुभकामना हॉस्पिटल की ओर से प्रत्येक महीने निशुल्क कैंप लगाकर मरीजों को बेहतर इलाज करेगी।

## संपादकीय

# गुजरात की न्याय व्यवस्था के राजनीतिक तार

गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति हेमंत एम. प्रचारक गुजरात उच्च न्यायालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। इस मामले में अदालत द्वारा मोदी उपनाम टिप्पणी मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने के उनके आवेदन को खारिज कर दिया गया था। उच्च न्यायालय की एक महिला जज पहले ही खुद को इस मामले से अलग कर चुकी है। जिसके बाद यह मामला न्यायमूर्ति प्रचारक की अदालत में पहुंचा है। उन्होंने प्रारंभिक तौर पर जो मौखिक टिप्पणियां की, उससे कान खड़े हो गये। अब पता चल रहा है कि हाई कोर्ट में जज बनने से पहले वह वकील थे। इस दौरान उन्होंने गुजरात दंगे की एक आरोपी माया कोडनानी की तरफ से दलीलें दी थी। अभी हाल ही में कोडनानी सहित कई आरोपियों को अदालत ने बरी भी कर दिया है। न्यायमूर्ति प्रचारक के बारे में पता चला है कि वर्ष 2021 में, उन्हें गुजरात उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इससे पहले न्यायाधीश रॉबिन पॉल मोगेरा, जो इस मानहानि मामले में दो साल की सजा के खिलाफ सूरत सत्र



अदालत में गांधी की अपील पर सुनवाई कर रहे थे, 2006 के तुलसीराम प्रजापति मामले में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह के वकील थे। फर्जी एनकाउंटर का मामला रिपोर्ट में रेखांकित किया गया था कि एक वकील के रूप में मोगेरा ने कम से कम 2014 तक शाह का प्रतिनिधित्व किया था जब मामले की सुनवाई मुंबई में केंद्रीय जांच ब्यूरो की अदालत में चल रही थी। 20 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए, न्यायाधीश मोगेरा ने गांधी की अपील को खारिज कर दिया। इस अपील के राजनीतिक निहितार्थ थे, जिसका सीधा संबंध भाजपा से था क्योंकि सत्र अदालत के फैसले का असर हो सकता था। अब ऐसी ही एक रिपोर्ट आई जिसमें न्यायमूर्ति हेमंत एम. प्रचारक ने गुजरात उच्च न्यायालय में सूरत की अदालत के फैसले के खिलाफ गांधी की अपील पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति प्रचारक ने फरवरी 2002 में अहमदाबाद के नरोदा पाटिया और नरोदा गाम इलाकों में दंगों के बाद के मामलों में से एक मामले में विशेष एसआईटी अदालत के खिलाफ आपराधिक मामला संख्या 1708/12 में कोडनानी का बचाव किया, जहां महिलाओं सहित सौ से अधिक मुस्लिम थे। इस दंगे में बच्चे भी मारे गए थे। नरोदा पाटिया और नरोदा गाम मामलों के सभी आरोपियों को एक सप्ताह पहले गुजरात की विशेष अदालत ने बरी कर दिया था। गुजरात में नरेंद्र मोदी सरकार में शक्तिशाली मंत्री कोडनानी के बरी होने से सक्रिय राजनीति में लौटने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। गांधी ने सूरत की अदालत के फैसले से राहत पाने के लिए गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि जस्टिस गीता गोपी को 27 अप्रैल को मामले की सुनवाई करनी थी, लेकिन उन्होंने खुद को इससे अलग कर लिया। चूंकि गांधी के वकील पंकज चंपानेरी ने अपील की थी कि आपराधिक पुनरीक्षण आवेदन पर तत्काल आधार पर सुनवाई की जाए, न्यायमूर्ति गोपी ने इसकी अनुमति दी लेकिन यह कहते हुए सुनवाई से खुद को अलग कर लिया औ? कहा मेरे सामने नहीं। इसके बाद यह मामला न्यायमूर्ति प्रचारक की अदालत में गया है। अब पता चला है कि प्रचारक ने गुजरात उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में अभ्यास शुरू किया और उसके बाद मोदी के अधीन गुजरात सरकार के सहायक वकील के रूप में काम किया। 2015 में, मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद, उन्हें गुजरात के उच्च न्यायालय के लिए केंद्र सरकार का स्थायी वकील नियुक्त किया गया, जो 2019 तक चला। इसलिए राहुल गांधी के खिलाफ दायर मामला अब गुजरात के उन अदृश्य परतों को भी खोलता जा रहा है, जिस पर पहले आम जनता का ध्यान नहीं गया था। लेकिन इससे गुजरात की न्यायव्यस्था पर सरकारी पकड़ कैसी है, यह भी धीरे धीरे स्पष्ट होता जा रहा है। यह अलग बात है कि कानून और विधि व्यवस्था की वास्तविक स्थिति क्या है, यह पूरा देश महिला पहलवानों के धरने और उससे जुड़े घटनाक्रमों से देख रहा है। जहां एक अभियुक्त अब भी स्पष्ट तौर पर पूरे शासन को चुनौती दे रहा है और खुद को बेकसूर भी बता रहा है। अजीब स्थिति यह है कि कभी देश का नाम रोशन करने वाली दूसरी पूर्व महिला खिलाड़ियों ने भी अपनी बदली हुई भूमिका में शायद इस सरकार के सामने घुटने टेक दिये हैं। इस तमाम घटनाक्रमों से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अब शायद राहुल गांधी का मामला भी सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ता हुआ सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचेगा। अपना सरकारी बंगला खाली कर राहुल गांधी ने भी यह साफ कर दिया है कि वह इतनी जल्दी हथियार डालने के मूड में नहीं हैं और इन घटनाक्रमों का राजनीतिक असर क्या हो रहा है, यह कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में और साफ होने जा रहा है।

# अपराधियों का महिमामण्डन रुग्ण समाज की निशानी

गैंगस्टर एवं नेता ब्रदर्स अतीक व अशरफ अहमद की इलाहाबाद के एक अस्पताल परिसर में गत 15 अप्रैल की रात पुलिस हिरासत में मीडिया से बातचीत के दौरान तीन हमलावरों ने नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकाण्ड के बाद उनके महिमामण्डन की कई खबरें सामने आई हैं। अतीक-अशरफ की हत्या जिन परिस्थितियों में की गयी उसकी आलोचना सर्वत्र की जा रही है। स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ इस घटनाक्रम पर तुरंत सक्रिय हुये व पुलिस की लापरवाही पर उनकी नाराजगी की खबरें भी आयीं। परन्तु उन दोनों भाइयों की हत्या तथा इससे दो दिन पहले ही अतीक के एक बेटे असद की पुलिस के साथ कथित मुठभेड़ के बाद जिसतरह कुछ खबरें इन गैंगस्टर्स के महिमामण्डन को लेकर सुनाई दीं वह चौंकाने वाली थीं। खासतौर पर धर्म के आधार पर अपराधियों का महिमामण्डन किया जाना तो किसी भी कीमत पर मुनासिब नहीं कहा जा सकता।



**तनवीर जाफरी**
स्वतंत्र-पत्रकार

अतीक मुसलमानों का कितना बड़ा हितैषी था इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उस पर पर दर्ज हुये 20 सबसे संगीन अपराधों में दायर 13 मामले पीड़ित मुसलमानों द्वारा ही दर्ज कराए गये थे। वैसे भी प्रायः गैंगस्टर्स का धर्म जाति से कोई वास्ता नहीं होता। इनके गैंग में सभी धर्मों और जातियों के लोग शामिल होते हैं और इनसे पीड़ित लोग भी किसी भी धर्म जाति के हो सकते हैं।

इन वास्तविकताओं के बावजूद अतीक-अशरफ की हत्या के बाद उनका महिमामण्डन करने,उन्हें मुसलमानों के हीरो के रूप में पेश करने यहाँ तक कि शहीद बताने तक की खबरें कई जगहों से प्राप्त हुईं। एक मौलवी तो बाकायदा नमाज के बाद दुआओं में अतीक ब्रदर्स को शहीद बताता नजर आया और उसने उन्हें जन्नत भेजने की दुआएं भी दे डालीं। प्राप्त समाचारों के अनुसार पटना में जामा मस्जिद के बाहर अलविदा की नमाज के बाद अतीक ब्रदर्स के समर्थन में नारेबाजी की गई



और 'अतीक अहमद अमर रहें' के नारे लगाए । देश में और भी कई जगह से अतीक के समर्थन व उसे महिमामंडित करने के समाचार प्राप्त हुए। विदेशी मीडिया ने तो अतीक को रोबिन हुड के रूप में पेश करने की कोशिश की। बेशक उनकी हत्या के तरीकों,पुलिस की लापरवाही,सुरक्षा में चूक पर ऊँगली उठना या इनकी आलोचना अपनी जगह पर सही है परन्तु उन्हें महिमामंडित करना कतई उचित नहीं इसलिये कि किसी अपराधी को महिमामंडित करने का दूसरा अर्थ है उसके द्वारा किये गए अपराधों को नजर अंदाज करना।

अतीक को महिमामंडित करने के विरोध में कई पेशेवर अति उत्साही लेखकों ने तो कई आलेख लिख डाले। बिहार के भाजपा विधायक विधायक हरी भूषण ठाकुर को तो यहां तक कहने का अवसर मिल गया कि - 'अतीक के समर्थन में नारेबाजी करने वालों का एनकाउंटर कर देना चाहिये।' साम्प्रदायिकता को हवा देकर तमाम लोग सरकार से 'रेवड़ी ' हासिल करने की फिराक में न जाने क्या क्या लिखते रहते हैं। परन्तु इनसे यह सवाल तो जरूर पूछा जाना चाहिये कि इन्होंने उस समय क्या प्रतिक्रिया दी थी जब शंभु रैगर नामक एक युवक द्वारा 6 दिसंबर 2017 को राजस्थान में एक बंगाली मजदूर अफराजुल शेख की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गयी थी और उसे जला दिया गया था। इतना ही नहीं बल्कि इस जघन्य हत्याकाण्ड का वीडियो भी स्वयं हत्यारे ही द्वारा फेसबुक पर लाइव टेलीकास्ट किया गया था । वही हत्यारा जेल गया तो जेल से भी वीडियो बनाकर डालता रहा। और जब वह जमानत पर बाहर आया तो उसके समर्थन में हजारों लोगों ने जुलूस निकाला था। उसके समर्थन में नारे लगाये गये। यहां तक कि उत्पाती साम्प्रदायिक भीड़ द्वारा अदालत की छत पर चढ़ कर भगवा झंडा लहरा दिया गया था ?जघन्य अपराधियों,बलात्कारियों,हत्यारों को महिमामंडित करने उन्हें हीरो बनाने जैसा घृणित कार्य तो गोया अब परंपरा का रूप लेता जा रहा है। किसी घटना को साम्प्रदायिक या जातिवादी मोड़ दे दिये जाने पर तो गोया अपराधियों का महिमामण्डन अनिवार्य सा हो गया है। देश में ऐसी दर्जनों मिसालें मौजूद हैं। हाथरस बलात्कार काण्ड में बलात्कारियों के पक्ष में पंचायत बुलाई गयी। 2018 में जम्मू के कठुवा में एक गरीब मजदूर की 8 वर्षीय बेटी असिफा का अपहरण कर उसके साथ गैंग रेप किया गया व उसकी निर्मम हत्या कर उसकी लाश जंगल में फेंकने जैसी वारदात अंजाम दी गयी। और उसके बाद बलात्कारियों व हत्यारों के पक्ष में राज्य के भाजपा मंत्रियों व विधायकों का खड़ा होना व उन्हें बचाने के लिये जुलूस प्रदर्शन धरना करना क्या देश कभी भूल सकेगा ? बिल्कीस के बलात्कारियों,दंगाइयों की सुगम रिहाई और बाद में राजनैतिक मंच पर उस अपराधी का महिमामण्डन,क्या अपराधियों के हौसले नहीं बढ़ाता ? 2019 में शाहजहांपुर के स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय जिसे स्वामी चिन्मयानंद का ट्रस्ट चलाता है यहां पढ़ने वाली एलएलएम की एक छात्रा ने स्वामी चिन्मयानंद पर यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए थे। उन्हें एम पी एम एल ए अदालत बा इज्जत बरी कर देती है। जामिया में धरने पर बैठे लोगों की तरफ जो अनजान युवक तमंचे से गोलियां चलाता है वह आज महिमामंडित होकर साम्प्रदायिकतावादियों का आइकॉन बन चुका है। भाजपा नेता जयंत सिन्हा झारखण्ड में मॉब लिंचिंग के हत्यारे दोषियों को जेल से छूटने के बाद माला पहनाते व उनके साथ फोटो सेशन करते देखे जाते हैं। 2015 में नोएडा के निकट दादरी में अखलाक नमक 50 वर्षीय व्यक्ति की भीड़ ने पीट पीट कर हत्या कर दी थी। अखलाक का बेटा भारतीय वायुसेना में अधिकारी है। उस समय भी तत्कालीन सांसद योगी आदित्य नाथ सहित तमाम बड़े भाजपा नेता मंत्री सांसद व विधायक हत्यारों की हौसला अफजाई करते उन्हें बचाते व उनके पक्ष में पंचायतें करते दिखाई दिए थे।

लगभग वही सिलसिला अतीक व अशरफ की हत्या के बाद भी नजर आया। हत्यारों,बलात्कारियों या किसी भी अपराध में संलिप्त लोगों को धर्म या जाति के आधार पर समर्थन देना एक खतरनाक सिलसिले को बढ़ावा देना है। कहना गलत नहीं होगा कि अपराधियों का महिमामण्डन न केवल न्याय व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश है बल्कि यह रुग्ण समाज की भी निशानी है।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस (1 मई) पर विशेष

# राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है श्रमिक वर्ग

1 मई का दिन प्रतिवर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा 'मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। यह दिवस समाज के उस वर्ग के नाम है, जिसके कंधों पर सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार है। इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति का प्रमुख भार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है। जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से उनका आशय सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से था।



**योगेश कुमार गोयल**
पत्रकार

**वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है।**

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर यह जानना भी दिलचस्प है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है? अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्किट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्किट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फैंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में 'मई दिवस' को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई।

श्रमिक वर्ग ही है, जो अपनी हाड़-तोड़ मेहनत के बलबूते पर राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है लेकिन कर्म को ही पूजा समझने वाला श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढ़ेरों लुभावने वायदे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुनः उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है, फिर वही शोषण, अपमान व जिल्लत भरा तथा गुलामी जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है।

# क्रोध में हार की झलक

बहुत समय पहले की बात है। आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र के बीच सोलह दिन तक लगातार शास्त्रार्थ चला।
शास्त्रार्थ की निर्णायक थीं मंडन मिश्र की धर्म पत्नी देवी भारती।
हार-जीत का निर्णय होना बाकी था, इसी बीच देवी भारती को किसी आवश्यक कार्य से कुछ समय के लिये बाहर जाना पड़ गया।
लेकिन जाने से पहले देवी भारती नें दोनों ही विद्वानों के गले में एक-एक फूल माला डालते हुए कहा, यें दोनो मालाएं मेरी अनुपस्थिति में आपके हार और जीत का फैसला करेंगी। यह कहकर देवी भारती वहाँ से चली गई। शास्त्रार्थ की प्रकिया आगे चलती रही।
कुछ देर बाद देवी भारती अपना कार्य पूरा



करके लौट आई। उन्होंने अपनी निर्णायक नजरों से शंकराचार्य और मंडन मिश्र को बारी- बारी से देखा और अपना निर्णय सुना दिया। उनके फैसले के अनुसार आदि शंकराचार्य विजयी घोषित किये गये और उनके पति मंडन मिश्र की पराजय हुई थी। सभी लोग ये देखकर हैरान हो गये कि बिना किसी आधार के इस विदुषी ने अपने पति को ही पराजित करार दे दिया।
एक विद्वान नें देवी भारती से नम्रतापूर्वक जिज्ञासा की- हे ! देवी आप तो शास्त्रार्थ के मध्य ही चली गई थीं फिर वापस लौटते ही आपनें ऐसा फैसला कैसे दे दिया ?
देवी भारती ने मुस्कुराकर जवाब दिया- जब भी कोई विद्वान शास्त्रार्थ में पराजित होने लगता है, और उसे जब हार की झलक दिखने लगती है तो इस वजह से वह क्रोधित हो उठता है और मेरे पति के गले की माला उनके क्रोध की ताप से सूख चुकी है जबकि शंकराचार्य जी की माला के फूल अभी भी पहले की भांति ताजे हैं। इससे ज्ञात होता है कि शंकराचार्य की विजय हुई है। विदुषी देवी भारती का फैसला सुनकर सभी दंग रह गये, सबने उनकी काफी प्रशंसा की।

**शिक्षा :-**
**क्रोध मनुष्य की वह अवस्था है जो जीत के नजदीक पहुंचकर हार का नया रास्ता खोल देता है।**

## जानकारी

# मरिअम्मन मंदिर



ऊटी में मरिअम्मन मंदिर देश भर से भक्तों और पर्यटकों को आकर्षित करता है। मंदिर का सुंदर, पांच-स्तरीय गोपुरम बस आकर्षक है। देवी मरिअम्मन, जिन्हें देवी काली का एक रूप माना जाता है, उन्हें महामाई या शीतला गौरी के नाम से भी जाना जाता है और उन्हें वर्षा की देवी माना जाता है। मंदिर में मरिअम्मन की बहन कालियाम्मन की भी पूजा की जाती है। माना जाता है कि देवी-देवता मिलकर बीमारियों को ठीक करते हैं। हर साल अप्रैल में, मंदिर में देवताओं के सम्मान में एक उत्सव आयोजित किया जाता है जहां भक्त जलते अंगारों पर नंगे पैर चलते हैं। नवग्रहों के रूप में अद्वितीय है मंदिर यहां उनकी पत्नियों के साथ मौजूद हैं।

## साइबर दुनिया

# Redmi Note 12R Pro के स्पेसिफिकेशंस आए सामने

क्या Redmi ने हाल ही में घोषणा की है कि वह Redmi Note 12R Pro स्मार्टफोन को 29 अप्रैल को चीन में लेकर आने वाली है। ब्रांड के पोस्टर से इस स्मार्टफोन के कुछ जरूरी स्पेसिफिकेशंस, फीचर्स, रियर डिजाइन और कलर ऑप्शन का खुलासा हुआ है। Xiaomiui की नई रिपोर्ट के मुताबिक, Redmi Note 12R Pro, Redmi Note 12 5G का रिब्रांडेड वर्जन होगा जो कि पहले से ही चीनी बाजार में उपलब्ध है। आइए Redmi Note 12R Pro के बारे में विस्तार से जानते हैं।



Redmi ने वीबो पर एक पोस्ट के जरिए Note 12R Pro का पोस्टर जारी किया है। कंपनी ने पहले ही यह कंफर्म कर दिया है कि Redmi Note 12R Pro 12GB RAM + 256GB स्टोरेज के सिंगल वेरिएंट में आएगा। वहीं मौजूदा Note 12 5G तीन फ्अट वेरिएंट में आता है, जिसमें 4GB, 6GB और 8GB RAM के साथ 128GB स्टोरेज दी गई है।

**Redmi Note 12R Pro के अनुमानित स्पेसिफिकेशंस**

स्पेसिफिकेशंस की बात की जाए तो Redmi Note 12R Pro 5G में 6.67 इंच की Samsung AMOLED डिस्प्ले मिलेगी जो कि ऋळऊ+ रेजोल्यूशन, 120Hz रिफ्रेश रेट और 1200 निट्स तक पीक ब्राइटनेस का सपोर्ट करेगी। कैमरा सेटअप के लिए इस स्मार्टफोन में 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया जाएगा। वहीं इसके रियर में 48 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ कैमरा दिया जाएगा। ऑपरेटिंग सिस्टम के मामले में यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड MIUI 14 पर काम कर सकता है।

## टॉप ट्वीट



" जब मैंने, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ साझा 'मन की बात' की थी तो इसकी चर्चा पूरे विश्व में हुई थी। आप कल्पना करिए, मेरा कोई देशवासी 40-40 साल से निर्जन पहाड़ी और बंजर जमीन पर पेड़ लगा रहा है, कितने ही लोग 30-30 साल से जल-संरक्षण के लिए बावड़ियां और तालाब बना रहे हैं, उसकी सा×फ-सफाई कर रहे हैं। "

**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



"29 जून 2023 को सिनेमाघरों में इस मैजिक के सामने आने का का इंतजार है। सत्य प्रेम की कथा, साजिद नाडियाडवाला की एनजीई और शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा की नमः पिक्र्स के सहयोग से बनायी जा रही है। 'सत्यप्रेम की कथा' 29 जून 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।"

**साजिद नाडियाडवाला**
निर्माता

## संपादक के नाम पत्र

### धर्म के नाम पर सांप्रदायिक संकीर्णता

जो व्यक्ति धर्म की शरण मे आ जाता है ।वह बहने डूबने से बच जाता है ।समुद्र में कई जहाज चलते है ।डगमगाते हुए जहाजों के लिए समुद्र में आधारभूत द्वीप होता है ।इसी तरह जो धर्मरूपी महाद्वीप में आकर टिक जाता है,फिर जन्म जरा मरण रूपी तीव्र जल प्रवाह उसका कुछ नही बिगाड़ सकता ।सार रूप में यो समझ ले कि धर्म का महत्व असन्दिग्ध है ।धर्म का संबल जीवन मे सबसे बड़ा संबल है ।धर्म अंतर में शांति और साहस का संचार करता है ।धर्म की डगर पर चलने वाला कभी लक्ष्य से नही भटकता ।धर्म से सदा उत्स की सौगात मिलती है ।धर्म से चंचलता मिलती है ।मन और इंद्रियों पर अनुशासन होता है ।धर्म व्यक्ति को अपने आप मे जोड़ता है ।धर्म संपूर्ण जीवन को संतुलित और संयमित बनाता है ।धर्म उच्च आचरण के मार्ग पर प्रशस्त करता है ।धर्म स्वभाव की प्रतिस्थापना करता है ।धर्म जीवन का अमृत है ।धर्म जीवन और जगत का आधार है ।धर्म दुर्गति से बचाकर सुगति देता है ।स्वभाव से रहने की सुमति धर्म ही प्रदान करता है ।कहा तक कहे धर्म की महिमा अवर्णनीय है । धर्म को संसार के सभी मंगलो में सर्वोत्कृष्ट मंगल कहा गया है ।जो धर्म से जुड़ा है उसके जीवन मे अशुभ और अमंगल को स्थान नही है ।जिसकी धर्म मे श्रद्धा है और जिसके जीवन मे धर्म का आचरण है,वह अंतर बाह्य दृष्टि से कभी दरिद्र नही हो सकता ।धर्म कल्पवृक्ष के समान है ।अहिंसा संयम और तप से परिपूर्ण धर्म से जुड़ना चाहिए।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### शांति कुंज हरिद्वार से रथ का हुआ आगमन

**बड़कागांव:** बड़कागांव के राम जानकी मंदिर के प्रांगण में दो दिवसीय गायत्री महायज्ञ रविवार को शुरू कि गयी । शांतिकुंज हरिद्वार से गायत्री जागरण रथ का आगमन हुआ। इसे स्वागत किया गया।यज्ञ का संचालन शांति कुंज हरिद्वार से आये परमेश्वर साहू जी, रघुनंदन साहू जी, सह पत्नी सुशीला देवी जी कर रहे हैं।

## सिटी अपडेट्स >>

### कठवारा चेकनाका के पास सड़क जाम

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रतिनिधि- राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के बैनर तले राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का समर्थन करते हुए रविवार को गिरीडीह डुमरी मुख्य पथ स्थित कठवारा चेकनाका के पास सड़क जाम कर दिया गया।इस दौरान गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।हालांकि पुलिस के समझाने के बाद थोड़े देर बाद जाम को हटा लिया गया। जाम के दौरान बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना न करके आरएसएस बीजेपी द्वारा ओबीसी समाज का अपमान किया जा रहा है।इस दौरान ईवीएम से चुनाव में हो रही गड़बड़ियों, निजी क्षेत्र में एससी- एसटी एवं ओबीसी को आरक्षण लागू करने की मांग,एमएसपी गारंटी का कानून लागू करने सहित अन्य मुद्दों के बारे में भी बताया।हालांकि कुछ देर जाम रहने के बाद जाम को हटा लिया गया।जाम के दौरान लोगों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी किया।जाम की सूचना के बाद एसडीपीओ मनोज कुमार महतो,पीरटांड़ थाना प्रभारी डीलसन बिरुआ व निमियाघाट थाना प्रभारी साधन कुमार दल बल के साथ पहुंचे।लोगों को समझाने के बाद जाम हटा लिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अंचल की प्रभारी प्रधान लिपिक हुई सेवानिवृत

**दारू :** दारू अंचल की प्रभारी प्रधान लिपिक जिनिद डांग 29 अप्रैल दिन शनिवार को 19 वर्ष तक बेदाग कार्य करने के बाद अपने कार्य से सेवानिवृत्त हो गई। इस अवसर पर अंचलाधिकारी नीतू कुमारी के कार्यालय कक्ष में एक कार्यक्रम में आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम में उन्हें माला पहनाकर व बुके के साथ गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया इस दौरान माहौल बहुत ही भावुक हो गया और सहकर्मियों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। सेवानिवृत कर्मी ने दारू अंचल में 2021 से अबतक दो वर्ष की सेवा दी उनकी पहली जॉइनिंग वर्ष 2004 में स्थापना शाखा में हुई थी उसके बाद उपायुक्त कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय,सदर प्रखंड, कटकमदाग और फिर दारू अंचल में अपनी सेवा दी। इस अवसर पर अंचलाधिकारी ने कहा कि जिनिद अपने पूरे कार्यकाल में काफी अच्छे ढंग अपने कर्तब्य का निर्वहन किये सभी सहकर्मियों को उनका भरपूर सहयोग मिला। वह उनकी बेहतर भविष्य की कामना करती है।

### पीएम मोदी का मन की बात प्रेरणादायक कार्यक्रम : ब्रजकिशोर

**हजारीबाग :** हजारीबाग रविवार को हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने अपनी मन की बात का सौ वां एपिसोड को राष्ट्र का नाम समर्पित किया। 100 वां एपीसोड को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के सेवा कार्यालय सभागर में हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़ सहित भाजपा कार्यकताओं और आम जनों ने सुना। पीएम मोदी ने अपना संबोधन राष्ट्र के नाम करते हुए कहा कि यह मेरे लिए आस्था पूजा और व्रत है।

**कार्यक्रम** मार्खम कॉलेज में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

# मन की बात बन गया है जन आंदोलन : जयंत

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबागः** मार्खम कॉलेज के विवेकानंद सभागार में हजारीबाग के सांसद सह संसदीय वित्त संबंधी स्थाई संसदीय समिति के अध्यक्ष जयंत सिंहा के तत्वावधान में आयोजित देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कराया गया। इस प्रसारण को सभी उपस्थित शिक्षक- कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं छात्र -छात्राओं ने देखा। इस कार्यक्रम के पश्चात अपने संबोधन में सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि ह्यमन की बात जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी देश के प्रधानमंत्री के 'सबका साथ ,सबका विकास एवं सबका विश्वास' पर प्रगति के पथ पर हैं। अपने संबोधन के दौरान सांसद ने मंच से उतरकर सभीछात्र-छात्राओं की कक्षा लेते हुए 'मन की बात' पर अपना मंतव्य एवं सलाह देने की बात कही। इस पर छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। अपने विचार व्यक्त करने वाले छात्र-छात्राओं में मुख्य रूप से एनएसएस की स्वयंसेविका प्रगति प्रेरणा, एनसीसी कैडेट सोनल कुमारी एवं सुमंत कुमार सोनी ने अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा सोनाली कुमार ने देश की गंभीर समस्या को समानता करने पर अपना विचार दिया।

इस पर सांसद ने आर्टिकल 14 पर समानता के अधिकार को बताया। सांसद क्षेत्र विशेष कल्चर सोहराई कला का हजारीबाग, रांची हवाई अड्डा एवं दिल्ली हाट पर स्थानीय सोहराई कला की ख्याति की जानकारी दी। सांसद ने प्रधानमंत्री के योगा कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे निरंतर करते रहने की सलाह देते हुए वृक्षासन आश्रम को कर दिखाया।

कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ संध्या प्रेम ने सांसद से कॉलेज के विकास में सहयोग करने की बात कही। प्रधानाचार्या ने सांसद को मन की बात कार्यक्रम को सफल आयोजन कराने की तारीफ की। मंच संचालन प्रोफेसर इंचार्ज डॉ श्याम किशोर सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक गजेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपाई नेता आनंद देव, अनुपम भाई वर्मा ज्योति कुमार गुड्डू विकास सिन्हा अरविंद सिंह सुरेंद्र कुमार सिन्हा, जितेंद्र जैन, समेत कॉलेज के शिक्षकों में मुख्य रुप से डॉ प्रदीप कुमार सिंह, प्रोग्राम ऑफिसर भोला नाथ सिंह वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ बीडी त्रिवेदी, शिक्षक संतोष कुमार रविदास, कनक रागनी, अंतरा गुप्ता, अनुपम कुमारी, कलाकार अमित कुमार गुप्ता समेत पूरा विवेकानंद सभागार मन की बात कार्यक्रम को देखने के लिए भरा हुआ था। इस अवसर पर सांसद ने सभी छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य सुरक्षा किट्स का वितरण कराया।

# सदर विधायक के सेवा कार्यालय में लोगों ने सुनी मन की बात



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** रविवार को हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने अपनी मन की बात का 100 वां एपिसोड को राष्ट्र का नाम समर्पित किया। 100 वां एपीसोड को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के सेवा कार्यालय सभागर में हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़ सहित भाजपा कार्यकताओं और आम जनों ने सुना। पीएम मोदी ने अपना संबोधन राष्ट्र के नाम करते हुए कहा कि यह मेरे लिए आस्था पूजा और व्रत है। पीएम की मन की बात ईश्वर रूपी जनता जनार्दन के चरणों में प्रसाद की छांव जैसी है। मन की बात करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी अपनी भावनाओं को रोक नहीं सके और कई बार भावुक हो गए । मौके पर उपाध्यक्ष हजारीबाग के पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का मन की बात ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम है। इससे कई निराशा की नई किरण जगी है। कई नवोदित प्रतिभा को एक मंच मिला है और जीवन में सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है । मौके पर विशेष रूप से भाजपा नेता अनिल मिश्रा, राजेश मेहता, मुकेश सोनी, राजकरण पाण्डेय, विक्रमादित्य, प्रभात कुमार, रूपलाल साव, रंजीत राम, गणेश कुमार,डब्लू राम, विशेषांक वर्मा, सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# सांसद ने बड़कागॉव अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** हजारीबाग के सांसद जयंत सिंहा बड़कागांव अस्पताल का औचक निरीक्षण किया इस दौरान डॉक्टरों में सिर्फ अविनाश कुमार नजर आए। बाकी रूटीन चिकित्सक नजर नहीं आए। जेरेटर रहने के बावजूद भी ओपीडी छोड़, पूरा अस्पताल परिषर अंधेरा था। मौके पर मरीजों एवं ग्रामीणों ने सांसद को जानकारी दिया कि अस्पताल में शाम मे चिकित्सक नजर नहीं आते है। केवल एक डॉक्टर नजर आते हैं। जबकि डॉक्टरों के रहने की आवास की व्यवस्था है।स्वास्थ्य कर्मी भी 4 बजे शाम के बाद हजारीबाग चले जाते हैं। बच्चों के लिए कुपोषण केंद्र शाम को बंद दी जाती है। बड़कागांव के मरीज मुकेश कुमार ने बताया कि इलाज कराने के बाद अस्पताल में एक ही दवा मिला। बाकी दवाइयां बाहर से लेने के लिए डॉक्टर बोलते हैं। इस पर सांसद ने नाराजगी जताई। उसी दौरान अविनाश कुमार ने उक्त मरीज को आश्वासन दिया। सांसद को ग्रामीणों ने बताया कि बड़कागांव अस्पताल में 4 डीजे जनरेटर है इसके बावजूद भी अंधेरा रहता है। ग्रामीणों के शिकार पर सांसद ने खुद देखा की अस्पताल के ओपीडी में कुछ बल्ब जल रहे थे। बाकि परिषर मे अंधेरा छाया हुआ था। ग्रामीणों ने शिकायत की कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था है। जो हमेशा बंद रहता है। मजबूर होकर बाहर में अवैध अल्ट्रासाउंड मे अल्ट्रासाउंड कराते है। भाजपा नेता शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू ने सांसद को जानकारी दिया कि अस्पताल में पानी पीने के लिए व्यवस्था नहीं है।

मधुबन में सहकार भारती की

# एक दिवसीय राष्ट्रीय पैक्स प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़ :** मधुबन स्थित तलेटी तीर्थ में रविवार को सहकार भारती की एक दिवसीय राष्ट्रीय पैक्स प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित कि गई ।बैठक सहकार गीत और दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुई। स्वागत भाषण में झारखंड पैक्स प्रकोष्ठ के प्रमुख चुन्नुकांत ने पारसनाथ की पवित्र भूमि पर सबका स्वागत किया।विषय प्रवेश राष्ट्रीय पैक्स प्रकोष्ठ प्रमुख राजदत्त पांडे ने कराया और उपलब्धियों और अन्य आंकड़ों पर जानकारी दी। तत्पश्चात विभिन प्रदेशों से आए प्रतिनिधियों ने अपने अपने राज्यों के बारे में जानकारी साझा किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर ने सहकार भारती की पृष्ठभूमि पर बताया की ये सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने राष्ट्र की सबसे बड़ी संगठन है।जो विगत 42वर्षों से वैधानिक रूप से देश में कार्यरत है।इसका उद्देश्य सहकारिता के मूल्यों, नैतिकता, आध्यामिक स्तर पर स्थापित करना है।जब प्राथमिक स्तर की समिति की नीव मजबूत होगी तो सामाजिक हितों के अनुरूप ही पैक्स काम करेगी।

# प्रधानमंत्री द्वारा प्रसारित मन की बात से जनता ऊब चुकी है : शैलेन्द्र यादव



- जीएसटी लगाकर छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ डाली
- जीएसटी पर मन की बात क्यूं नही करते

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें प्रधानमंत्री के द्वारा मन की बात पर अपनी राय देते हुए कहा कि केन्द्र में भाजपा कि जब-जब किसी मुद्दे पे फसती है तब-तब प्रधानमंत्री मन की बात कर लोगो को गुमराह करते हैं । उन्होंनें कहा कि मन की बात करने से अच्छा होता जन की बात करते । जिला अध्यक्ष नें कहा कि प्रधानमंत्री भीषण मंहगाई पर मन की बात क्यूं नही करते, देश में बेरोजगारी का ग्राफ बढ़ा है बेरोजगारी पर मन की बात क्यूं नही करते, देश में तीन काला कानून लगाकर 600 किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया किसानों पर मन की बात क्यूं नही करते, जीएसटी लगाकर छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ डाली जीएसटी पर मन की बात क्यूं नही करते, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय संपत्ति को अपने परम मित्र अडानी के हाथों बेच रहें राष्ट्रीय संपत्ति के बारे में मन की बात क्यूं नही करते, अग्निवीर योजना लाकर नवयुवकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहें है उन नवयुवकों पर मन की बात क्यूं नही करते, मंदिर-मस्जिद हिन्दू-मुस्लिम की बात कर देश को साम्प्रदायिकता में झोक रहें हैं देश की एकता पर मन की बात क्यूं नही करते, पुलवामा में 41 जवान शहीद हो गए जवानों पर मन की बात क्यूं नही करते, देश की पहलवान बेटियां पर हो रहे अत्याचारों पर मन की बात क्यूं नही करते, देश में कई ऐसे जन समस्याएं हैं उन जन समस्याओं पर मन की बात क्यूं नही करते । इन्हें देश की कोई चिन्ता नही प्रधानमंत्री केवल अपने मन की बात को ऐतिहासिक बनाने में व्यस्त हैं ।

**प्रतियोगिता** 6 वी जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता हुआ संपन्न

# ताइक्वांडो दिमाग और ताकत का खेल है : हर्ष अजमेरा

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर की डीवीसी चौक स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद बैडमिंटन इनडोर स्टेडियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के पांच टीम एवं विभिन्न विद्यालय से 200 से भी अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी ने पंच मार कर खेल का शुभारंभ किया। वही प्रतियोगिता का समापन शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया। हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के सचिव हेमंत कुमार के द्वारा फूलों का गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर हर्ष अजमेरा का स्वागत किया गया। जिसके पश्चात अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। जिसके उपरांत प्रतियोगिता के दौरान जीत प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल प्रदान किया। जीत प्रतिभागियों में रितिका भारद्वाज, अंशु प्रिया यादव एवं आदित्य गुप्ता,आरोही कुमारी, माही कुमारी,अमीषा अग्रवाल,नीलाद्री मिश्रा, रूपाली राज वर्मा, जया कुमारी, अंजू कुमारी यादव सहित कई प्रतिभागी बच्चों को मेडल प्रदान की गई।

इन बच्चों में सबसे कम उम्र के अंशु प्रिया एवं आदित्य गुप्ता है। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के सभी पदाधिकारियों को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ताइक्वांडो दिमाग और ताकत का खेल है आशा है शहर के खिलाड़ी इस खेल में अन्य खेल क्षेत्रों की भांति ही हजारीबाग जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे।

साथ ही कहा कि ताइक्वांडो को 200 से भी अधिक देशों में लगभग 8 करोड से अधिक लोग या खेल खेलते हैं कोई भी खेल छोटा या बड़ा नहीं होता खेलने वालों का हौसला बुलंद होना चाहिए सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। मौके पर हेमंत कुमार ने कहा की यह प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले उपकरण सेंसर पी एस एस और ई एस एस के माध्यम से कराया जा रहा है जिसको झारखंड ताइक्वांडो संघ से ओब्जारबर के जिसमें हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों को और भी निखरने के लिए एक प्रयाश किया जा रहा है। मौके पर : समाज सेवी नीरज जैन, साहिल जैन, हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के अंगरक्षक प्रमोद पाठक चेयरमैन संजय उपाध्याय अध्यक्ष सुमन कुमार तिवारी सचिव हेमंत कुमार कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार संयुक्त सचिव चंदन राणा रोशन गुप्ता वपेंद्र प्रकाश रोशन चौहान निरंजन यादव गौरव कुमार मोहम्मद गुलाम हसन एवं संघ के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### शिव मंदिर को ट्रस्ट बनाने को लेकर बैठक हुई संपन्न

**हजारीबाग :** हजारीबाग आज सदर प्रखंड स्थित शिवांगना शिव मंदिर बैहरी सखिया के प्रांगण मे रामस्वरूप महतो की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई , जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की शिवांगना शिव मंदिर की स्थापना समाजसेवी स्वर्गीय गोपाल प्रसाद की स्मृति के रूप मे ट्रस्ट का नामकरण किया जाएगा , जिसमे इस शिव मंदिर परिसर मे 13 गांव के अखाड़ों का रामनवमी मेला लगता है और बताया जा रहा है कि इस शिवांगना शिव मंदिर मेला परिसर मे सभी अखाड़ों का मेला सदियों से लगाया जा रहा है जो कि यह हजारीबाग का इंटरनेशनल रामनवमी पर्यटक स्थल के रूप में देखा जा रहा है इस स्थल मे दुर्गा पूजा भी मनाया जाता है, और यहां हजारों भक्तों की आस्था रहती है, और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की इस ट्रस्ट मे 13 गांव जिसमे बैहरी , सखीया, ओरिया, चानो, गुड़वा कानिमुंडवार , बेलामुंडवार , बिरबीर, अमृतनगर ,अमृतनगर करवेकला, सिंघानी , सीतागढ़ , एवं जुलजुल के गणमान्य लोगों को शामिल किया जाएगा , ट्रस्ट बनाने को लेकर पूर्व में भी बैठक किया गया , इस बैठक मे सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह , बैहरी पंचायत के मुखिया पवन यादव, सखिया पंचायत के पूर्व मुखिया अरुण यादव समाजसेवी रामस्वरूप महतो , जानकी महतो , समाजसेवी पूरन महतो, रविन्द्र प्रसाद ,दशरथ प्रसाद, दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार, पूर्व सरपंच सुभाष यादव, परमेश्वर दयाल कुशवाहा , सुबल कुशवाहा, विजय पासवान , महेंद्र साव , रोहित यादव , गौतम गोप , मनोज ठाकुर, मनोज यादव, बरूण रंजन, राजेश मेहता , बेनी प्रसाद ,गोपाल प्रसाद , सुनील कुमार , सुनील कुमार देव , बिनोद पासवान, बिनोद कुमार, देव दीप कुमार, राजेश कुमार, संतोष कुमार, मनोज कुमार, एवं काफी संख्या मे गणमान्य लोग शामिल हुए ।

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं टीम के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन सम्पन्न

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला समाहरणालय सभागार में झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं उनकी टीम के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से बाल संरक्षण आयोग के सदस्य सुनील कुमार वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र कस्तूरबा विद्यालय के साथ-साथ बाल श्रम इत्यादि विषयों पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही विभाग के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की विशेष देखरेख सफाई एवं पोषाहार पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई। उन्होंने जिले में संचालित बाल सुधार गृह में बच्चों के रखरखाव, शिक्षा के अलावे बुनियादी सुविधाओं पर भी जानकारी दी। मौके पर उन्होंने कहा कि, बाल श्रम ट्रैफिकिंग न हो इस पर भी विशेष फोकस की जा रही है। बालश्रम से मुक्त बच्चों के पुनर्वास प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई जाएगी।

### राज्य सरकार की योजनाओं में लूट- खसोट चरम सीमा पर हो रही है : जयंत सिन्हा

**बड़कागांव :** बड़कागांव हम कमीशन खोरी के लिए नहीं बल्कि देश के विकास के लिए काम करते हैं। सांसद का काम बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाना एवं क्रियान्वयन कराना है। बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि क्षेत्र का विकास करना राज्य सरकार का काम है। जबकि आम लोगों की समस्या का समाधान करना पंचायत जनप्रतिनिधियों का काम है। जिन क्षेत्रों में कोयला खनन के लिए नोटिफिकेशन हो गया है उस क्षेत्र में किसी भी हाल में प्रधानमंत्री आवास नहीं बनेगा। एनटीपीसी में अब लोगों का रोजगार नहीं है। डीएमएफटी फंड जिला प्रशासन के प्रबंधन समिति संचालित करती है। उक्त बातें हजारीबाग सांसद जयंत सिंहा बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद सांढ पंचायत भवन में प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार की अध्यक्षता में मुखिया के साथ बैठक में संवाद के आदान-प्रदान के दौरान कहीं। बैठक का संचालन पूर्व मुखिया भीखन महतो ने किया। बैठक में प्रखंड के 23 पंचायत में 12 पंचायत के मुखिया अथवा मुखिया प्रतिनिधि शामिल थे। मुखिया संघ द्वारा सांसद श्री सिन्हा को 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। पूर्व मुखिया दीपक दास द्वारा पंचायतों में सांसद मद का काम नहीं दिखने के सवाल पर सांसद श्री सिन्हा ने भड़कते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक को 5 वर्ष में 25 करोड रुपैया मिलता है। जबकि मुखिया को 5 वर्ष में 125 करोड़ रुपैया। इसलिए मुखिया के माध्यम से ही पंचायत का विकास अधिक किया जा सकता है।

### श्री श्री 1008 शिव हनुमान प्रतिष्ठा सह यज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत स्थित जोराकाट गांव में श्री श्री 1008 शिव हनुमान गण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का भव्य आयोजन शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू किया गया। इस कलश यात्रा में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, आजसू नेता एवं बड़कागांव प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, मुखिया वासुदेव यादव, देवकी महतो, पंचायत समिति सदस्य मोहन कुमार महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, परमेश्वर महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य देवनाथ महतो, रामेश्वर महतो, वार्ड सदस्य प्रेमलाल महतो, यज्ञ समिति अध्यक्ष लहसुन महतो, सचिव वचन देव महतो, कोषाध्यक्ष कुलदीप गंझू, उपसचिव रामसहाय महतो, संयोजक कैलाश महतो, हीरालाल महतो, पारसनाथ महतो, फूलचंद महतो, रतनू महतो, बालेश्वर महतो, महेंद्र महतो, नागेश्वर महतो, निर्मल महतो, रंजीत महतो, विनोद महतो, तुलेश्वर महतो, बृंद्र महतो, रूपलाल गंझू, शिवकुमार, रघु महतो सहित बड़ी संख्या में महिला- पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। उक्त यज्ञ का पूणार्हुति 5 मई को किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद श्री सिन्हा ने कहा कि धार्मिक संस्थान आयोजन होने से सामाजिक एकता एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहती है। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि यज्ञ आयोजन से क्षेत्र में शुद्धता एवं उन लोगों में पवित्रता बरकरार रहती है। जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने का एक माध्यम धार्मिक अनुष्ठान है।

### विभावि के सीसीडीसी डॉ.आरएन सिन्हा को किया गया सम्मानित

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के सीसीडीसी डॉ0 आरएन सिन्हा को रिटायरमेंट की पूर्व संध्या पर शनिवार को कुलपति सम्मेलन कक्ष में सम्मानित किया गया। कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉ आरएन सिन्हा ने विश्वविद्यालय की सभी चुनौतियां का सामना करते हुए इसके विकास के लिए समर्पित रहे। उनकी नजरों में डॉ सिन्हा का सम्मान इसलिए सर्वोच्च है कि वे एक सफल शिक्षक के साथ-साथ कुशल प्रशासक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। उनका कार्यकाल बेदाग और शानदार रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त सलाहकार सुनील कुमार सिंह ने कहा कि डॉ सिन्हा धैर्यपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे और टीम वर्क की भावना को विकसित कर अपने कर्तव्यों को निभाया। इस मौके पर डॉ आरएन सिन्हा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि का मुख्य कारण टीम वर्क रहा और पूरे विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोक्टर डॉ मिथिलेश कुमार ने डॉ सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को कुलसचिव डॉ कौशलेंद्र कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, रूसा के संयोजक डॉ चंद्रशेखर सिंह, डॉ सिन्हा के शोधगुरु डॉ पी. महतो, परीक्षा नियंत्रक डॉ गौरीशंकर तिवारी, डॉ विकास कुमार, डॉ सरोज कुमार सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, भैया मुकेश कुमार, नंद कुमार, ई. अरविंद कुमार आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि 42 वर्षों की सेवाकाल अपने आप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ मिथिलेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, रवि गांगुली, विनय कुमार समेत काफी संख्या में शिक्षकेत्तरकर्मियों की भी उपस्थिति थी।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र प्रदेश

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

प्रदेश >> अपडेट

### नेता व प्रबुद्धजनों ने सुनी मन की बात

**पलामू** : हरिहरगंज में कई जगहों पर रविवार को प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 100 वां एपिसोड को बड़ी धैर्य और उत्सुकता के साथ सुनीं गई। इस मौके पर कार्यक्रम को सुनने के लिए बीजेपी के नेताओं के द्वारा प्रबंध किए गए थे। इस दौरान बीजेपी प्रखण्ड कार्यालय में मण्डल अध्यक्ष बलू बलराम के नेतृत्व में पीएम की मन की बात का 100 वां एपीसोड को नेताओं , प्रबुद्ध जनों ने सुना।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बाइक अनियंत्रित होने से मां पुत्र घायल

कोडरमाः जिले के तिलैया थाना अंतर्गत गुमो में रविवार को बाइक के अनियंत्रित होने से बाइक पर सवार मां और पुत्र घायल हो गए। घायलों की पहचान बरही के बुधिडीह निवासी रामलखन यादव (35) एवं पर्वतीया देवी (58) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से बरही से तिलैया की तरफ आ रहे थे इसी दौरान गुमो में बाइक अनियंत्रित होने से दोनों गिरकर घायल हो गए। पीसीआर वैन के द्वारा दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया है। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### पतंजलि आरोग्य केंद्र एवं स्वदेशी स्टोर का हुआ उद्घाटन

**डोमचांच**: नगर पंचायत मे कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित डोमचांच टैक्सी स्टैंड के निकट पतंजलि आरोग्य केंद्र एवं स्वदेशी स्टोर का उद्घाटन समाजसेवी मदन मोहन प्रसाद, कवीलास देवी एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महेंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि पतंजलि आरोग्य केंद्र एवं स्वदेशी स्टोर के खुलने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### थैलीसीमिया पीड़ित मासूम बच्चे को परवेज आलम ने किया रक्तदान

**पाकुड़** : पाकुड़ इंसानियत फाउंडेशन के सदस्य द्वारा लगातार असहाय जरूरतमंदो को रक्तदान कर एक अलग पहचान बनाये है जिला पाकुड़ मे ही नहीं आसपास के जिलों मे भी डोनेट कर रहा है`इंसानियत फाउंडेशन को देखकर ग्रामीण इलाकों युवा सब बड़चड़ कर रक्तदान और आर्थिक मदद के लिए आगे आ रहे है`जानकारी के मुताबिक सदर आसपास सोनाजोरी पाकुड़ मे भर्ती जयकीस्टोपुर के 6वर्षीय बेटा असफाक शेख को थैलीसीमिया नामक बीमारी से ग्रसित है ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव रक्त अति आवशयकता रही `परिवार वालों ने इंसानियत फाउंडेशन मे मदद की गुहार लगाई सूचना मिलते समूह के सदस्य परवेज आलम पाकुड़ ब्लड बैंक जाकर डोनेट किया मौके पर समूह के अध्यक्ष बानिज, कोषाध्यक्ष फरजन,साहबूल, सोइबूर शेख कर्मचारी नवीन रहे है।

### भाजपा कार्यकताओं ने देखा सीधा प्रसारण

**झुमरीतिलैया** : भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के कई मंडलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वां एपिसोड का सीधा प्रसारण देखा गया। स्थानीय सांसद और केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने तिलैया डैम में ग्रामीणों और स्कूल के बच्चों के साथ मन की बात को सुना। मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी मौजूद थे। वहीं झुमरीतिलैया काली मंदिर स्टेशन रोड में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सीधा प्रसारण देखा एवं गया। जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात का 100 वां संस्करण दुनिया का सबसे ज्यादा लोगों द्वारा सुना जानेवाला रेडियो ब्रॉडकास्ट बना है।

प्रोग्राम > प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात के 100वें संस्करण के प्रसारण को

# जिले के सभी बूथों पर कार्यकताओं और जनता ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात के 100वें संस्करण के प्रसारण को पूरे ज़िले में एक उत्सव की तरह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ,ज़िले के सभी प्रखंडो के सभी मंडलों के बूथों पर पूरी तन्मयता के साथ देखा सुना गया। ज़िलाध्यक्ष अमृत पांडे ने बूथ संख्या 262, प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक ने बूथ संख्या 115, अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फिका हसन ने बूथ संख्या 347, महेशपुर के पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन ने बूथ संख्या 252, लिट्टीपाड़ा के पूर्व प्रत्याशी दानियल किस्कू ने बूथ संख्या 170, पाकुड़ के पूर्व विधायक वेणी प्रसाद गुप्ता ने बूथ संख्या 417, निवर्तमान ज़िलाध्यक्ष बलराम दुबे ने बूथ संख्या 411 पर, ज़िला महामंत्री शीला रानी हेंब्रम ने बूथ संख्या 152, ज़िला महामंत्री विजय भगत ने बूथ संख्या 206, नगर अध्यक्ष पंकज साह ने बूथ संख्या 412, प्रदेश कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साह ने बूथ संख्या 377, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पाकुड़ विधानसभा संयोजिका मीरा प्रवीण सिंह और ज़िला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बूथ संख्या 411, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा सम्पा साहा ने बूथ संख्या 377, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के उपाध्यक्ष दुर्गा मरांडी ने बूथ संख्या 55, ज़िला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने बूथ संख्या 426, ज़िला उपाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बूथ संख्या 415, आदि बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कार्यकताओं ने मन की बात सुनी। मोदी जी ने ने चरैवेति चरैवेति-चरैवेति यानी चलते रहो-चलते रहो-चलते रहो की बात कही। उन्होंने कहा कि आज हम इसी चरैवेति-चरैवेति की भावना के साथ ह्यमन की बातह्नका 100वां एपिसोड पूरा कर रहे हैं। हर एपिसोड में देशवासियों के सेवा और सामर्थ्य ने दूसरों को प्रेरणा दी है। मन की बात के 100वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि, मन की बात कोटि-कोटि भारतीयों के मन की बात है। उनकी भावनाओं का प्रकटीकरण है।



## न्यूज फटाफट

### परशुराम सेना का गांवों में भ्रमण हुआ तेज

**पलामू** : राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू इकाई के द्वारा पलामू के पावन धरा पर पहली ऐतिहासिक चिरंजीवी भगवान परशुराम जी के मन्दिर निर्माण के निमित्त भूमि पूजन किया जा रहा है। जो कि 3 मई दिन बुधवार उद्योग विभाग के पीछे मथुराबाडी.रेड़मा मेदिनीनगर में हो रहा है जिसमें पूजन प्रारंभ सुबह 6 बजे से 9 बजे तक होगा पूजन उपरांत बाद आत्मीय भंडारा एवं प्रसाद वितरण परशुराम भक्तों के आगमन तक चलते रहेगी। इस कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव झारखण्ड की टीम एवं पलामू जिला कमिटी के द्वारा लगातार पलामू ज़िले के सभी ब्राह्मण बहुल क्षेत्रों में भ्रमण कर उनको आमंत्रण दिया जा रहा है, जिसके तहत लहल्हे, राकींकला , सतबरवा, लोहड़ी, सिनदूरिया, पथरही, तेतराई, पांकी, सिंगरा, हमीदगंज,पूर्वडीहा सहित कई अन्य क्षेत्रों में डोर टू डोर कैंम्पेन चला कर लोगों को जागरूक कर भूमि पूजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। इस मौके पर उपस्थित प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी अकेला ने कहा कि भगवान परशुराम जी के मन्दिर के लिए जो भूमि पूजन किया जा रहा है वो पूरे भारत वर्ष के लिए नया व अनूठा देखने के लिए परशुराम भक्तों को मिलेगा। प्रदेश संरक्षक सिंगरा निवासी कमलेश शुक्ला ने कहा कि भगवान परशुराम की गाथा अजर अमर है हम सब को उनके द्वारा बताए गए मार्गो पर चलने की जरूरत है जिस तरह से सभी संतों को एकजुट कर एकता के परिचय देते हैं उन्होंने राक्षसों का वध किया था ठीक उसी प्रकार राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ब्राह्मणों एवं सनातन संस्कृति को नाश करने की मंसा रखने वालों का नाश करने का कार्य करेगी। प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी ने कहा कि जहां राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के सिपाही समयाभाव के कारण नहीं पहुच पा रहे हैं तो उन सभी से आशा है कि अखबार,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया,सोसल मीडिया और जैसे भी के माध्यम से हम सभी हाथ जोड़कर निवेदन करते हैं सभी लोग ससमय कार्यक्रम में पहुंचें, आपकी उपस्थित ही इस कार्यक्रम की शोभा हैं। प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा इस भूमि पूजन कार्यक्रम मे किसी जाती विशेष का बंधन नहीं है जो भी परशुराम भक्त है सभी लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बन अपने आप को अनुग्रहीत कर सकते हैं।

## पलामू की जनता ने उत्साह पूर्वक सुना मन की बात



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वीं एपिसोड पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण जनता, पंचायत प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों के साथ लगभग 1100 लोगों की संख्या में मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन (टाउन हॉल) में उत्साह पूर्वक सुना गया। इसके साथ-साथ पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला के 47 बूथों पर मन की बात का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री राम ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम हमेशा ही उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायी होता है। रविवार को सौ वें एपिसोड मन की बात के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह महज एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है। मन की बात कार्यक्रम जिन-जिन विषयों से जुड़ा वह जन-आंदोलन बन गया और उसे जन-आंदोलन आप लोगों ने बनाया है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ मन की बात की थी जिसकी चर्चा पूरे विश्व में हुई थी। विदित है कि उक्त कार्यक्रम की शुरूआत माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा 3 अक्टूबर 2014 को शुरू की गयी थी और यह हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होता है। उक्त कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर अरुणा शंकर,अलख दुबे, सुनील तिवारी, भोला पांडेय, रेणुका पांडेय, मंजू गुप्ता, पूर्णिमा चंद्रवंशी, अन्नपूर्णा तिवारी उपस्थित थी।

### दिवंगत लिपिक ज्ञानचंद को किया याद

**पलामू** : अपने समय के प्रख्यात लिपिक तेंदुआ निवासी दिवंगत ज्ञानचंद प्रसाद की रविवार को दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उनके इंजीनियर पुत्र सह समाजसेवी ओम कुमार उर्फ भोला जी ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए सपरिवार उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । इस अवसर पर उन्होंने उनके गुण और कीर्ति को याद करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में कभी भी हार नहीं माने और न ही उन्होंने किसी को हारना सिखाया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पढ़ाए गए मैथमेटिक्स और इंग्लिश के बल पर मुझे 15 से अधिक देशों में भ्रमण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही अपने रोजगार के क्षेत्र में भी अच्छी तरक्की पाई। उनके बताए रास्ते पर चल कर आज भी मैं गरीब , लाचार और कमजोर लोगों के साथ ही मजदूर किसानों की हक और अधिकारों की रक्षा लिए संघर्षरत हूं।

## देवी मंडप की सड़क के लिये रैयतों ने किया भूदान



राष्ट्रीय खबर

**पलामू** : नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरा गांव में देवी मंडप तक पहुंचने का रास्ता अब आसान हो गया । स्व० लोका पाण्डेय के वंशजों ने रास्ते के लिए अपनी जमीन दान देकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया । इससे यहां देवी मंडप तक रास्ता बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया । इसे लेकर रविवार को ग्रामीणों के साथ भूमिदाताओं ने श्रमदान करने के साथ ही आर्थिक सहयोग भी दिया। जिसके बाद जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर करीब 400 फीट में मिट्टी भरवाकर रास्ते को समतल कराया गया । इससे एक ओर जहां गांव में आपसी भाईचारे की मिसाल कायम हुई वहीं दूसरी ओर देवी कीपूजा अर्चना करने वाले ग्रामीण श्रद्धालुओं को रास्ते की कठिनाइयों से छूटकारा मिल गया । इसके पहले समाजसेविका सह आंगनबाड़ी वर्क्स यूनियन के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभा देवी के द्वारा विधिवत भूमि पूजन के बाद पथ निर्माण कार्य की शुरूआत की गई । मालूम हो कि आठ दशक से भी अधिक समय से निर्मित देवी मंदिर तक लोगों को आने जाने के लिए रास्ता नहीं था। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। खासकर शारदीय नवरात्र तथा चैत्र नवरात्र में महिला श्रद्धालुओं को खेत की पगडंडियों से होकर गुजरना पड़ता था । किंतु अब भूमिदाताओं के इस सार्थक त्याग से देवी मंदिर तक पथ निर्माण हो जाने से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है । पंसस सह समाजसेवी अखिलेश पासवान ने देवी मंदिर तक रास्ते के लिए जमीन देने पर भूमि दान दाताओं की सराहना की।

## तीन मई को रखी जायेगी राधा कृष्ण मंदिर की आधारशिला



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के बैठक में लिया गया।स्थानीय बारालोटा भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर के निमार्णाधीन स्थल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने किया।बैठक में मंदिर निर्माण कमेटी के द्वारा राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी को संरक्षक मनोनीत किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा कहा गया की राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में युवा वाहिनी सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी।युवा वाहिनी के द्वारा कहा गया की सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए वर्तमान में धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है और युवा वाहिनी धर्म के रास्ते पर चलने वाली संगठन है। बैठक में मंदिर निर्माण कमेटी के द्वारा कहा गया की इस क्षेत्र में राधा कृष्ण मंदिर की आवश्यकता है और इसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने भव्य राधा कृष्ण मंदिर निर्माण करने का निर्णय लिया है और इसी के तहत तीन मई को भव्य पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण समारोह के साथ मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी जायेगी। बैठक में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,अनुशासन प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू तिवारी),प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा,प्रमंडलीय संरक्षक शैलेश पांडेय(पप्पू पांडेय),राकेश पांडेय,किशोर दूबे,जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी,अनील दूबे,सुशील तिवारी,राकेश तिवारी व मंदिर निर्माण कमेटी के अरविंद पाण्डेय धनंजय जायसवाल अजय कुमार झा सोनू सिंह राम प्रवेश सिंह शंभू जायसवाल अरविंद ठाकुर परशुराम सोनी नागेंद्र भारती अमित यादव राहुल गुप्ता सुरेंद्र झा गोविंद कुमार किशोर दुबे मुरारी श्रीवास्तव राजीव रंजन श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश रेलवे हाकर्स संघ ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** समाजसेवी हिसाबी राय की अध्यक्षता में जिला ऑटो-ई-रिक्शा ऑनर्स-चालक एसोसिएशन तथा झारखंड प्रदेश रेलवे हाकर्स संघ पाकुड़ ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मन की बात के एक सौ वें संस्करण को सुना। इस संबंध में हिसाबी राय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने। रेडियो के माध्यम से 140 करोड़ देश की जनता को संबोधित किया।कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए खास तैयारियां की गई थी। इसी कड़ी में रेलवे मैदान पाकुड़ में सैकड़ों की संख्या में पाकुड़ जिला ऑटो-ई-रिक्शा ऑनर्स-चालक एसोसिएशन व झारखंड प्रदेश रेलवे हाकर्स संघ कार्यकर्ता उपस्थित होकर मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव अनिकेत गोस्वामी, ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के सचिव राणा शुक्ला,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजूर आलम,सादेकुल आलम मौजूद थे।इस अवसर पर हिसाबी राय ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के बहुचर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सेंचुरी पूरी हुई है।इस खास मौके पर देश को संबोधित करते हुए कहा कि मन की बात एक जन आंदोलन बन गया है।वही अनिकेत गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात वास्तव में एक विशेष यात्रा रही है,जिसमें संपूर्ण भारतवर्ष के लोग की सामूहिक भावना का जश्न मनाया है और प्रेरक जीवन यात्राओं पर प्रकाश डाला है। प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने को देश की जनता आतुर रहती है। देश के बच्चे बुजुर्ग युवा महिला पुरुष छात्र-छात्राएं मजदूर किसान के साथ-साथ देश के हर एक तबके के लोग शामिल हैं।

## श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के भक्ति संध्या में गोता लगाते रहे श्रद्धालु

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैयाः** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में मां वैष्णो देवी नगर, असनाबाद में सेवा भारती के जिला सचिव आलोक कुमार सिन्हा के निवास स्थल पर भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजाया गया। पूजा अर्चना पंडित विजय पांडे ने कराई।



जबकि यजमान के रूप में अनिमेष कृष्ण शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ के साथ हुआ। इसके बाद गणेश वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। भजन गायक बबलू सिंह ने दरबार हजारों हैं ऐसा दरबार कहां, विजय सिंह ने ओ दुनिया के मालिक राम तेरी मर्जी के हम हैं गुलाम, गौतम पांडे ने सांवली सूरत पर मोहन दिल दीवाना हो गया, सुशील सिन्हा काहे गईला कान्हा हो बिरजवा के छोड़ के,अनूप वर्णवाल ने जो खेल गए प्राणों से श्रीराम के लिए एक बार तो, नवीन सिन्हा ने देवों के देव महादेव मेरी बिगड़ी, विजय पांडे ने सबसे निराली महिमा है भाई दो अक्षर के नाम का, दिलीप शर्मा ने ना लागे कान्हा ना लागे तोरा बिना मनवा, सत्येंद्र सिन्हा ने फिर भी मना रहे हैं शायद तुम मान जाए, सुरेश यादव ने ना जरूरत मुझे पूजा-पाठ की जिसने की बंदगी अपने मां-बाप की आदि भजन गाये जिसपर श्रद्धालुगण भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के अरविंद सिंह, अरुण ओझा, आरएसएस के जिला कार्यवाह दिलीप सिंह, शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य रमेश उपाध्याय के अलावा हनुमान संकीर्तन मंडल के अमित सुरोलिया, अरविंद चौधरी, विक्की केसरी, विमल मोदी, लखन सिंह, ओमप्रकाश, विक्रम कुमार, विकास कुमार, राकेश कपसीमे, सुजय सिंह, राहुल सिंह, सिद्धि प्रसाद, संजय सिन्हा, वीरेंद्र सिन्हा, सुमित सिन्हा, निरंजन कुमार, कुलदीप यादव, विजय वर्णवाल, लता सिन्हा, कुमारी मीता, रिया रंजन, प्रिया रंजन, श्रेया रंजन, खुशी रंजन, अनुमान कृष्ण, प्रसन्न राज रंजन, नीना सिन्हा, लीला देवी उर्मिला देवी के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन रामधुन और भव्य आरती के साथ हुआ।

## खुला विश्वविद्यालय के स्टडी सेंटर का फीता काटकर हुआ उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** रविवार को काली भसान कृष्णा कॉलोनी, रॉयल रेसिडेंसी होटल में झारखंड राज्य खुला विश्व विद्यालय के स्टडी सेंटर का विधिवत उदघाटन डॉ उमेश कुमार ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर झारखंड राज्य खुला विश्व विद्यालय के चीफ कॉर्डिनेटर डॉ उमेश कुमार तथा कोडिनेटर डॉ परमहंस प्रताप सिंह,अतिथि के रूप में आरङ्ग सीङ्ग एसङ्ग मझोल, बेगूसराय कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सत्यनारायण पासवान तथा गोड्डा के निजी स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन संस्था के सचिव सुमति कच्छप, कोडिनेटर धर्मेंद्र कुमार सिंह तथा कार्यकर्ता मंजू प्रजापति उदघाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।स्टडी सेंटर के सब-कोडिनेटर गुंजन साहा ने सभी को अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। सेंटर के कोडिनेटर धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिथियों का परिचय करवाया और झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का आभार व्यक्त किया की उन्हे शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देने का मौका दिया।उदघाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ उमेश कुमार ने कहा कि खुला विश्वविद्यालय पाकुड़ के शिक्षा के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।

शहर >> अपडेट

### मजदूर दिवस पर होगा कार्यक्रम

**कोडरमा:** डीवीसी कामगार यूनियन के जिला अध्यक्ष विनोद पासवान ने बताया कि 1 मई दिन सोमवार को सुबह 8 बजे बांझेडीह पावर प्लांट फोर लाइन चौक पर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने का फैसला लिया गया है। मजदूरों पर हो रहे शोषण अत्याचार पर विशेष चर्चा की जाएगी। बांझेडीह पावर प्लांट में कार्यरत मजदूरों के साथ अन्याय के खिलाफ आंदोलन तेज करने पर विचार विमर्श किया जाएगा।

सिटी अपडेट्स >>

### मजदूरों के बिना राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं: सारिका

**झुमरीतिलैया:** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस को लेकर मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत रविवार को झुमरी तिलैया के बाईपास रोड के समीप बन रहे एक मकान में कार्यरत मजदूरों के बीच टोपी, गमछ और सत्तू का वितरण किया। टिफिन आवर में आधी आबादी कार्यस्थल पर पहुंची और असंगठित मजदूरों के साथ मजदूर दिवस मनाया। मौके पर मंच की सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि मजदूर के बिना राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। मजदूर उद्योग की रीढ़ है। कहा कि संविधान में सभी को समानता का अधिकार दिया गया है और जिम्मेदारियां भी बांटी गई है।निर्माण के लिए मजदूर महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम की परियोजना निदेशक रश्मि केडिया, उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया ने कहा कि जीवन की कल्पना में मजदूर मकान, पुल पुलिया सहित कई कार्यो को अंजाम देते हैं। इनके अमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मजदूरों को दो श्रेणी में रखा गया है। एक संगठित मजदूरों जो किसी फैक्ट्री, कारखाने या मिलों में काम करते हैं। दूसरी श्रेणी में असंगठित मजदूर यानी रिक्शा चालक, दिहाड़ी मजदूर और घरेलू नौकर आदि शामिल हैं।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पेयजल समस्या को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**जयनगर:** जयनगर प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में लगभग 700 बच्चियां पढ़ती हैं। उक्त आवासीय विद्यालय परिसर में मात्र एक बोरिंग है जो पर्याप्त नहीं है। इस बाबत प्रमुख अंजू देवी ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर एक अतिरिक्त डीप बोरिंग कराने की मांग है। उन्होंने लिखा है कि भीषण गर्मी में पानी की बहुत दिक्कत है। डीप बोरिंग करने की मांग की है ताकि बच्चे इस भीषण गर्मी में पानी का उपयोग कर सकें और उनको राहत मिले।

### नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**मरकच्चो:** शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में मरकच्चो प्रखण्ड के 2 केंद्रों में आयोजित किया गया। नवोदय विद्यालय के कक्षा षष्टम में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में मरकच्चो प्रखण्ड के बिभिन्न विद्यालयों से कुल 308 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था जिनमें से 266 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया। जबकि 42 ऐसे विद्यार्थी हैं जो अनुपस्थित रहे। सर्वोदय + 2 उच्च विद्यालय केंद्र के प्रधानाध्यापक सह केंद्र अधीक्षक धर्मचंद मंडल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सी एल ओ के रूप में नवोदय विद्यालय के उपेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। वही शिक्षक के रूप में संतोष प्रसाद, संजय कुमार यादव, रामचंद्र दास, हरिहर कुमार सिंह, दिनकर कुमार सिंह, श्रीकांत कुमार ,दीनानाथ प्रजापति, सौरव पांडे को लगाया गया था ।वही दूसरे केंद्र परियोजना उच्च विद्यालय देवीपुर केंद्र के प्रधानाध्यापक न्यूटन कुमार ने बताया कि 116 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें 105 परीक्षार्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हुए। 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यहां सी एल ओ के रूप में नवोदय विद्यालय के शिक्षक कुमार, विजय कुमार आदि यादव उपस्थित थे।

मन की बात

## कोडरमा जिला के सभी मंडलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की

# 'मन की बात' कार्यक्रम में जुटे बीजेपी नेता



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के सभी मंडलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात का 100 वा एपिसोड 30 अप्रैल 2023 को नया इतिहास रचा। स्थानीय काली मंदिर स्टेशन रोड मैं मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहां की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात का 100 वां संस्करण दुनिया का सबसे ज्यादा लोगों द्वारा सुना जानेवाला रेडियो ब्रॉडकास्ट बना है। प्रधानमंत्री जी द्वारा मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत 3 अक्टूबर 2014 को हुई थी। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण 52 भाषाओं एवं बोलियों में होता है, जिनमें 11 विदेशी भाषायें भी शामिल हैं। महामंत्री अनूप जोशी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मन की बात दुनिया का इकलौता रेडियो प्रोग्राम है जिसके माध्यम से राष्ट्र का कार्यकारी प्रमुख हर महीने जनता से सीधा संवाद करते है। इसीलिए प्रधानमंत्री जी के मन की बात देश के ह्लजन-जन और कण-कणह्व की बात बन गई है। कोडरमा जिले मे नेता एवं कार्यकर्ता ओ ने लगभग 70, 80 स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन कि बात का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया ।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह, रवि मोदी ,पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम ,जिला महामंत्री अनुप जोशी,राजकुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र नारायण सिन्हा, देवनारायण मोदी, जूही दासगुप्ता ,जयप्रकाश राम, शिवलाल सिंह ,जिला मंत्री सुधीर सिंह, शशि भूषण प्रसाद, बैजनाथ यादव, कांति देवी, महेंद्र यादव ,जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, सोशल सोशल मीडिया प्रभारी आकाश वर्मा ,पिंटू भारती, प्रवीण पांडे ,सुभाष मोदी, झुमरीतिलैया मंडल अध्यक्ष राजेश सिन्हा, दिनेश सिंह, विजय यादव नरेंद्र पाल द्वारिका राणा, रामदेव मोदी, शशि भूषण चौधरी, महेश बर्मा, जयशंकर प्रसाद ,मुकेश राम ,सुरेंद्र यादव ,संजय शर्मा, इंद्रदेव बरनवाल ,अजय झा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सूरज प्रताप मेहता ,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कामिनी देवी , सविता देवी ,कविता देवी ,रीता लोहानी ,रेखा भदानी ,पुष्पा वर्मा ,मधु देवी, बिंदु देवी ,सुमित्रा देवी ,रीमा देवी ,पूजा देवी ,सुमित चंद्रवंशी ,दिनेश मिश्रा,रोहित जायसवाल, पियुष सहल, ओमप्रकाश ब्रहपुरिया ,भोला यादव ,विजय राम ,राजेश वर्मा, सुधीर सेठ ,निरंजन कसेरा, मदनमोहन गुप्ता,तेजो यादव,आदि सैकड़ों कार्यकताओं ने कार्यक्रम को देखा और सुना ।

## पीसीसी सड़क पर दीवार देकर कब्जा किया,कार्यवाई की मांग



राष्ट्रीय खबर

**डोमचांच:** नगर पंचायत वार्ड संख्या 10 निवासी राजू मेहता ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत डोमचांच को आवेदन देकर पीसीसी पथ के अतिक्रमण की शिकायत करते हुए कार्यवायी की मांग की है। कहा कि वार्ड संख्या 10 में एल आईसी ऑफीस के पीछे मेरे घर के आगे सरकारी मद की राशि से एक माह पहले पीसीसी सड़क का निर्माण करवाया गया था। उस पीसीसी सड़क रास्ते पर प्रभु दयाल साहू पिता बैजनाथ साहू और उसका पुत्र अजीत साहू पिता प्रभु दयाल साहू सभी मिलकर बाजबरन पक्की दीवार देकर अतिक्रमण (कब्जा) करने में जुटा हुआ हैं। जब काफी संख्या में हमलोग ग्रामीण एकजुट होकर सड़क मार्ग पर कब्जा करने से मना किये तो उल्टा गाली गलौज करने के साथ झूठे केस में फंसा देने की धमकी देने लगा। आवेदन की प्रति उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनु ुमंडल पदाधिकारी,अंचलाधिकारी डोमचांच को भी दिया गया हैं।

## स्वच्छता पखवारा पर कार्यशाला का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** पंचायती राज विभाग, पेयजल स्वच्छता विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग, रांची के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का आयोजन 29 अप्रैल से 15 मई तक किया गया है। शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह,उप विकास आयुक्त ऋतुराज, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कार्यशाला में अभियान संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल का उचित उपयोग, पेयजल की गुणवत्ता परीक्षण के संदर्भ में आमजनों को जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि इस स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सम्बंधित पदाधिकारी आपस मे समन्वय स्थापित करते हुए सभी सरकारी भवनों और पब्लिक प्लेसेस में सोक पिट बनवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त हर घर जल का सत्यापन करेंगे। दो मई को प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित होंगे। जिसमें संबंधित विभागों के अलावा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं, पंचायती राज प्रतिनिधि, जलसहिया के साथ चर्चा-परिचर्चा, तीन मई को जिला, प्रखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर श्रमदान कर अपशिष्ट पदार्थो का संग्रण व पृथकीकरण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम होंगे। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज,सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## चंदवारा में फल व्यवसायी की हत्या,रेलवे ट्रैक के पास शव बरामद



राष्ट्रीय खबर

**चंदवारा (कोडरमा):** चंदवारा में फल व्यवसायी की हत्या कर दी गयी। रविवार की सुबह चंदवारा थाना अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन के पास फल व्यवसायी बबलू मोदी (38) का शव मिला। मृतक बबलू मोदी (पिता रामचंद्र मोदी) जयनगर का निवासी था और यहां भाड़े के मकान में रहकर फल का दुकान चलाता था। स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब 10:30 बजे उसे फोन कर बाहर बुलाया गया था, जिसके बाद वह घर से निकल कर गया था। रविवार की सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। जानकारी के अनुसार रेलवेमैन के द्वारा रात में ही चंदवारा थाना को बताया गया कि रेलवे ट्रैक के पास शव पड़ा है, पर सूचना देने के बाद भी पुलिस रात में घटना स्थल पर नहीं पहुंची। घटना को लेकर मृतक के पिता रामचन्द्र मोदी ने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि उसका पुत्र 5 साल से चंदवारा बाजार में पुराना थाना के पास फल की दुकान चला रहा था। रात में चंदवारा थाना के कर्मी आदित्य शर्मा का फोन आया था, जिसके बाद उनका पुत्र बबलू कुमार घर से बाहर निकला था। उसके बाद नहीं लौटने पर खोजबीन की गई पर पता नहीं चला। सुबह पीपराडीह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के पास उसका शव मिला। उन्होंने हत्या का आरोप लगाया है। इधर घटना की सूचना पाकर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी वहां पहुंची और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया।

## संजय सेठ बने कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष, कार्यकताओं ने हर्ष जताया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झुमरीतिलैया निवासी संजय सेठ को कांग्रेस पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। कांग्रेस के निष्ठावान एवं सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संजय सेठ जाने जाते रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के झारखंड प्रभारी सह महासचिव अविनाश पांडे के अनुमोदन उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के द्वारा संजय सेठ को कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागीरथ पासवान के पत्र के आलोक में कहा गया कि इस पद पर रहकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के उद्देश्य तथा सपनों को साकार करने में सहयोगी बनेंगे। संजय सेठ के जिला उपाध्यक्ष बनने पर बरही विधायक अकेला यादव, विधायक प्रतिनिधि अज्जू सिंह, प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश पांडेय, राजेश यादव, सोनू वारसी, साउथ खान, जिला प्रवक्ता संजय शर्मा, राम लखन पासवान, प्रभात राम, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, उमेश जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, आशीष पांडेय, अनंत मेहता, विजय सिंह, प्रमोद वर्णवाल, महेश यादव, राजू सिंह आदि के अलावे जिले एवं प्रखंड के कांग्रेसियों ने बधाई दी है।

सम्मेलन

## झारखंड राज्य महिला समाज का पांचवा जिला सम्मेलन

# अंधविश्वास के खिलाफ महिलाओं को जागरूक होना जरूरी:राम



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखंड राज्य महिला समाज जिला इकाई कोडरमा का पांचवा जिला सम्मेलन साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में महिला नेत्री बसमतिया देवी एवं बलवा देवी के अध्यक्ष मंडली के अध्यक्षता में की गई। सम्मेलन के पूर्व झारखंड के शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो के निधन पर 2 मिनट मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि महिलाएं अंधविश्वास की शिकार हो रही हैं। झारखंड राज्य महिला समाज गठन कर गांव गांव में जाकर महिलाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है। देश में भ्रूण हत्या, दहेज हत्या, घरेलू हिंसा, यौन शोषण के खिलाफ महिला संगठन को लड़ने की आवश्यकता है। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ नारा देते हैं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह सह भारतीय कुश्ती संघ के प्रमुख के द्वारा नाबालिग महिला पहलवान के साथ यौन शोषण करते हैं। अपने अधिकार के लिए महिला पहलवान कार्रवाई करने के लिए दिल्ली जंतर मंतर के परिसर में धरना पर बैठी हैं। श्री रजक ने कहा कि भाजपा के चाल और चरित्र एवं कथनी और करनी का पदार्फाश 2024 लोकसभा चुनाव से पहले सामने आना चालू हो गया है। एटक की प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने कहा कि पूरे कोडरमा जिला में अवैध शराब को कारोबार पुलिस के मिलीभगत से चल रही है। झारखंड राज्य महिला समाज इसके खिलाफ बहुत जल्द ही आंदोलन शुरू करेगी। सम्मेलन में 25 सदस्यों की जिला कमेटी बनाई गई जिसका अध्यक्ष बसमतिया देवी, सचिव बलवा देवी, उपाध्यक्ष देवंती देवी, उपाध्यक्ष किरण देवी, उपसचिव जसोदा देवी, देवी देवी, देवंती देवी, कोषाध्यक्ष ललिता देवी को बनाया गया। सम्मेलन में कलावती देवी, मुनिया देवी, कालिका देवी, प्रमिला देवी, मुनिया देवी, बेबी देवी, मधु देवी, किरण देवी, फरजाना खातून, देवंती देवी, शांति देवी, जुबेदा खातून, रुकमणी देवी, पूजा देवी, सोनम देवी, पुदीना देवी,आदि सैकड़ों महिलायें मौजूद थी। धन्यवाद ज्ञापन देवंती देवी ने किया।

## न्यूज फटाफट

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक,मार्च में बढ़े हादसे



**कोडरमा:** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त महोदय ने पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय पर हुई कार्रवाई की समीक्षा किए। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मार्च महीने में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है जिसपर उपायुक्त ने हो रही दुर्घटनाओं का कारण पूछा एवं आर्यन हॉस्पिटल के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जेजे कॉलेज के पास जेबरा क्रॉसिंग बनाने का निर्देश उपायुक्त द्वारा एनएचएआई को दिया गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने लोहासिकर नदी के पास वाले मोड़ को सीधा करने का निर्देश दिया ताकि दुर्घटना की संभावनाओं को रोका जा सके। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी भगीरथ प्रसाद, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई, प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा व अन्य उपस्थित रहे।

### सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**कोडरमा:** जिला के 100 आंगनवाड़ी सेविकाओ को संस्था द्वारा पंचायत रिसोर्स सेंटर फरेंदा भवन मे बच्चों को शुरूआती शिक्षा, बच्चों को समुचित विकास करना और बच्चों की स्किल डेवलपमेंट आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम मे शनिवार को सेविकाओं को अनेक गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों के समुचित विकास का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके तहत सेविकाओं दवारा अलग अलग प्रकार के कला कृतियां बनाया गया एवं उनका प्रदर्शन्न किया गया! इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी के बच्चों को खेल कूद के माध्यम से विकास के लिए अनेक तरह के खेलकूद गतिविधियों का आयोजन कर भी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

### एसपी के आश्वासन, परिजनों ने किया धरना समाप्त



**कोडरमा:** कोडरमा थाना अंतर्गत भंडारवा निवासी प्रदीप यादव की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत को लेकर मृतक की पत्नी सरिता देवी के द्वारा तिलैया थाना में छह नामजद लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया था, जिसके बाद पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। इसके बाद मृतक की पत्नी अपने पूरे परिवार के साथ विगत 26 अप्रैल से एसपी कार्यालय के समक्ष न्याय की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई। इस दौरान भाकपा ने भी धरना का समर्थन किया था। शनिवार को मृतक के परिजन एसपी कुमार गौरव से मिले। इस दौरान एसपी ने परिजनों को आश्वस्त किया है कि मामले के सही तरीके से जांच और उद्भेदन को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है। एक महीने के अंदर टीम के द्वारा हत्या के कारणों को स्पष्ट करते हुए साक्ष्य भी रखे जाएंगे। वहीं इधर धरना स्थल पर मौजूद कोडरमा व तिलैया थाना प्रभारी के अनुरोध पर कि मृतक की हत्या, आत्महत्या मामले का उद्भेदन कर दिया जायेगा। उसके बाद जारी अनिश्चित कालीन धरना समाप्त कर दिया गया। मौके पर कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार उपस्थिति थे। इस दौरान मृतक के परिजनों ने कहा कि पुलिस पर भरोसा है कि हमें शीघ्र न्याय मिलेगा। ज्ञात हो कि दो दिन से लापता प्रदीप यादव का शव 15 अप्रैल के तिलैया थाना क्षेत्र के वंदना स्वीट्स के सामने बरामद किया गया था।

### झारखण्ड सरकार भी भामा शाह जयंती को दे राज्य स्तरीय मान्यता



**कोडरमा:** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने दानवीर भामा शाह की जयंती झुमरी तलैया के तिलैया बस्ती साहू भवनपिपरा टांड में मनाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किशोर साव, महामंत्री सतेंद्र साव, पिंटू कुमार साव, अनिल साव, कुलदीप साव, हरिदेव साव, भुनेश्वर साव, पंकज साव भोला साव, महेंद्र साव, संजय साव, भीम साव, महावीर साव, धनेश्वर साव, राजू साव, इत्यादि उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि दानवीर भामा शाह ने अपनी पूरी सम्पति राष्ट्र की रक्षा के लिए मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप सिंह को दान में दे दिया था। जब देश नही बचेगा तो संपत्ति की क्या जरूरत, ऐसे दानवीरों से आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

### प्यार में पड़ी तीन बच्चो की मां,प्रेमी संग हुई फरार

**चंदवारा:** तीन बच्चों की मां के अपने प्रेमी संग फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। मामला तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के पिपराडीह गांव का है। महिला के प्रेमी संग फरार होने की लिखित सूचना तिलैया थाना पुलिस को 14 दिन पूर्व दी गयी थी। तिलैया थाना पुलिस के द्वारा 14 दिनों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद पति रामजी राणा ने 29 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कोडरमा को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में रामजी राणा ने कहा है कि उनका विवाह 2009 में बसंती देवी पिता रामेश्वर राणा ग्राम बसरिया, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग के साथ हुई थी। विवाह उपरांत उससे दो लड़की एवं एक लड़का जो क्रमशः 12 वर्ष, 9 वर्ष एवं 6 वर्ष के है। इसके बाद मेरे ही गांव के पवन यादव (23, पिता अर्जुन यादव) मेरी पत्नी बसंती देवी को अपने प्रेम जाल में फंसा कर 29 नवम्बर 2022 को लेकर फरार हो गया। खोजबीन करने पर पांच दिन बाद बसंती देवी को पवन यादव महतो आहर के निकट छोड़ कर भाग गया। उसी दिन पवन यादव उन्हे फोन कर जान से मारने की धमकी दिया। उनके गांव में सामाजिक रूप से बैठक हुआ और मामला को दबा दिया गया। उनकी पत्नी बसंती देवी गलती स्वीकार कर माफी मांगी और पुनः ऐसी गलती नहीं करने की बात कह कर उनके साथ रहने लगी।

## न्यूज फटाफट

### जमान के विशाल शतक से जीता पाकिस्तान



**रावलपिंडी :** सलामी बल्लेबाज फखर जमान (180 नाबाद) के विशाल शतक के दम पर पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। न्यूजीलैंड ने शनिवार को खेले गये मैच में पाकिस्तान के सामने 337 रन का विशालकाय लक्ष्य रखा, लेकिन जमान के शतक ने पाकिस्तान को 48.2 ओवर में ही जीत दिला दी। न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज विल यंग (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन चैड बोवेस, डैरिल मिचेल और टॉम लैथम की शानदार बल्लेबाजी करके मेहमान टीम को 300 रन के पार पहुंचाया। बोवेस न 51 गेंद पर सात चौकों की मदद से 51 रन बनाकर न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी, जबकि मिचेल ने लगातार दूसरा शतक जड़ते हुए 119 गेंद पर आठ चौकों और तीन छक्कों सहित 129 रन बनाये। लैथम ने मिचेल के साथ 183 रन की विशाल साझेदारी की लेकिन वह अपने शतक से दो रन दूर रह गये। लैथम ने 85 गेंद पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 98 रन बनाये। जेम्स नीशन 15 गेंद में 17 रन का योगदान देकर न्यूजीलैंड को 50 ओवर में 336/5 के स्कोर तक पहुंचाया। जमान की बल्लेबाजी के आगे हालांकि न्यूजीलैंड इस स्कोर को नहीं बचा सके। उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में लगातार तीसरा शतक जड़ते हुए 144 गेंद पर 17 चौके और छह छक्के जड़कर 180 रन की नाबाद पारी खेली। जमान को दूसरे छोर से भी लगातार साथ मिला। उन्होंने इमाम उल हक ((26 गेंद, 24 रन) के साथ पहले विकेट के लिये 66 रन की साझेदारी की। इसके बाद कप्तान बाबर आज़म ने 66 गेंद पर 65 रन बनाकर जमान के साथ दूसरे विकेट के लिये 135 रन जोड़े। बाबर का विकेट गिरने के बाद अब्दुल्लाह शफीक (सात) भी छोटे स्कोर पर पवेलियन लौट गये, लेकिन मोहम्मद रिजवान ने अर्द्धशतक जड़ते हुए जमान के साथ 119 रन की साझेदारी की जो पाकिस्तान को जीत दिलाने के लिये काफी था। रिजवान ने 41 गेंद पर छह चौकों की मदद से 54 रन की नाबाद पारी खेली और अब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान के लिये सर्वाधिक अर्द्धशतक (42) जड़ने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गये हैं। सीरीज का तीसरा मैच कराची के नेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा।

आईपीएल

आईपीएल सीजन में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सके हैं, लेकिन

# भारतीय युवा बल्लेबाजों पर भरोसा रखना जरूरी : मार्श



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स के भारतीय युवा खिलाड़ी भले ही इस आईपीएल सीजन में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सके हैं, लेकिन हरफनमौला मिचेल मार्श का कहना है कि टीम प्रबंधन उनका समर्थन करना चाहता है। कैपिटल्स को शनिवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों नौ रन की हार का सामना करना पड़ा। यह आठ मैचों में कैपिटल्स की छठी हार है। कैपिटल्स ने 198 रन का पीछा करते हुए 11 ओवर में 110 रन बना लिये थे, लेकिन फिल सॉल्ट (35 गेंद, 59 रन) और मिचेल मार्श (39 गेंद, 63 रन) के आउट होते ही मैच का रुख पलट गया। भारतीय युवाओं से सजा कैपिटल्स का मध्यक्रम असफल रहा और टीम 20 ओवर में 188/6 के स्कोर तक ही पहुंच सकी। मार्श ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमारे बल्लेबाजी क्रम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं लेकिन उनका समर्थन करना और उनपर भरोसा जताना जरूरी है। उन्हें मैदान पर उतारना और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाना जरूरी है।

मुझे नहीं लगता कि हम उस विशेष कारण से मैच हारे। आज ऐसी कई चीजें थीं जहां हम सुधार कर सकते थे और मैच जीत सकते थे।'' कैपिटल्स ने टॉस हारकर गेंदबाजी करते हुए सनराइजर्स को पावरप्ले में आक्रामक होने का मौका दिया, लेकिन उसके गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में काफी हद तक वापसी की। सनराइजर्स 15 ओवर में 135 रन ही बना सकी थी, लेकिन कैपिटल्स ने अंतिम पांच ओवर में 62 रन लुटाकर विपक्षी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने का मौका दिया। मार्श ने कहा, ''अगर आप हमारे सीजन को देखें तो किसी एक पर इलजाम नहीं लगा सकते। हम कुछ बहुत करीबी मुकाबले हारे। अगर हम वे मुकाबले जीत जाते तो इन चीजों पर बात नहीं कर रहे होते। आईपीएल एक मुश्किल टूर्नामेंट है जहां मुकाबले जीतना मुश्किल है।

दुर्भाग्य से हमें कुछ करीबी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। लेकिन मुझे अभी भी लगता है कि आज के मैच से हम सकारात्मक चीजें लेकर जा सकते हैं। इस विकेट पर 195 (198) रन बनाना मुश्किल ही होने वाला था।'' कैपिटल्स भले ही चार अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर पहुंच गयी, लेकिन सॉल्ट और मार्श की पारियां उनके लिये सकारात्मक साबित हुईं। मार्श ने 39 गेंद पर एक चौके और छह छक्कों के साथ 63 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेलने के अलावा चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट भी लिये। उन्होंने अपने प्रदर्शन पर कहा, ''आज बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देना अच्छा था। टूर्नामेंट में मेरी शुरुआत अच्छी नहीं रही। मैं गेंद और बल्ले दोनों से योगदान नहीं दे सका।

## खेल जगत अपडेट्स >>

### अंतर कॉलेज गतका प्रतियोगिता का आयोजन

**नयी दिल्ली :** श्री गुरु नानक



देव खालसा कॉलेज में जोहर-ए-तेज कार्यक्रम में आयोजित अंतर कॉलेज गतका प्रतियोगिता श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने जीत ली। माता सुंदरी कॉलेज ने दूसरा जबकि श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर 'शास्त्र से शस्त्र' विद्या पर एक दिवसीय सेमिनार का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा किया गया। इसके अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के लगभग 90 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह और विभाग के संयोजक डॉ. राजवंत सिंह ने किया। सेमिनार में इतिहास के प्रसिद्ध चिंतक एवं विद्वान डॉक्टर सुखप्रीत सिंह उढके मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस आयोजन का उद्देश्य गुरु गोविंद सिंह द्वारा दूसरों की आत्मरक्षा के लिये आरंभ किये गये मार्शल आर्ट गतका को आगे बढ़ाना रहा।

### 'खेडां वतन पंजाब दियां' में रग्बी के मुकाबले भी

**चंडीगढ :** पंजाब सरकार में इस साल होने वाली 'खेडां वतन पंजाब दियां' में रग्बी के मुकाबले भी कराए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए रविवार को राज्य के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने अपने सरकारी आवास में इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के प्रधान राहुल बोस के साथ की बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि पहली बार करवाई गई 'खेडां वतन पंजाब दियां' में 30 खेलों के मुकाबले करवाए गए और तीन लाख से अधिक खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इस बार रग्बी खेल को भी शामिल किया जायेगा। हेयर ने कहा कि रग्बी खेल एथलैटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल और हैंडबॉल खेल के मिश्रण वाली है जोकि पंजाबियों के स्वभाव के अनुकूल है। इस खेल में पंजाबियों के बेहतर प्रदर्शन करने की पूरी संभावना है।

# टाइटन्स ने अपने राज्य को दीं गुजरात दिवस की शुभकामनाएं




एजेंसियां

**अहमदाबादः** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात का प्रतिनिधित्व करने वाली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स ने गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर अपने राज्य को बधाई दी। गत चैंपियन टाइटन्स के कोच आशीष नेहरा ने कहा, ''टाइटन्स को दुनिया के अग्रणी टी20 टूर्नामेंट में गुजरात के लोगों का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। गुजरात के लोगों ने पूरे दिल से हमारा समर्थन किया है और हमें मिल रहे प्यार के लिये हम हमेशा आभारी रहे हैं। हम इस खूबसूरत राज्य की स्थापना का जश्न मनाने के लिये एक साथ आते हुए अपने सभी प्रशंसकों को गुजरात दिवस की शुभकामनाएं देते हैं।'' टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा, ''टाटा आईपीएल में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करना मेरे लिये बहुत सम्मान की बात है। जब भी मैं मैदान पर जाता हूं, मैं गुजरात के लोगों की भावना का प्रतिनिधित्व करने का प्रयास करता हूं और उन्हें अपने प्रदर्शन के माध्यम से जश्न मनाने का कारण देता हूं। गुजरात के लोगों ने हमें अपना प्यार और समर्थन देना जारी रखा है जिसे पाकर हम धन्य हैं। हमारे सभी प्रशंसकों और समर्थकों को गुजरात दिवस की शुभकामनाएं।'' गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, ''इस महान अवसर पर हम सभी को गुजरात दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हैं। अहमदाबाद में अपने प्रशंसकों के सामने खेलना कुछ ऐसा है जिसे हम दिल से संजोते हैं। राज्य के लोगों ने हमेशा हमारा खुले हाथों से स्वागत किया है और हम पर अपना प्यार बरसाया है। हम हमेशा उन्हें गौरवान्वित करने का लक्ष्य रखते हैं।'' गुजरात राज्य की स्थापना एक मई 1960 को हुई थी और तब से यह दिन गुजरात स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। टाइटन्स पिछले साल से आईपीएल में इस राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में खिताब भी जीता था। हार्दिक की टीम फिलहाल आठ मैचों में 12 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर कायम है और उनका अगला मुकाबला मंगलवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ है।

खिलाड़ियों और पूर्व प्रशासकों के सम्मान में होगा अनोखा आयोजन

# स्मृति कप क्रिकेट टूनार्मेंट जमशेदपुर में



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** एकीकृत बिहार क्रिकेट संघ 1935 से अब तक जिन क्रिकेट प्रशासकों ने क्रिकेट खेल के विकास के लिए अपना बहुमूल्य योगदान बिहार और झारखंड राज्य के लिए दिया, उन सबों की स्मृति में एक टी २० क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन के लिए खेल के मक्का जमशेदपुर में एक प्रस्तावना पारित की गई है। पांच टीमों को लेकर इस टूनार्मेंट के आयोजन की योजना है। बिहार क्रिकेट संघ की स्थापना 1935 में जमशेदपुर के कुछ क्रिकेट खिलाड़ियों ने मिलकर किया था।आज राज्य विभाजन के बाद यह दो राज्य संघों में विभक्त होकर झारखंड राज्य क्रिकेट संघ जमशेदपुर और बिहार क्रिकेट संघ पटना बन चुका है।इन दोनों राज्य संघों में क्रिकेट के उत्थान और संघ के उद्देश्य स्थापित करने के लिए बहुत सारे पदाधिकारियों ने अपने निजी जीवन के स्वर्णिम काल से कुछ वक्त निकालकर संघ को ऊंचाई तक पहुंचाने का काम किया है। इनके अथक प्रयास और मेहनत से कई प्रतिभावान खिलाड़ियों ने देश और राज्य का नाम रोशन किया है।कई अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी ने खेल से सन्यास लेने के उपरांत प्रशासक की भूमिका बखूबी निभाई है।आज राज्य संघ की स्थापना के ८८ वर्ष हो गए और हम शतक की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में जो आज हमारे बीच नहीं हैं उनकी याद में उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने का यह एक छोटा सा प्रयास है। मैदान की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए मई महीने में इस टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा।इस बाबत जेएससीए और टाटा कम्पनी खेल विभाग को पत्र लिखकर उनसे आयोजन की सफलता के लिए मैदान और आफिशियल्स की मांग की जाएगी। टूनार्मेंट में बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा की टीमों को पत्राचार किया जाएगा। इस आयोजन में पूर्व खिलाड़ी और खेल प्रशासक की भूमिका सुनिश्चित की जाएगी और जल्द ही आयोजन समिति का गठन कर लिया जाएगा। बिहार, झारखंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी को इस मौके पर विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही साथ दूसरे प्रदेश से भी कुछ पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हमारे इस आयोजन में शामिल होकर हमारा मनोबल बढ़ायेंगे।अभी तक जो सहमति प्राप्त हुई है उसमें पूर्व प्रथम श्रेणी खिलाड़ी और खेल प्रशासक श्री नीलकमल, अविनाश कुमार, प्रदीप खन्ना,आदिल हुसैन,जीतू पटेल,उज्वल दास, संजीव सिन्हा, बिनोद खुल्लर, सतीश सिंह, उल्लास शाहने, आदित्य प्रकाश वर्मा,रणधीर बिस्वास,जीपी सरकार,सुधीर सिंह, विनीत मधुकर,उदयभान प्रताप, मोहम्मद मन्नान सिद्दकी, जितेन्द्र कुमार सिंह,राकेश कुमार, सरफराज अहमद,गुरजीत सिंह सोनी,संजय मिश्रा, प्रवीण देवघरिया, विभयनाथ शाहदेव,संजय श्रीवास्तव, आजातशत्रु, हर्ष प्रकाश, नरेश मकानी,शेषनाथ पाठक,पी शशीधरन,दिवाकर सिंह,गुरप्रीत सिंह, नन्दू पटेल, अरुण सूद ,उदय शर्मा, किशन अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह, मोहम्मद चांद,ललन राय,शिवब्रत बनर्जी,दीपक सिन्हा, विवेक गर्ग, मोहम्मद नावेद, मृत्युंजय कुमार,राजु यादव, सुभाष नारायण शाहदेव,अभिषेक राज हेरेंज,मलय कुमार तिवारी,सरोज नाथ महतो,और अन्य ने दी है।

# अभिषेक बच्चन ने दिया करारा जवाब



एजेंसियां

**नई दिल्ली :** अभिषेक बच्चन को सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव देखा जाता है। अभिषेक बच्चन सोशल मीडिया पर अक्सर फैन्स के कमेंट्स का जवाब देते हुए भी दिखते हैं। ऐसा ही एक बार फिर देखने को मिला, जब अभिषेक बच्चन ने पोन्नियिन सेल्वन 2 का रिव्यू शेयर किया। ट्विटर पर फिल्म में ऐश्वर्या के काम की तारीफ करते हुए अभिषेक ने एक ट्वीट किया। इस ट्वीट के जवाब में एक यूजर ने लिखा कि अब अभिषेक आराध्या को देखें और ऐश्वर्या को फिल्में साइन करने दें। यूजर के इस कमेंट का अभिषेक ने ऐसा जवाब दिया, जिसकी तारीफ हर जगह हो रही है।अभिषेक ने पोन्नियिन सेल्वन 2 पर अपने विचार साझा करते हुए ट्वीट किया, शानदार फिल्म है। अपनी फीलिंग्स बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। पूरी टीम ने बढ़िया काम किया है। मुझे अपनी पत्नी पर फक्र है क्योंकि शायद अभी तक का उनका ये सबसे बेहतरीन काम है। अभिषेक के इस ट्वीट पर एक यूजर ने लिखा, आपको गर्व होना भी चाहिए। अब आप उन्हें ज्यादा मूवीज साइन करने दीजिए और आप खुद बेटी आराध्या का ख्याल रखिए ।यूजर के इस कमेंट का जवाब अभिषेक ने अपने स्टाइल में दिया। उन्होंने लिखा, मैं उन्हें साइन करने दूं? सर, उनको मेरी किसी भी चीज में इजाजत की जरूरत नहीं है। खासकर उसमें जो उन्हें करने में अच्छा लगता है। अभिषेक के इस जवाब ने लोगों का दिल जीत लिया है और वे जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'पति हो तो ऐसा'। तो एक ने कहा, 'बहुत सही कहा सर'। एक और ने लिखा, आप दोनों को स्क्रीन पर देखने का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। इस तरह से ट्वीट पर ढेरों रिएक्शन देखने को मिले।

# पवन सिंह का गाना राजा जी के दिलवा रिलीज



एजेंसियां

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का गाना 'राजा जी के दिलवा' रिलीज हो गया है। 'राजा जी के दिलवा' गाना डीआरएस म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। इस गाने में पवन सिंह अभिनेत्री शालनी के साथ खूब मस्ती करते दिख रहे हैं। इस गाने को पवन सिंह और शिवानी सिंह ने गाया है, लिरिक्स आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं और म्यूजिक प्रियांशु सिंह ने दिए हैं। डीआरएस म्यूजिक के संचालक धनंजय सिंह ने कहा कि गाना हरी हरी ओढ़नी के अपार सफलता के बाद पुनः पवन सिंह के आवाज में हमनें राजा जी के दिलवा गाना बनाया है। जिसे श्रोता खूब पसंद कर रहे है।

# भवी मर्चेंट निर्देशित फिल्म में काम करेंगी रानी मुखर्जी!



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी मशहूर कोरियग्राफर वैभवी मर्चेंट निर्देशित फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। रानी मुखर्जी हाल ही में फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में नजर आई थीं। फिल्म में रानी ने एक ऐसी मां की भूमिका निभाई थी, जिनसे उनका बच्चा छिन जाता है। इस फिल्म में रानी मुखर्जी का अभिनय लोगों ने खूब पसंद किया था। बताया जा रहा है कि रानी मुखर्जी ने अपनी अगली फिल्म साइन कर ली है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स के बैनर तले होगा।

# 29 जून 2023 को रिलीज होगी कार्तिक-कियारा की सत्यप्रेम की कथा



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिनेत्री कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' 29 जून को रिलीज होगी। फिल्म सत्यप्रेम की कथा की शूटिंग पूरी हो गयी है। मेकर्स ने कियारा आडवाणी द्वारा निभाई गई कथा के किरदार के रैप-अप की एक तस्वीर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में कियारा और कार्तिक क्रू के साथ नजर आ रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने अपने सोशल मीडिया पर कियारा आडवाणी की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एक अट्रैक्टिव अवतार में देखी जा सकती हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा, ''29 जून 2023 को सिनेमाघरों में इस मैजिक के सामने आने का का इंतजार है। सत्य प्रेम की कथा, साजिद नाडियाडवाला की एनजीई और शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा की नमः पिक्चर्स के सहयोग से बनायी जा रही है। सत्यप्रेम की कथा 29 जून 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### सड़क हादसे में,40 यात्री घायल

**कोठागुडेम :** कोठागुडेम जिले के चुंचुपल्ली मंडल के आनंदखानी क्षेत्र में एक आरटीसी बस के कोयला टिपर से टकरा जाने से कम से कम 40 यात्री घायल हो गये जिनमें से चार की स्थिति गंभीर है। बताया कि यह घटना तब हुई जब आरटीसी की बस भद्राचलम से आंध्र प्रदेश के गुंटूर जा रही थी। उसी समय कोयला टिपर विपरित दिशा से आ रहा था। हादसे के समय बस में 51 यात्री सवार थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एफआईआर के बावजूद ब्रज भूषण का अहंकार दर्शाता है : वडिंग

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने रविवार को कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावूजद भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रज भूषण सिंह का इस्तीफा न देना उनका अहंकार दर्शाता है। वडिंग ने ट्वीट कर कहा कि इसीके साथ यह भारतीय जनता पार्टी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारे का खोखलापन भी सामने लाता है। दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहीं पहलवानों का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि देश का नाम ऊंचा कराने वाली बेटियों को इंसासफ मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब कांग्रेस इंसाफ की इस लड़ाई में पहलवानों के साथ है। पहलवान पिछले रविवार से जंतर मंतर पर धरने पर हैं और उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद ब्रज भूषण सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकियां दर्ज हो चुकी हैं।

### तमिलनाडु में नेवल गार्ड ने की आत्महत्या

**चेन्नई :** भारतीय नौसेना में कार्यरत एक सुरक्षा गार्ड ने रविवार को तमिलनाडु के जिले नागापट्टिनम में अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर की आत्महत्या। पुलिस ने कहा कि उसकी पहचान वेल्लोर जिले के मूल निवासी राजेश के रूप में हुई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आजमगढ़ में भीषण सड़क हादसा,पांच मरे,एक गंभीर

**आजमगढ़ :** आजमगढ़ जिले के अहरौला क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार के ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर स्टोन नंबर 213 के करीब शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे यह हादसा उस समय हुआ जब लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो बांस लदे एक ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गयी। इस हादसे में बोलेरो में सवार तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र लाल ने रविवार को बताया कि हादसे में घायल किरण नामक महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां से वाराणसी स्थित हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### कार के गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम को एक कार के 300 फीट गहरी खाई में गिरने की सूचना मिली थी। कार रियासी से देवीगढ़ जा रही थी। कार में सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान टोटे निवासी मोहन चंद (32) नसीब सिंह (65) और करनाल सिंह (47) के रुप में हुई।

### हिमाचल के कारोबारी से 7 लाख की लूट

**यमुना नगर :** हरियाणा के यमुना नगर में पुलिस की डायल 112 सेवा पर तैनात तीन पुलिसकर्मियों को हिमाचल प्रदेश के एक कारोबारी से सात लाख रुपये लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

---

**सजा**

### सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था विरोधी मत

# यूक्रेन युद्ध की आलोचना करने वाली महिला वकील को आर्थिक जुर्माना

राष्ट्रीय खबर



**तेलिन, एस्टोनिया:** रूस की एक अदालत ने साइबेरियाई शहर की एक महिला को यूक्रेन में युद्ध की निंदा करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट के लिए दोषी ठहराया और शुक्रवार को उसे भारी जुमार्ना लगाया, भले ही उसने और अभियोजन पक्ष ने जेल की सजा की मांग की थी। मरीना नोविकोवा, एक 65 वर्षीय वकील, को रूसी सेना के बारे में झूठी जानकारी फैलाने का दोषी पाया गया था, जिसे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा 14 महीने से अधिक समय पहले यूक्रेन में सेना भेजने के बाद एक आपराधिक अपराध बना दिया गया था। मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर नोविकोवा के पोस्ट ने आक्रमण की निंदा की और रूसी सरकार की आलोचना की। रूसी मानवाधिकार और कानूनी सहायता समूह ने नोविकोवा के गृहनगर सेवरस्क में अदालत ने 1 मिलियन से अधिक रूबल ($ 12,400 से अधिक) का जुमार्ना लगाया, उनके पति एलेक्जेंड्रा गैवरिक के हवाले से कहा। अभियोजकों ने तीन साल की जेल की सजा का अनुरोध किया था। नोविकोवा ने खुद अदालत से विकल्प के बजाय उसे जेल भेजने की गुहार लगाईः कम से कम 700,000 रूबल का जुमार्ना जिसकी कानून ने अनुमति दी। उसने कहा कि उसके पास इतना बड़ा जुमार्ना भरने के लिए पैसे नहीं हैं।

रूसी मीडिया ने अदालत में नोविकोवा के हवाले से कहा, मैं इंसान बने रहने के अधिकार की कीमत चुकाने के लिए तैयार हूं, क्योंकि मैं समझती हूं कि कोई बरी नहीं होगा। आधिकारिक सरकारी आंकड़ों के अनुसार, साइबेरिया के टॉम्स्क प्रांत में, जहां सेवरस्क स्थित है, औसत वेतन 56,000 रूबल है। ओवीडी इंफो, जो ऐसे विरोध प्रदर्शनों पर नजर रखता है और गिरफ़्तारी पर नजर रखता है, ने कहा कि नोविकोवा के खिलाफ मामला नए कानून के तहत शुरू किया गया पहला मामला था जिसने रूसी सेना के बारे में गलत जानकारी फैलाने पर रोक लगा दी थी। लेकिन यूक्रेन पर आक्रमण शुरू होने के बाद से असंतोष पर क्रेमलिन की कार्रवाई के हिस्से के रूप में इस तरह के मुकदमों की संख्या बढ़ गई है। दमन का व्यापक अभियान सोवियत काल से अद्वितीय रहा है। इसने संघर्ष और युद्ध की किसी भी आलोचना पर स्वतंत्र रिपोर्टिंग को प्रभावी ढंग से अपराधी बना दिया है, अधिकारियों ने न केवल प्रमुख विपक्षी आंकड़ों को निशाना बनाया, जिन्हें अंततः कठोर जेल की शर्तें मिलीं, बल्कि ऐसे लोग भी थे जो सरकार विरोधी गतिविधियों के लिए जाने जाते थे। मास्को की एक अदालत ने सोमवार को एक पूर्व पुलिस अधिकारी को फोन पर अपने दोस्तों को यूक्रेन में युद्ध की आलोचना करने के लिए सार्वजनिक रूप से देश की सेना के बारे में गलत जानकारी फैलाने का दोषी ठहराया।

---

### 'मन की बात' कार्यक्रम ने एक सामाजिक क्रांति का किया शंखनादः शिवराज



एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम ने एक सामाजिक क्रांति का शंखनाद किया है। चौहान ने यहां प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिसोड पूरे होने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मन की बात देश के जन-जन की बात है। यह एक सामाजिक आंदोलन और जनक्रांति बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात के माध्यम से बेहतर कार्य करने वाले अलग-अलग लोगों को समाज के सामने लाने का मौका मिलता है।

---

## जम्मू-कश्मीर में मई के पहले सप्ताह में मौसम खराब होने के आसार



एजेंसियां

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में मई के पहले सप्ताह में मौसम के खराब रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि आज कुछ स्थानों पर शाम को हल्की बारिश होने के आसार हैं। वहीं एक मई को प्रतिशत संभावना के साथ कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश का संक्षिप्त दौर अपराह्न में या शाम को शुरू होने की 60 प्रतिशत संभावना है। इसके अलावा दो मई से तीन मई तक व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश, कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना है, जबकि हल्की बर्फबारी के भी आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में दो मई से सात मई तक मौसम के अनियमित रहने की संभावना है। वर्तमान में प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में तेज धूप खिली है और अधिकांश स्थानों पर मौसम मुख्य रूप से साफ है। पर्यटकों को श्रीनगर में बुलेवार्ड रोड पर डल झील के किनारे धूप सेंकते देखा गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे एक दिन पहले यहां न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। श्रीनगर के लिए यह सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। काजीगुंड में पिछली रात के 7.2 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहह कश्मीर के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले काजीगुंड के लिए सामान्य है।

---

## देश में कोरोना संक्रमण से 16 और मरीजों की मौत



एजेंसियां

**नयी दिल्लीः** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 5874 मामले सामने आए और इसी अवधि में 16 मरीजों की मौत हुई। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 3,167 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,66,66,261 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में 3,137 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए और इसके बाद सक्रिय मामले घटकर 49,015 रह गयी है। देश में मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,533 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 8148 बढ़कर 4,43,64,841 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान ओडिशा में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 108 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल में 116, हिमाचल प्रदेश में 49, छत्तीसगढ़ में 46, जम्मू-कश्मीर में 11, मेघालय में एक, मिजोरम में छह और अरुणाचल प्रदेश में छह मामले बढ़े हैं। इसके अलावा हरियाणा में दो, कर्नाटका में दो, नागालैंड में दो, पुड्डुचेरी में सात, और त्रिपुरा में सात मामले बढ़े हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में केरल में सबसे ज्यादा 688 कोरोना मामलों में गिरावट दर्ज की गयी है। इसी अवधि में महाराष्ट्र में 638, दिल्ली में 413, उत्तर प्रदेश में 258, पंजाब में 67, तमिलनाडु में 198, राजस्थान में 193 सहित अन्य राज्यों अंडमान और निकोबार द्वीप, आन्ध्र प्रदेश, चंडीगढ़, गोवा, झारखंड, लद्दाख, मध्यप्रदेश, नागालैंड, पुड्डुचेरी और तेलंगाना में कोरोना के मामलों में कमी आयी है।

---

### उत्तराखंड हाईकोर्ट के स्थानांतरण का रास्ता साफ,केन्द्र ने फंड को भी दी मंजूरी

एजेंसियां

**नैनीतालः** सरोवर नगरी नैनीताल स्थित उत्तराखंड उच्च न्यायालय के स्थानांतरण का रास्ता एकदम साफ हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को इसके स्पष्ट संकेत दिये और कहा कि उच्च न्यायालय के स्थानांतरण के लिये केन्द्र सरकार से धन (फंड) की व्यवस्था भी हो गयी है। धामी आज प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपीसोड में भाग लेने के लिये सरोवर नगरी पधारे थे। उन्होंने जनता के साथ एकाग्रचित्त होकर नैनीताल के डीएसए मैदान में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इसके पश्चात उन्होंने पत्रकारों से हुई संक्षिप्त वार्ता में कहा कि उच्च न्यायालय के स्थानांतरण के मामले में सरकार हाईकोर्ट के मत के साथ है। उन्होंने हाईकोर्ट के स्थानांतरण से इनकार नहीं किया। उन्होंने हालांकि, यह नहीं बताया कि उच्च न्यायालय कौन से स्थान पर स्थानांतरित होगा। उन्होंने साफ कहा कि उच्च न्यायालय के स्थानांतरण को केन्द्र से मंजूरी मिल गयी है और इसके लिये केन्द्र सरकार से फंड की व्यवस्था भी हो गयी है। इससे पहले धामी ने सुबह मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के साथ नाश्ता किया। माना जा रहा है कि इस दौरान उच्च न्यायालय के स्थानांतरण को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश को अभी तक की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। धामी ने पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम की भी प्रशंसा की और कहा कि मन की बात ने जिस प्रकार समाज व देश के लिये काम करने वाले गुमनाम लोगों को पहचान दी है वह तारिफेकाबिल है। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम के सौ एपिसोड सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के लिये प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनायें भी दीं।

---

**अतिक्रमण**

### हाथियों के हमले पर हुए शोध से नई जानकारी मिली

# हाथियों के जंगल का दो तिहाई हमने हड़पा

- इंसानों से सबसे अधिक जमीन हड़पी है
- इसके बाद टकराव और भयानक होगा

राष्ट्रीय खबर



**नई दिल्लीः** भारत में अक्सर ही ग्रामीण इलाकों में लोग, हाथियों के हमले में मारे जा रहे हैं। पहले के मुकाबले गांव में हाथियों का भोजन की तलाश में धावा बोलना भी बढ़ा है। इसके अलावा कई बार रास्ता भटकर अन्यत्र चले जाने की वजह से ही हाथी हिंसक आचरण करने लगते हैं। इस बारे में हुए एक अध्ययन में पाया गया है कि पूरे एशिया में लगभग दो-तिहाई हाथी निवास स्थान खो गए हैं। इसका दूसरा निष्कर्ष यह है कि इंसानों ने अपने लाभ के लिए हाथियों के पारंपरिक इलाकों पर कब्जा कर लिया है, जिससे हाथी परेशान हैं। यह स्थिति सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि सारे एशिया क्षेत्र की है। अध्ययन में पाया गया है कि सैकड़ों वर्षों के वनों की कटाई और कृषि और बुनियादी ढांचे के लिए भूमि के मानव उपयोग में वृद्धि के परिणामस्वरूप हाथियों ने पूरे एशिया में अपने आवास का लगभग दो-तिहाई हिस्सा खो दिया है। एशियाई हाथी, लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध, महाद्वीप में 13 देशों में पाया जाता है, लेकिन उनके वन और घास के मैदानों के आवास 64 प्रतिशत से अधिक - 3.3 मिलियन वर्ग किलोमीटर भूमि के बराबर - वर्ष 1700 के बाद से नष्ट हो गए हैं। जीवविज्ञानी और संरक्षण वैज्ञानिक शरमिन डी सिल्वा के नेतृत्व में कई विशेषज्ञों ने यह शोध किया है। डी सिल्वा कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो के एक प्रोफेसर हैं। टीम ने पाया कि बड़े पैमाने पर आवास के नुकसान ने हाथियों और मनुष्यों के बीच संघर्ष की संभावना को बढ़ा दिया है - एक ऐसी स्थिति जिसे अपरिहार्य नहीं माना जाना चाहिए और जिसे उचित योजना से टाला जा सकता है। डी सिल्वा ने कहा, उनलोगों की चिंता यह है कि हम एक ऐसे चरम बिंदु पर पहुंचने जा रहे हैं जिसमें एक-दूसरे के प्रति आपसी गैर-टकराव की संस्कृतियों को विरोध और हिंसा की संस्कृतियों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है, हमें इस स्थिति को कम करना होगा।

---

## >> न्यूज फटाफट

### बलूचिस्तान में मंकीपॉक्स को लेकर स्कूलों में हाई अलर्ट

**बलूचिस्तान :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंकीपॉक्स के मामले सामने आने के बाद इसके संक्रमण को लेकर स्कूलो को हाई अलर्ट किया गया है। प्रांतीय शिक्षा निदेशालय ने एक अधिसूचना में जिला शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाचार्यों को वायरल संक्रमण (मंकीपॉक्स) के प्रसार पर नियंत्रण के लिए समुचित और त्वरित कार्रवाई तथा निवारक उपाय करने के लिए कहा है। अगर किसी में इसके लक्षण पाए जाते हैं, तो उन्हें किसी अस्पताल से संपर्क करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही ऐसे छात्र या व्यक्ति को दूसरों से दूर रखने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते की शुरुआत में पाकिस्तान में विदेश से देश की यात्रा करने वाले दो लोग मंकीपॉक्स से ग्रसित पाये गये थे। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मंकीपॉक्स के रोगी को सऊदी अरब से निर्वासित किया गया था और 17 अप्रैल को मंकीपॉक्स के लक्षणों के साथ पाकिस्तान में उतरा था। इसी बीच फ्लाइट में उनके साथ बैठे एक अन्य व्यक्ति में भी एमपॉक्स के लक्षण दिखे। इस बीच डब्ल्यूएचओ ने पाकिस्तान को मंकीपॉक्स वायरस से निपटने में सहायता का आश्वासन दिया। संगठन ने एक बयान में कहा कि वह पाकिस्तान की सरकार के साथ मिलकर वायरस के प्रसार की जांच कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने सरकार को विशेष रूप से प्रयोगशाला परीक्षण प्रक्रिया, प्रवेश के बिंदु और परीक्षण किट प्रदान करने में सहायता का आश्वासन दिया है।

### संघर्ष में मरने वाले लोगों की संख्या 528 हुयी

**खार्तूम :** सूडान में सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच घातक संघर्ष में अब तक कम से कम 528 लोगों की मौत हुई है और 4,599 लोग घायल हुए हैं। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्धविराम के विस्तार से पश्चिम दारफुर और राजधानी खार्तूम को छोड़कर देश के अधिकांश राज्यों में अपेक्षाकृत शांति आ गई है। खार्तूम में स्वास्थ्य सेवा केंद्रों की संख्या का विस्तार किया गया है और अस्पतालों के साथ संचार में सुधार किया गया है। मंत्रालय ने आगे कहा कि लोगों को सख्त जरूरत के लिए चिकित्सा आपूर्ति प्रदान करने के लिए मित्र देशों और अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों के कई भागीदारों के साथ व्यवस्था की जा रही है। गौरतलब है कि सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच सशस्त्र संघर्ष तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। दुनिया के अन्य देश संघर्षग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं। हजारों सूडानी सुरक्षा के लिए युद्ध-ग्रस्त देश से भाग रहे हैं।

### फिलीपींस में नाव डूबी,चार लोग लापता

**मनीला :** फिलीपींस में पलावन प्रांत के तुबताहा में रविवार की सुबह एक नौका के डूबने से चार लोग लापता हैं। तट रक्षक ने यह जानकारी दी। कमोडोर अरमांडो बालिलो ने कहा कि नौका ( एम/वाई ड्रीम कीपर) स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह 07 बजे से पहले डूब गई। उन्होंने कहा कि नाव गुरुवार दोपहर सेबू से निकली और शनिवार रात को तुब्बाताहा रीफ्स नेचुरल पार्क पहुंची। उन्होंने बताया ने कहा कि नौका में 15 चालक दल, 12 यात्रियों और पांच गोताखोरों सहित 32 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि 28 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि चार लापता हैं। तुब्बाताहा रीफ्स नेचुरल पार्क एक समुद्री संरक्षित क्षेत्र और विश्व प्रसिद्ध स्कूबा डाइविंग साइट है। यह 1,200 से अधिक समुद्री प्रजातियों का घर है, जिनमें समुद्री घास, शैवाल, कोरल, शार्क, किरणें, मछलियाँ, समुद्री कछुए, समुद्री पक्षी और समुद्री स्तनधारी शामिल हैं।

### आईडीबीआई बैंक का मुनाफा 64 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक लिमिटेड का समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 691 करोड़ रुपये के मुकाबले 64 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 1133 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बैंक ने रविवार को जारी बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में उसे 1133 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2021-22 के 691 करोड़ रुपये की तुलना में 64 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसका परिचालन मुनाफा 1513 करोड़ रुपये के मुकाबले 60 प्रतिशत बढ़कर 2425 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह आलोच्य अवधि में उसका शुद्ध ब्याज आय 2420 करोड़ रुपये की तुलना में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 3280 करोड़ रुपये हो गई। उसकी सकल गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 20.16 प्रतिशत से घटकर 6.38 प्रतिशत रह गई। इसी तरह उसका शुद्ध एनपीए 1.36 प्रतिशत से कम होकर 0.92 प्रतिशत हो गया है। बैंक का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध मुनाफा 49 प्रतिशत बढ़कर 3645 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह आलोच्य अवधि में उसका परिचालन मुनाफा 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 8736 करोड़ रुपये हो गया है। सूरज आईडीबीआई बोर्ड ने आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन 8 वर्षों के बाद के लिए प्रति शेयर एक रुपये लाभांश का प्रस्ताव किया है। बैंक ने 5 साल बाद वित्त वर्ष 2023 के दौरान 42 नई शाखाएं खोली हैं।

### मध्यप्रदेश मे तेज गर्जना के साथ बारिश

**भोपाल :** मौसम के बदले मिजाज के बीच पिछले चौबीस घंटों के दौरान मध्यप्रदेश के अनेक स्थानों पर तेज बारिश हुयी। वहीं राजधानी भोपाल में सुबह धूप खिलने के बाद अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ कुछ देर तेज बारिश हुई, जिससे पूरा शहर तरबतर हो गया। मौमस विज्ञान केन्द्र भोपाल के वैज्ञानिकों के अनुसार राजस्थान के समीप बने पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन के कारण प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। इसका सबसे ज्यादा असर दक्षिण और पश्चिमी मध्यप्रदेश में देखने को मिल रहा है, जहां पिछले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश हुयी है। वहीं राजधानी भोपाल में कल हुयी बारिश के बाद आज सुबह फिर तेज बारिश हुयी। इस बीच सिवनी में सर्वाधिक 57.2 मिलीमीटर (मिमी) वर्षा हुई।

## आज का इतिहास

- 1840 : ब्रिटेन ने पहला आधिकारिक डाक टिकट जारी किया।
- 1857 : स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
- 1856 : जोनास सॉल्क ने पोलियो वैक्सीन आम जनता के लिए उपलब्ध करायी।
- 1886 : अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस या मई दिन मनाने की शुरूआत एक मई से मानी जाती।
- 1908 : प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।
- 1914 : कार निर्माता फोर्ड कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू करने वाली पहली कंपनी बनी।
- 1923 : देश में एक मई को श्रमिक दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत चेन्नई से हुई।
- 1956 : जोनसा साल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध कराई गई।
- 1960 : महाराष्ट्र और गुजरात अलग-अलग राज्य बने।
- 1961 : क्यूबा के प्रधानमंत्री फिदेल कास्त्रो ने क्यूबा को समाजवादी राष्ट्र घोषित कर चुनावी प्रक्रिया को खत्म कर दिया।
- 1972 : देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया गया।
- 1977 : इस्तांबुल के तकसीम स्क्वायर में श्रम दिवस समारोह के दौरान 36 लोगों की मौत हुई।
- 2009 : स्वीडन में समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैध घोषित किया गया।
- 2010 : विश्व एक्सपो शंघाई चीन में आधिकारिक तौर पर प्रारंभ हुआ।
- 2011 : तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने आतंकवादी ओसामा बिन लादेन के मारे जाने की घोषणा की।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची सोमवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
01 : 05: 2023



## वज्रपात की चपेट में आने से चार बच्चों की मौत एक गंभीर

**रांची/साहिबगंज:** रविवार को राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा पंचायत अंतर्गत बाबू टोला गांव में आकाशीय बिजली के गिरने से चार बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि इस घटना में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक की पहचान हुमायूं शेख की एक 7 वर्षीय पुत्र नजरुल शेख व 14 वर्षीय पुत्री आयशा खातून, महबूब शेख की 10 वर्षीय पुत्र तौकीर आलम और अशराफुल शेख की 6 वर्षीय पुत्र जाहिद शेख के रूप में की गई है। वही हुमायूं शेख के पुत्री नशरीना 11 वर्ष गंभीर रूप से घायल है। घायल का इलाज स्थानीय क्लीनिक में चल रहा है। घटना करीब 2 बजे की है ।

**घोटाला** जमीन घोटाला मामले में रांची सदर रजिस्ट्रार से सोमवार को ईडी करेगी पूछताछ

# खुल सकते हैं कई राज

- सरकारी पदाधिकारियों की भूमिका को लेकर ईडी ने अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है
- सदर रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी पूर्व से ही ईडी की रडार पर रहे हैं

राष्ट्रीय खबर




**रांची :** जमीन घोटाला मामले में पहले से ही ईडी के रडार पर रहे रांची के सदर रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी से एजेंसी सोमवार को पूछताछ करेगी। ईडी ने वैभव मणि त्रिपाठी को समन देकर सोमवार को दिन के 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया है। जमीन घोटाला में सरकारी पदाधिकारियों की भूमिका को लेकर ईडी ने अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है। ईडी के रांची जोनल आफिस में सेना जमीन, बजरा के खाता संख्या 140 और चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री के मामले में ईडी रांची के रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी से एक मई यानी कल पूछताछ करेगी।गौरतलब है कि कोलकाता से फर्जी कागजात बनाकर जमीन रजिस्ट्री के मामले में ईडी के जांच में कई तथ्य सामने आए हैं। पूर्व में ईडी ने सेना जमीन समेत अन्य जमीन की रजिस्ट्री में गड़बड़ी के मामले में छवि रंजन से 24 अप्रैल को पूछताछ की थी, इसके बाद उन्हें एक मई को तलब किया था, लेकिन अब ईडी इस मामले में पहले डिप्टी रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी से पूछताछ करेगी।

इसके बाद तत्कालीन डीसी से पूछताछ की जाएगी। यही वजह है की गुरुवार को ईडी ने नए सिरे से समन जारी कर पहले वैभव मणि त्रिपाठी को पूछताछ के लिए बुलाया।पहले से है ईडी के रडार पर: रांची के वर्तमान सदर रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी पूर्व से ही ईडी की रडार पर रहे हैं। पिछले साल नवंबर महीने में पहली बार ईडी की टीम ने वैभव के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद विवादित जमीनों की रजिस्ट्री को लेकर ईडी ने वैभव मणि त्रिपाठी से पूछताछ भी की थी। लेकिन 13 अप्रैल की छापेमारी के बाद जमीन घोटाले में ईडी को नए तथ्य हासिल हुए हैं, इसके बाद ईडी ने नए सिरे से डिप्टी रजिस्ट्रार को समन किया है।

चोरों ने गहने और नगदी समेत लाखों की संपत्ति पर किया हाथ साफ

## रांची में पुलिसवाले के घर में चोरी

- एक घंटे में ही साफ कर डाला घर
- प्रह्लाद ने बताया है कि वे डोरंडा थाना क्षेत्र के साउथ ऑफिस पाड़ा में रहते है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी रांची में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हर दिन किसी ना किसी थाना क्षेत्र में चोरी का कोई ना कोई मामला थाने में रिपोर्ट हो रहे हैं। ताजा मामला एक पुलिस वाले का ही है। रांची ट्रैफिक थाना में पदस्थापित प्रह्लाद महथा के घर में ही अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। एक घंटे में ही साफ कर डाला घर। रांची के डोरंडा थाना में दिए आवेदन में प्रह्लाद ने बताया है कि वे डोरंडा थाना क्षेत्र के साउथ ऑफिस पाड़ा में रहते हैं। 29 अप्रैल की शाम उनकी पत्नी कुछ काम के लिए अपने बच्चों के साथ शाम में छह बजे घर से निकली थी। इस दौरान वे खुद ट्रैफिक अभियान के ड्यूटी पर थे। ठीक एक घंटे के बाद यानी शाम के 7 बजे जब उनकी पत्नी घर पहुंची तो वे चौंक गई। घर के बाहर वाले कमरे का ताला टूटा था और अंदर के कमरों का सारा सामान बिखरा मिला।

कमरे का हाल देख कर यह समझ आ गया कि घर में चोरी हुई है।क्या-क्या हुई चोरी: पुलिसकर्मी महथा के घर चोर मात्र एक घंटे ही रहे, लेकिन इस बीच उन्होंने दो अलमारी तोड़ डाला और उसमें रखे सोने के गहने और नगद ले उड़े। पुलिसकर्मी प्रह्लाद की पत्नी ने बताया कि चोरों के द्वारा घर में रखे सोने की चेन, सोने का झुमका, सोने की नथुनी, कान की बाली, सोने की अंगूठी सहित कई चांदी के गहने की चोरी की गई है। वहीं आलमारी में रखा 1.60 लाख कैश भी चोर अपने साथ ले गए.रेकी कर दे रहे चोरी को अंजाम: दरअसल, राजधानी रांची में कई चोर गिरोह सक्रिय हैं । गिरोह में शामिल अपराधी रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। खासकर बंद घरों को चोर अक्सर निशाना बनाते हैं। पुलिस ने हाल के दिनों में बरियातू और नामकुम इलाके से कुछ चोरों को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन राजधानी में चोरी की घटनाओं पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लग पा रहा है।

## देश का पहला राज्य बना झारखंड जहां 2009 बैच के आईपीएस अफसरों को नहीं मिला प्रमोशन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड पुलिस में ट्रांसफर-पोस्टिंग से लेकर प्रमोशन तक के मामले को लेकर अक्सर विवाद सामने आते रहते हैं। प्रमोशन को लेकर तो इतनी जिच है कि पुलिस विभाग में प्रमोशन के कई मामले कोर्ट में चल रहे हैं।

ताजा प्रमोशन का मामल 2009 बैच के आईपीएस अधिकारियों का है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां अब तक 2009 बैच के आईपीएस को प्रमोशन नहीं मिला है, जबकि देश के दूसरे राज्यों में 2009 बैच के आईपीएस अफसर प्रमोशन पाकर डीआईजी बन चुके हैं।क्या है पूरा मामला: दरअसल, भारतीय पुलिस सेवा के 2009 बैच के आईपीएस अधिकारियों को पूरे देश में एसपी से डीआईजी रैंक में प्रमोशन मिल चुका है, लेकिन झारखंड देश का एकमात्र राज्य है जहां 14 साल की सेवा पूरी कर चुके 2009 बैच के अधिकारियों को एसपी से डीआईजी रैंक में प्रोन्नति नहीं मिली है।

अगर नियम की बात करें तो उन्हें एक जनवरी 2023 से पहले प्रमोशन मिल जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

समय पर प्रमोशन नहीं होने और चार माह की देरी से प्रमोशन के इंतजार में अधिकारियों के वेतन का भी नुकसान हो रहा है।झारखंड के तीन आईपीएस को मिलना है प्रमोशन: झारखंड कैडर के तीन आईपीएस अधिकारी इंद्रजीत महथा, संजय रंजन सिंह और संजीव सिंह का प्रमोशन डीआईजी रैंक में होना है। इंद्रजीत महथा वर्तमान में डीआईजी में प्रोन्नत होने की अर्हता रखने के बाद भी जैप 2 कमांडेंट, संजय रंजन सिंह सीओ मुसाबनी और संजीव सिंह धनबाद एसएसपी के पद पर तैनात हैं। आईपीएस संजय रंजन सिंह तो इसी साल दिसंबर महीने में सेवानिवृत होने वाले हैं। ऐसे में समय पर प्रोन्नति नहीं मिलने का उनको ज्यादा नुकसान हो रहा है। अब प्रमोशन मिलने के बाद भी कुछ ही महीने बतौर डीआईजी रह पाएंगे।

अगर समय पर उन्हें प्रोन्नति का लाभ मिलता तो वह साल भर डीआईजी रैंक में रहते।धनबाद को लेकर चर्चा: प्रमोशन नहीं मिलने को लेकर पुलिस महकमे में कयासों का बाजार गर्म है। हालांकि इस मामले पर खुलकर कोई कुछ बोलना नहीं चाहता है, लेकिन धनबाद एसएसपी के पद को लेकर कई तरह की चचाएं हैं। दरअसल, जिन आईपीएस अधिकारियों को डीआईजी में प्रमोशन मिलना है उनमें पहला नाम धनबाद के वर्तमान एसपी संजीव कुमार का भी है। सूचना के अनुसार अभी तक कोई ऐसा उपयुक्त आईपीएस नहीं मिला है जिसकी पोस्टिंग धनबाद एसएसपी के तौर पर की जा सके। इसी वजह से प्रमोशन का पूरा मामला लटका पड़ा है। हालांकि आपको यह बता दें कि यह पूरी तरह से चचाओं पर आधारित है।

ग्रामीण और आर्मी के बीच नोकझोंक

## एयरपोर्ट के पास सड़क निर्माण को लेकर हंगामा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के पास सड़क निर्माण को लेकर हंगामा हुआ। यहां बन रही सड़क को लेकर ग्रामीण और आर्मी के बीच नोकझोंक देखने को मिली। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर लोगों का हंगामा शांत कराया।देखें वीडियोरांची: राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के पास सड़क निर्माण को लेकर हंगामा हुआ। यहां बन रही सड़क को लेकर ग्रामीण और आर्मी के बीच नोकझोंक देखने को मिली। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर लोगों का हंगामा शांत कराया।

रांची में सेना और ग्रामीणों में नोंकझोंक को लेकर बताया जा रहा है कि विधायक फंड से रांची एयरपोर्ट के हेथू गांव के रास्ते को बनाया जा रहा है। रविवार को सड़क निर्माण के लिए जैसे ही मजदूर पहुंचे तो वहां पर बने आर्मी कैंप के जवानों ने रोड बनाने से मना कर दिया और उन्होंने मजदूरों को काम करने से रोक दिया। इसी को लेकर यहां हंगामा शुरू हो गया।आर्मी के लोगों का कहना है कि गांव जाने वाली मुख्य रास्ते की जमीन सेना की है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग की रिपेयरिंग बहुत जरूरी है। लोगों को प्रवेश करने में काफी दिक्कत होती है कई बार दुर्घटनाएं हुई हैं।आर्मी के जवानों का कहना है कि जब तक सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति नहीं मिलती तब तक निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। इस हंगामे की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार सहित कई पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर फिलहाल शांत कराया गया है।

## उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश व उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश ने बाबा बैद्यनाथ का किया जलार्पण

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** रविवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जितेंद्र कुमार महेश्वरी एवं झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ का पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। प्रशासनिक भवन में तीर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया गया। इसके पश्चात उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एवं झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक बाब बैद्यनाथ का रुद्राभिषेक व जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश जितेंद्र कुमार महेश्वरी एवं झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व बाबा मंदिर का प्रसाद प्रदान किया।इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल उच्च न्यायालय रांची, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय, प्रभारी एसपी नाथू सिंह मीना, बाबा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी दीपांकर चौधरी एवं संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

**बैठक** झारखंड ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है

## हरित हाइड्रोजन मिशन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की बोली

- स्वच्छ ऊर्जा के रूप में, हाइड्रोजन भविष्य है

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हरित हाइड्रोजन का उपयोग करने की इच्छा रखता है और इसने हरित हाइड्रोजन मिशन को बढ़ावा देने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है। यह बात झारखंड के ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने रांची में झारखंड के लिए हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र का विकास पर एक हितधारकों की बैठक के दौरान कही, जो कि ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, झारखंड सरकार और पर्यावरण और केंद्र पर टास्क फोर्स द्वारा आयोजित की गई थी। अविनाश कुमार ने कहा राज्य सरकार राज्य में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और तदनुसार ऊर्जा के स्वच्छ स्त्रोतों को प्राथमिकता दी गई है। स्वच्छ ऊर्जा के रूप में, हाइड्रोजन भविष्य है। भारत और झारखंड में शुद्ध-शून्य महत्वाकांक्षाओं और जलवायु संबंधी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन को अगली बड़ी चीज माना जाता है। नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और नेट-जीरो परिदृश्य के जनादेश के अनुसार, हम राज्य में इसके आर्थिक लाभ और पर्यावरणीय सह-लाभ लाने के लिए राज्य में इसकी विशाल क्षमता की भी खोज कर रहे हैं।

नेट-शून्य परिदृश्यों को प्राप्त करने के लिए, भारत सरकार ने 2022 में एक राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है और बाद में हरित हाइड्रोजन नीति की घोषणा की है। जनादेश के एक भाग के रूप में, झारखंड सरकार ने मार्च 2023 में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन पर एक टास्क फोर्स का गठन किया है, जो हाइड्रोजन ऊर्जा के वर्तमान परिदृश्य, दुनिया भर से सर्वोत्तम प्रथाओं, राज्य के लिए इसकी प्रयोज्यता और उपयुक्तता का आकलन करती है और तदनुसार एक झारखंड में मिशन को लागू करने के लिए रोडमैप बनाया गया है। टास्क फोर्स की अध्यक्षता सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा अधिकारी एके रस्तोगी और इसके मनोनीत सदस्यों में एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के परियोजना और योजना निदेशक बी साईं राम और टाटा स्टील स्थिरता और डीकाबोर्नाइजेशन परियोजना प्रमुख अजीत धनराज कोठारी के साथ ऊर्जा और वन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

रस्तोगी ने कहा कि झारखंड मुख्य रूप से एक औद्योगिक राज्य है जहां लौह-इस्पात, परिवहन वाहन, सीमेंट और अन्य उद्योगों की मजबूत उपस्थिति है। मोटे तौर पर इन क्षेत्रों को डीकाबोर्नाइजेशन प्रक्रिया के संदर्भ में समाप्त करना कठिन माना जाता है, जहां निम्न-कार्बन ऊर्जा और प्रौद्योगिकियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसके लिए तकनीकी ज्ञान, अवसंरचना समर्थन और पारिस्थितिक तंत्र परिवर्तन को प्रस्तुत करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शासनादेशों के अनुसार, टास्क फोर्स ने राज्य में हरित हाइड्रोजन के दोहन के लिए एक कार्य योजना बनाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के आलोक में सूचना का भंडार तैयार करने के लिए प्रमुख हितधारकों के साथ परामर्श और कार्यशालाएं आयोजित करना शुरू कर दिया है। स्वच्छ ऊर्जा के एक रूप के रूप में, हाइड्रोजन को इसके स्त्रोतों के आधार पर ग्रे, काले, नीले और हरे रंग में वर्गीकृत किया गया है। वर्तमान में, भारत में खपत होने वाली सभी हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन से आती है। नीति आयोग और अन्य संस्थानों के अनुमान के मुताबिक, भारत में 2050 तक लगभग 23 मिलियन टन हाइड्रोजन की मांग होगी, जबकि वर्तमान उत्पादन केवल 6.7 मिलियन टन है। हालांकि, 2050 तक, भारत का लगभग 80 प्रतिशत हाइड्रोजन 'हरित' होने का अनुमान है - नवीकरणीय बिजली और इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा उत्पादित होती है।

